सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 26 अक्टूबर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 107, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

आठ कंपनियों की पूंजी 1.55 लाख करोड़ घटी

शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सेंसेक्स की आठ का बाजार पूंजीकरण 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया। } 12

कहीं भी युद्ध होना, हर जगह शांति के लिए खतरा

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि शांति के महत्व पर जोर दिया, जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष जारी है। कही भी युद्ध होना, हर जगह शांति के लिए खतरा है। } 12



दुनिया ने देखी भारतीय वायुसेना की ताकत

पीएम मोदी की उपस्थिति ने बढ़ाया हौसला, वाराणसी को दी गारमेंट फैक्ट्री की सौगात





विशेष संवाददाता

वाराणसी। पूरी दुनिया ने वाराणसी में चल रहे एयर शो के जरिये भारतीय वायु सेना की ताकत देखी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के नमो घाट पहुंचे, जहां उन्होंने भारतीय वायुसेना के एयर शो में आस्था और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखा।

वायुसेना के 94वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस एयर शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी वायुसेना की टोपी पहने और काला चश्मा लगाए नजर आए। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे।

वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि एयर शो के दौरान तीन किरण विमानों ने अंग्रेजी के अक्षर वी के आकार में उड़ान भरते हुए आसमान में तिरंगे के रंगों की छटा बिखेरी। वहीं, ओंकार की आकृति बनाते हुए एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर उड़ान भरी। प्रधानमंत्री मोदी वायुसेना के इस एयर शो के तीसरे और अंतिम दिन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नमो घाट पहुंचे। उनके आगमन पर काशीवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि हवाई प्रदर्शन में सुखोई-30 एमकेआई और स्वदेशी तेजस जैसे ...शेष पृष्ठ 10 पर

आर्थिक मोर्चे पर भी लड़े जा रहे युद्धः पीएम

भुवनेश्वर। बैंकिंग क्षेत्र को साइबर आतंकवादियों से बचाना जरूरी भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि युद्ध अब केवल पारंपरिक तरीकों से नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्थाओं को निशाना बनाकर भी लड़े जा रहे हैं। उन्होंने भारत की बैंकिंग प्रणाली को साइबर आतंकवादियों से बचाने की जरूरत पर जोर दिया। यहां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 169 करोड़ रुपये की लागत से बने डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि इन सुविधाओं से ओडिशा और देश के लोगों को काफी लाभ ...शेष पृष्ठ 10 पर

गारमेंट फैक्ट्री से मिलेगा 1000 महिलाओं को रोजगार

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। हमेशा की तरह इस बार भी उन्होंने काशीवासियों को सौगात दी। पीएम ने गुजरात की कपड़ा निर्माता कंपनी अरविंद लिमिटेड (अरविंद मिल्स) के मिजामुर्राद के खोचवां में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से करीब 7 एकड़ में बने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शुभारंभ किया तथा यहां पर कार्य का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से सीधा संवाद किया। इस प्लांट में स्थानीय ही नहीं, बल्कि पूर्वांचल के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। भर्ती में स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है और 300 से ज्यादा महिलाओं की भर्ती की जा चुकी है, जिन्हें यूनिट में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस यूनिट में कुल 1000 महिलाओं को रोजगार देना प्रस्तावित है। यह पहल उत्तर प्रदेश में कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकोसिस्टम को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने प्लांट के शुभारंभ के पश्चात मिल के पदाधिकारियों से वहां तैयार किए जा रहे कपड़ों, खादी के कपड़ों एवं उनके मटीरियल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपना हुनर-अपनी पहचान के दृष्टिगत प्लांट में कार्यरत महिलाओं से संवाद किया। पीएम ने इन महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों, उनकी चुनौतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अरविन्द मिल्स द्वारा तैयार कपड़ों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अरविंद मिल्स के अधिकारी-कर्मचारी व अन्य अतिथिगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पूर्वांचल में अरविंद मिल्स का यह पहला बड़ा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है। प्लांट शुरू होने के बाद फेस-2 का निर्माण होगा, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। काशी के इस नये प्लांट में स्पोर्टस वियर, ...शेष पृष्ठ 10 पर



मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

सामाजिक समरसता, न्याय एवं मानवता के उद्घोषक आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की पावन जयंती पर आप सभी को हृदय से बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। **महर्षि वाल्मीकि जी केवल भारतीय संस्कृति के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत हैं।** उन्होंने अपनी अमर कृति रामायण के माध्यम से सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का जो संदेश दिया है, वह युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा।

क्रौंच पक्षी के वध से उपजी करुणा महर्षि वाल्मीकि जी के मुख से प्रथम श्लोक के रूप में प्रकट हुई और इसी से रामायण की रचना का मार्ग प्रशस्त हुआ। **भगवान श्रीराम के चरित्र को जीवंत करते हुए उन्होंने ऐसे आदर्श समाज की कल्पना प्रस्तुत की, जिसमें प्रेम, न्याय, समरसता और बंधुत्व सर्वोपरि हों। भगवान श्रीराम ने निषादराज को आत्मीय मित्र बनाया, जिसे वाल्मीकि रामायण में कहा गया है कि 'तत्र राजा गुहो नाम रामस्यात्मसमः सखा।'** यह प्रसंग हमें स्मरण कराता है कि सामाजिक पहचान से ऊपर उठकर आत्मीयता, सम्मान और समानता का भाव ही समाज को जोड़ता है। रामराज्य की परिकल्पना भी प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण पर आधारित है। आज उत्तर प्रदेश सरकार महर्षि वाल्मीकि जी के इन्हीं आदर्शों को आत्मसात कर समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान में जुटी है।

हमारी सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके पावन स्थलों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। चित्रकूट स्थित उनके पावन साधना स्थल के विकास की पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, ताकि श्रद्धालु और युवा पीढ़ी उनके जीवन-दर्शन से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। जहां रामायण की रचना हुई उस बिठूर में भी महर्षि वाल्मीकि आश्रम के पर्यटन विकास एवं संरक्षण के लिए विभिन्न कार्य किए गए।

अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को महर्षि वाल्मीकि जी का नाम दिया जाना उनकी विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान प्रदान करता है। प्रदेश में वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है। साथ ही, हमारी सरकार वंचित एवं पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाओं का मर्म तभी साकार होगा, जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिलें। **इसी भावना से हमारी सरकार ने स्वच्छताकर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। बनटांगिया समाज के गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने के साथ ही मुसहर, कोल, थारू और घुमंतू समुदायों तक आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, वंचित समाज के पात्र परिवारों को भूमिधरी अधिकार प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक जीवन का आधार उपलब्ध कराया जा रहा है।**

महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर मैं आप सभी युवाओं से विशेष रूप से कहना चाहूंगा कि युवा ऊर्जा के प्रेरणा पुंज भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए यह संकल्प लें कि किसी प्रकार का भेदभाव नहीं मानेंगे। जब मन से ऊंच-नीच की दीवारें टूटेंगी, तभी समरस समाज का स्वप्न साकार होगा। जय श्रीराम!

आपका
योगी आदित्यनाथ



समरस यूपी

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

वाल्मीकि जयंती पर बिठूर को योगी देंगे 411 करोड़ का तोहफा

आदिकवि को आज अर्पित करेंगे श्रद्धा-सुमन, वाल्मीकि जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को बिठूर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां वाल्मीकि आश्रम में रामायण पाठ व पूजा में शामिल होंगे। सरकार ने वाल्मीकि जयंती पर 26 अक्टूबर को सरकारी अवकाश की घोषणा की है।

मान्यता है कि इसी आश्रम में महाकाव्य रामायण की रचना हुई और माता सीता को आश्रय मिला था। यहीं भगवान श्रीराम के पुत्रों लव-कुश का जन्म हुआ। मुख्यमंत्री इस अवसर पर बिल्हौर व बिठूर विधानसभा क्षेत्रवासियों को 411 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की विरासत को संरक्षित करने और त्रेता युगीन परंपरा को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ उनसे जुड़े पौराणिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में 'रामायण सर्किट' और 'राम वन-गमन पथ' के तहत अयोध्या, चित्रकूट व इटावा आदि में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। पर्यटन विभाग का महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के कायाकल्प और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं जुटाने पर जोर है। सरकार विभिन्न परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर 'आदिकवि' महर्षि वाल्मीकि की विरासत सहेजने के साथ सांस्कृतिक पर्यटन को भी विस्तार दे रही है। योगी सरकार 26 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती भी मनाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में रामायण से जुड़े अनेक धार्मिक स्थल हैं। प्रदेश सरकार 'रामायण सर्किट' और 'राम वन गमन पथ' के माध्यम से इन स्थलों के संरक्षण, विकास और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। ...शेष पृष्ठ 10 पर

देश को अलगाववाद की आग में झोंकने का रचा जा रहा षड्यंत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी आर्थिक शक्ति का नया अध्याय लिखा है। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है। देश आत्मनिर्भरता, नवाचार तथा विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ 'नए भारत' में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हुई हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि 'नए भारत' में नीति-निर्माण के केंद्र में आम जनता है, गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता है, अंत्योदय आत्मनिर्भरता का आधार है और जनभागीदारी विकास को जन-आंदोलन का रूप दे रही है। आस्था, अस्मिता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण नए भारत में सामाजिक न्याय, नारी सशक्तीकरण, डिजिटल नवाचार और आर्थिक समृद्धि की संभावनाएं साकार हो रही हैं। विकास की यह यात्रा जनाकांक्षाओं को अवसरों में बदलते हुए राष्ट्र की सामर्थ्य को निरंतर विस्तार दे रही है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज जब विश्व के अनेक हिस्से हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे हैं, तब भारत लोकतांत्रिक स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक चेतना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संकीर्ण मानसिकता वाली कुछ राजनीतिक ताकतें सत्ता के स्वार्थ में देश को अस्थिरता, अराजकता और अलगाववाद की भट्टी में झोंकने का षड्यंत्र रच रही हैं। वे राष्ट्रीय हितों को ताक पर रखकर वैश्विक मंचों पर भारत की छवि धूमिल करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद ...शेष पृष्ठ 10 पर

आदि कैलाश परिक्रमा रन अनुशासन का प्रतीक : धामी

पिथौरागढ़ के गुंजी में आदि कैलाश परिक्रमा रन-2.0 के विजेताओं को किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता



पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ जिले के गुंजी में आयोजित आदि कैलाश परिक्रमा रन-2.0 के दौरान अगले वर्ष मई के प्रथम सप्ताह में 100 माइल्स हिमालयन एंड्योरेंस अल्ट्रा रन आयोजित करने की घोषणा की। यह चुनौतीपूर्ण दौड़ माणा पास से शुरू होकर बदरीनाथ और जोशीमठ होते हुए औली तक पहुंचेगी।

इस आयोजन से उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को व्यापक पहचान मिलने के साथ सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। आदि कैलाश परिक्रमा रन-2.0 के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री ने 70 किलोमीटर और 42 किलोमीटर की दौड़ के विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे धावकों के साहस, समर्पण और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि हिमालय की कठिन परिस्थितियों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार अगले वर्ष मई के पहले सप्ताह में प्रस्तावित100 माइल्स हिमालयन एंड्योरेंस अल्ट्रा रन की शुरूआत लगभग 5,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माणा पास से होगी। इसके बाद प्रतिभागी बदरीनाथ और जोशीमठ होते हुए औली तक दौड़ पूरी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां और प्राकृतिक संपदा साहसिक पर्यटन के लिए अनुकूल अवसर उपलब्ध कराती हैं। सरकार इन संभावनाओं को विकसित कर राज्य को ऐसे आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश परिक्रमा रन केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं है, बल्कि यह साहस, अनुशासन और संकल्प का प्रतीक भी है। इस तरह के आयोजन सीमांत क्षेत्रों की विशिष्ट भौगोलिक पहचान और प्राकृतिक सौंदर्य को देश-दुनिया तक पहुंचाने में मदद करते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन का विस्तार केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका लाभ स्थानीय समुदायों तक भी पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से होमस्टे, ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- आईटीआई अलीगंज में 31 को वृहद कैंपस प्लेसमेंट (पृष्ठ-02)
- कौन रहा है आपत्तिजनक पोस्टर लगवा : अखिलेश (पृष्ठ-02)
- एफपीआई ने 48056 करोड़ रुपये निकाले (पृष्ठ-12)
- कच्चा तेल 120 डॉलर के करीब पहुंचने की आशंका (पृष्ठ-12)
- कंपनियों के नतीजों तय करेंगे बाजार की दिशा (पृष्ठ-12)

विशेष ख़बर सीएम योगी के विजन के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे खिलाड़ी

एशियन पैरा गेम्स-2026 में सिमरन ने स्वर्णिम सफलता से बढ़ाया यूपी का गौरव

विशेष संवाददाता





लखनऊ। सीएम योगी के विजन के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के खिलाड़ी नाम रोशन कर रहे हैं। जापान में आयोजित पांचवें एशियन पैरा गेम्स-2026 में गाजियाबाद की पैरा एथलीट एवं अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित सिमरन ने 100 मीटर और 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में हर्ष का माहौल है।

सिमरन वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग में जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के पद पर कार्यरत हैं। सिमरन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर निदेशक पंचायती राज धीरेंद्र सिंह सचान ने उनसे फोन पर वार्ता कर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सिमरन ने अपनी असाधारण प्रतिभा, कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है। उनकी सफलता खिलाड़ियों के साथ-साथ युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। योगी सरकार द्वारा युवाओं को प्रोत्साहन मिलने से वे देश विदेश में भारत का परचम फहरा रहे हैं। सिमरन की यह उपलब्धि बताती है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से किसी भी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। निदेशक पंचायती राज सचान ने सिमरन की उपलब्धि के सम्मान में उनके स्वागत की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिमरन के नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन के अवसर पर उन्हें सम्मानपूर्वक रिसीव किया जाए और भव्य स्वागत के साथ लखनऊ लाया जाए ताकि उनकी उपलब्धि का सम्मान किया जा सके। सिमरन इससे पहले भी अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान आंध्र तट से टकरायेगा

एजेंसी

ओडिशा। बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर एरिया रविवार को चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इसे अर्नब नाम दिया गया है। इसके असर से ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान है।

- तमिलनाडु-पुडुचेरी में तेज बारिश
- ओडिशा के 5 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

आंध्र प्रदेश में 26 से 29 अक्टूबर तक भारी बारिश का अनुमान है। ओडिशा के गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरी जिले में 28 और 29 अक्टूबर को सभी स्कूल-कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद करने के आदेश दिए गए हैं। पुडुचेरी में शनिवार रात से लगातार बारिश हो रही है। वहीं, तमिलनाडु में भारी बारिश के बीच इरोड जिले में रविवार को कोडिवेरी बांध पर लगातार दूसरे दिन पर्यटकों की एंट्री बंद रही। केरल में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड में रेड अलर्ट है। आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट है। छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरलम, कर्नाटक और रायलसीमा में बारिश का ...शेष पृष्ठ 10 पर

एयर शो बना शौर्य व सनातन संस्कृति का संगम

वायुसेना की शक्ति व पराक्रम के साक्षी बने लाखों लोग

विशेष संवाददाता (vol)



- विंग्स ओवर गंगा में वायुसेना की ताकत के साथ विरासत, धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतीकों की झलक
- विशेष फॉर्मेशनों को दिए गए काशी, भगवान शिव, पौराणिक परंपराओं और पवित्र नदियों से जुड़े नाम

वाराणसी। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी के आसमान में रविवार को वायुसेना की शक्ति के साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप भी दिखाई दी। विंग्स ओवर गंगा एयर शो ने भारतीय परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्ररक्षा के संकल्प को एक साथ प्रस्तुत किया। गंगा के ऊपर भारतीय वायुसेना के विमानों की गर्जना के बीच जब ओमकार, रुद्र, भागीरथी, त्रिदेव, महादेव, विश्वनाथ और नीलकंठ जैसे नाम गूंजे, तो काशी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी विशेष पहचान मिली।

भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस प्रदर्शन में विमानों के 25 विशेष फॉर्मेशन तैयार किए गए। इनके नाम काशी की पहचान, धार्मिक मान्यताओं, पौराणिक पात्रों और पवित्र नदियों से प्रेरित थे। इन नामों के पीछे केवल सांस्कृतिक भावनाएं ही नहीं, बल्कि हर फॉर्मेशन का एक विशिष्ट हवाई प्रदर्शन भी था। ओमकार फॉर्मेशन में तीन एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर राष्ट्रीय ध्वज और वायुसेना का ध्वज लेकर उड़े, जबकि गंगा फॉर्मेशन में तीन चेतक हेलीकॉप्टरों से पुष्पवर्षा की गई। भगवान शिव के स्वरूप से प्रेरित रुद्र फॉर्मेशन में सुखोई-30 एमकेआई ने उड़ान भरी। भागीरथी में स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर और अपाचे हेलीकॉप्टर हीरे के आकार की संरचना में उड़े, जबकि त्रिदेव ने भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना के हेलीकॉप्टरों को एक साथ लाकर तीनों सेनाओं के समन्वय का प्रदर्शन किया।

भगवान शिव और काशी की धार्मिक पहचान से जुड़े नामों ने भी आसमान में अलग छाप छोड़ी। कैलाश में चिनूक और एएलएच हेलीकॉप्टर, भैरव में सी-295 और डोर्नियर विमान, त्रिलोचन में एईडब्ल्यूएंडसी विमान के साथ मिग-29, नटराज में नौसेना का पी-8आई और मिराज-2000, तथा महादेव में हवा में ईंधन भरने वाला आईएल-78 विमान तीन मिराज-2000 के साथ शामिल हुआ। विश्वनाथ में तीन सुखोई-30 एमकेआई, पशुपति में चार जगुआर और नीलकंठ में तीन राफेल विमानों ने उड़ान भरी। इस तरह काशी के आराध्य भगवान शिव से जुड़े नाम आधुनिक लड़ाकू विमानों और सैन्य तकनीक के प्रदर्शन के साथ जुड़े दिखाई दिए। एयर शो में क्षेत्रीय और पौराणिक विरासत से जुड़े नाम भी शामिल रहे।

काशी फॉर्मेशन में तीन किरण विमानों ने विजय के प्रतीक वी आकार में उड़ान भरते हुए आसमान में तिरंगे के रंग बिखेरे। वरुण में हेलीकॉप्टरों ने रस्सी के सहारे जवानों को उतारने की क्षमता दिखाई। केदार में राफेल, हनुमान में सुखोई-30 एमकेआई और सारनाथ में ऐतिहासिक हार्वर्ड विमान ने अपने-अपने अंदाज में उड़ान कौशल प्रदर्शित किया। अलकनंदा फॉर्मेशन में चिनूक और एएलएच हेलीकॉप्टरों ने उड़ान भरी, जबकि दशाश्व में सी-17 ग्लोबमास्टर ने नौ हॉक विमानों वाली सूर्यकिरण टीम का नेतृत्व किया।

काशी में रविवार को गंगा के दोनों तटों पर उमड़ी भीड़ का नजारा प्रयागराज के महाकुंभ की याद दिला रहा था। नमो घाट पर आयोजित विंग्स ओवर गंगा एयर शो के अंतिम दिन लोगों का ऐसा हुजूम उमड़ा कि घाटों से लेकर आसपास के मकानों की छतों तक दर्शकों की कतारें नजर आईं। हर कोई आसमान में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों की रफ्तार, रोमांचक करतब और अद्भुत उड़ान का साक्षी बनने के लिए उत्सुक दिखा। गंगा के दोनों किनारों पर दूर-दूर तक तिरंगा थामे लोगों की मौजूदगी ने पूरे क्षेत्र को उत्सव के माहौल में रंग दिया।

भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर तीन दिनों तक आयोजित एयर शो को लेकर काशी में खास उत्साह देखने को मिला। सभी ने गंगा के लहरों के ऊपर गगन में भारतीय वायुसेना के शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन देखा। गंगा के दोनों तटों पर उमड़ी भीड़ किसी विशाल जन समागम से कम नहीं थी। नमो घाट के साथ आसपास के घाटों, सड़कों और मकानों की छतों पर लोग एयर शो देखने के लिए जमा रहे। जहां तक नजर जाती, वहां तक लोगों की भीड़ दिखाई दे रही थी। परिवार के साथ पहुंचे लोगों में विमानों के करतब देखने का खास उत्साह था।

आसमान में लड़ाकू विमानों की गर्जना सुनते ही दर्शकों की निगाहें आसमान की ओर टिक जातीं और रोमांचक करतबों पर लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। बड़ी संख्या में लोग राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथ में लिए हुए थे। तेज धूप और गर्मी भी लोगों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। कोई गमछे से सिर ढककर तो कोई टोपी और छाते के सहारे एयर शो देखने के लिए घाटों पर डटा रहा। लोगों का मकसद एक ही था, गंगा के ऊपर आसमान में भारतीय वायुसेना के अद्भुत प्रदर्शन को अपनी आंखों से देखना। नमो घाट के अलावा सभी घाटों और घरों की छतों से भी लोगों ने विमानों की तेज रफ्तार और हैरतअंगेज कलाबाजियों का आनंद लिया।

पूरे क्षेत्र में उत्साह, रोमांच और देशभक्ति का माहौल दिखाई दिया। इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए योगी सरकार ने सुरक्षा, यातायात और जन सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए थे। ट्रैफिक डायवर्जन, चिकित्सा सेवाएं, ग्रीन कॉरिडोर, पेयजल, मोबाइल शौचालय और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए घाटों को अलग-अलग जोन और सेक्टरों में बांटा गया था। प्रत्येक जोन के लिए प्रवेश मार्ग और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए क्षेत्र को जोन, सेक्टर और सब-सेक्टर में विभाजित करने के साथ अस्थायी थाने भी बनाए गए थे। एयर शो के दौरान संभावित भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए अलग-अलग ट्रैफिक प्लान तैयार किए गए थे। यातायात व्यवस्था को आंतरिक और बाहरी, दो हिस्सों में बांटकर अलग-अलग डायवर्जन, बैरियर और वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी पर्याप्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, ताकि दर्शकों की आवाजाही के साथ शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

भाजपा लखनऊ महानगर में बूथ स्तर तक सुनी गयी मन की बात



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के अंतर्गत रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को महानगर के विभिन्न मंडलों और बूथों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से सुना। प्रदेश कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने सहभागिता की। मध्य विधानसभा स्थित बूथ संख्या 254 भाजपा प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के साथ भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कार्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला, मंत्री राहुल वाल्मीकि और आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मन की बात कार्यक्रम सुना।

कैंट विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 186 पर कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पार्टी कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। वहीं, अलीगंज वार्ड स्थित बूथ संख्या 228 पर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। गोमतीनगर स्थित आवास पर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के बूथ संख्या 256 पर विधायक ओपी श्रीवास्तव और विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान ने मन की बात सुनी। इसके अलावा पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के मंडल चार में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम सुना।

तकनीक के विकास के साथ अपराधी भी खोज रहे नये रास्ते

जांच एजेंसियों को अपराधियों से एक कदम आगे रहने की जरूरत : जस्टिस राजीव सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार टेक-संगम का रविवार को समापन हो गया। समापन सत्र में न्यायपालिका, पुलिस, शिक्षाविदों और तकनीकी विशेषज्ञों ने साइबर अपराध की बदलती चुनौतियों, वैज्ञानिक साक्ष्यों की विश्वसनीयता, डेटा संरक्षण और आधुनिक तकनीकों के प्रभावी इस्तेमाल पर विचार साझा किए। मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के जस्टिस राजीव सिंह ने कहा कि तकनीक के विकास के साथ अपराधी भी अपराध करने के नए रास्ते खोजते हैं। ऐसे में जांच एजेंसियों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों को हमेशा अपराधियों से एक कदम आगे रहने की जरूरत है।

संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने जस्टिस राजीव सिंह को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सेमिनार में योगदान देने वाले प्रमुख प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी नवाचारों को न्यायिक प्रक्रिया और जमीनी पुलिसिंग से जोड़ने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। जस्टिस राजीव सिंह ने कहा कि यूपीएसआईएफएस अब केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि बहुआयामी चिंतन और नवाचार का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। संस्थान का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना उसकी मेहनत और दूरदर्शिता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों को मिल रहे उत्कृष्ट कैंपस प्लेसमेंट और क्वांटम तकनीक तथा फॉरेंसिक विज्ञान जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से प्रशिक्षित विद्यार्थी भविष्य में वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और नई तकनीकों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। जस्टिस राजीव सिंह ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि कानून लागू होने के बावजूद बाजार में उपलब्ध कानूनी व्याख्याओं में व्यावहारिक और सटीक विश्लेषण की कमी है। उन्होंने संस्थान के विशेषज्ञों से संसदीय बहसों, समिति की रिपोर्टों और विशेषज्ञों के विश्लेषण के आधार पर उच्च स्तरीय मानक कमेंट्री तैयार करने का आह्वान किया। ऐसी सामग्री न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उपयोगी मार्गदर्शक बन सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और डिजिटल साक्ष्यों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी अपराध की जांच। प्रयोगशाला के भीतर मानव डीएनए से छेड़छाड़ जैसे संवेदनशील मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने जांच प्रक्रिया में सतर्कता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जरूरत रेखांकित की। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे समाधान विकसित करने की अपील की, जो सुरक्षित समाज के निर्माण और न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायक हों। इस अवसर पर उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सपीरियंस फॉर आईटी-ओटी सिक्योरिटी एंड फॉरेंसिक्स का भी शुभारंभ किया। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध और फॉरेंसिक जांच की चुनौतियां लगातार जटिल हो रही हैं।

केवल सैद्धांतिक ज्ञान से इन चुनौतियों का सामना नहीं किया जा सकता। इसके लिए तकनीकी नवाचारों को जमीनी पुलिसिंग और न्यायालयों की व्यावहारिक जरूरतों से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय अवसर उपलब्ध कराने के साथ पुलिस अधिकारियों को आधुनिक साइबर कानूनों और फॉरेंसिक साक्ष्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दे रहा है।

गोमती स्वच्छता अभियान के 440 रविवार पूरे



- स्वयंसेवकों ने नदी को स्वच्छ रखने की अपील की

लखनऊ। स्वच्छ पर्यावरण सेना, लखनऊ ने गोमती नदी स्वच्छता अभियान के तहत लगातार 440 रविवार सफाई अभियान चलाकर एक और उपलब्धि हासिल की। रविवार सुबह छह से आठ बजे तक हनुमान सेतु के निकट झूलेलाल पार्क स्थित गोमती नदी के अटल घाट पर दर्जनों स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नदी तट से करीब पांच कुंतल पूजन सामग्री, पॉलीथिन और बड़ी संख्या में मूर्तियां एकत्र की गईं। एकत्रित कचरे को निस्तारण के लिए नगर निगम को सौंप दिया गया।

गोमती नदी स्वच्छता अभियान के संयोजक रणजीत के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने दो घंटे तक लगातार श्रमदान किया। अभियान के दौरान नदी तट पर बिखरी पूजन सामग्री और अन्य कचरे को हटाया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों से अपील की कि वे पूजन सामग्री, मूर्तियां और पॉलिथीन नदी में प्रवाहित न करें तथा गोमती को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। अभियान में अर्चना सिंह, विष्णु तिवारी, कृपा शंकर वर्मा, पवन कुमार, विवेक जोशी, नाथ शरण त्रिपाठी, हरिनाम सिंह, रिंकू सिंह, संजय वर्मा, कमलेश चौधरी, मनोज सिंह, दिनेश दत्त पांडेय, परवेश यादव, ललित कश्यप, शिवराज, नैतिक साहू, राजू वर्मा और राम प्रकाश यादव सहित अन्य स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने कहा कि गोमती नदी की स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नियमित जनसहभागिता और जागरूकता से ही नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

यूपी डायलॉग में शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता पर गहन मंथन

- आजमगढ़ में फ्रेंड्स ऑफ यूपी की पहल के तहत संवाद आयोजित
- कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और आर्थिक संभावनाओं पर हुई चर्चा

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश में विकास, सुशासन और युवाओं की भागीदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए रविवार को आजमगढ़ के सिविल लाइंस स्थित होटल गोल्डन फॉर्च्यून में यूपी डायलॉग का आयोजन किया गया। आजमगढ़ राइजिंगः हेरिटेज, एजुकेशन, सिक्योरिटी एंड इकोनॉमिक ग्रोथ विषय पर आयोजित इस संवाद में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। फ्रेंड्स ऑफ यूपी पहल के अंतर्गत फ्रेंड्स ऑफ योगी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिले की सांस्कृतिक विरासत, उच्च शिक्षा, कानून-व्यवस्था, स्थानीय उद्यमिता और आर्थिक विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास, निवेश और महिला सशक्तीकरण से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने आजमगढ़ की स्थानीय क्षमताओं को नए अवसरों से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार, सार्वजनिक नीति, स्टार्टअप और नवाचार क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. ओमकार राय तथा अध्ययन फाउंडेशन फॉर पॉलिसी एंड रिसर्च के सीईओ शशांक शेखर सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार रखे। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल शिक्षा प्रदान करने और डिग्री देने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन की भावना विकसित करना भी जरूरी है। उन्होंने विश्वविद्यालय के इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से युवाओं के नए विचारों को व्यावहारिक रूप देने, स्टार्टअप स्थापित करने और कंपनियां विकसित करने में सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. ओमकार राय ने कहा कि युवाओं को नौकरी तलाशने वाले के साथ-साथ रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी के रूप में भी आगे बढ़ना चाहिए, इसके लिए योगी सरकार ने पर्याप्त अवसर दिए हैं। अध्ययन फाउंडेशन फॉर पॉलिसी एंड रिसर्च के सीईओ शशांक शेखर सिंह ने वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था, औद्योगिक निवेश, स्वास्थ्य सुविधाओं और महिला सशक्तीकरण से जुड़े बदलावों का उल्लेख किया।

किसानों को झूठी दिलासा दे रही भाजपा सरकार

गठबंधन से भाजपा के पेट में दर्द हो रहा : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। इस सरकार ने किसानों से झूठे वादे किये। उन्हें धोखा दिया। भाजपा ने किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया था लेकिन बढ़ती महंगाई में आय आधी भी नहीं रह गयी। खेती-किसानी घाटे का सौदा साबित हो रहा है। खाद, बीज कीटनाशक, डीजल, उर्वरक, सब के दाम बढ़ गये है लेकिन किसान को उसकी फसल की लागत भी नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार में किसान को फसल की बुआई से लेकर बिकने तक हर स्तर पर परेशानी उठाने के साथ नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार किसानों को झूठी दिलासा देती है। पहले किसानों को समय पर खाद, बीज और पानी नहीं मिल रही थी। सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिलती। जब अपनी मेहनत और लागत लगाकर किसान फसल पैदा कर लेता है तो उसकी कीमत नहीं मिलती है। किसानों को धान, आलू, मक्का समेत अन्य फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। धान के किसानों को लागत मूल्य की अपेक्षा प्रतिकुन्तल एक हजार रुपए तक का नुकसान उठा कर बेचना पड़ रहा है। बिचौलिए किसानों से औने-पौने दाम पर धान खरीद कर मुनाफा कमा रहे है। आलू किसानों को कीमत गिरने से भारी नुकसान हो रहा है। किसानों को खरीदार नहीं मिल रहे हैं। सरकार पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट करा रही है। लेकिन उसका मुनाफा गन्ना किसानों को नहीं मिल रहा है। नया पेराई सत्र आ गया है लेकिन कई चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का सैकड़ों करोड़ रुपए बकाया है।



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन से भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। भाजपा इतना डर गयी है कि नकली पोस्टर लगा रही है। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के म्युनिसिपल उच्चाधिकारियों को निलंबित कर देना चाहिए क्योंकि कुछ लोग बिना पैसा जमा किये सरे आम पोस्टर लगवा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। या तो इसका आधार भ्रष्टाचार है या शासन का दबाव। इन अज्ञात पोस्टरों को जब चोरी-छिपे लगाया जाता है तो स्थानीय राजस्व की हानि भी होती है, क्योंकि ऐसे पोस्टर बिना शुल्क के लगाए जाते हैं क्योंकि अगर शुल्क का आधिकारिक रूप से भुगतान किया गया तो भुगतान की रसीद भी काटनी पडेगी, ऐसे में साजिशकर्ता का नाम बाहर आ जाएगा और वो पकड़ा जाएगा। राजस्व की इस हानि का खामियाजा संबद्ध अधिकारियों से भरवाना चाहिए और उनके खिलाफ जाँच बैठाकर निलंबित भी कर देना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि पीडीए सरकार आ रही है अब वही इन भ्रष्ट अधिकारियों का सारा कच्चा-चिट्ठा खोलेगी। ईडी-सीबीआई से लेकर ईओडब्लू तक सबको सक्रिय करके, इन सब भ्रष्ट अधिकारियों का पक्का हिसाब-किताब किया जाएगा।

श्रम संहिताओं व सामाजिक सुरक्षा पर आज से होगा विचार मंथन

लखनऊ। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से 26 और 27 अक्टूबर को लखनऊ में दो दिवसीय राज्य स्तरीय श्रम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन, श्रमिक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और श्रम सुधारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य नियोक्ताओं, उद्योग जगत और संबंधित हितधारकों को नई श्रम संहिताओं के प्रावधानों, उनकी प्रयोज्यता और अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं के प्रति जागरूक करना है।

यह कार्यक्रम देशभर में संचालित 90 दिवसीय श्रम संवाद अभियान का हिस्सा है। 28 सितंबर 2026 को शुरू की गई इस पहल के तहत देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 316 जिलों में जागरूकता एवं क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें औद्योगिक क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रम सुधारों के क्रियान्वयन में व्यावहारिक चुनौतियों का समाधान किया जा सके। कार्यक्रम के पहले दिन श्रम सुधारों पर विचार-विमर्श होगा।

प्रमुख सत्रों में अंतरराष्ट्रीय श्रम गतिशीलता, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों तथा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी पहलों पर चर्चा की जाएगी। उत्तर प्रदेश के श्रम एवं रोजगार मंत्री भी कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे। इसके अलावा कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से संबंधित योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी जाएगी। ई-श्रम, श्रम सुविधा पोर्टल, समाधान और लेबर स्टैक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से श्रमिकों तक कल्याणकारी सुविधाएं पहुंचाने पर भी जोर रहेगा।

साथ ही प्रदेश में अपनाई जा रही बेहतर व्यवस्थाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीतियों पर विचार किया जाएगा। दूसरे दिन का मुख्य विषय श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन और आगे की राह होगा। इस दौरान मजदूरी संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशा संहिता-2020 के तहत वैधानिक अनुपालनों का विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा। इसके साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पर विशेष प्रस्तुतियां होंगी।

वोट की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस तैयार : आराधना मिश्रा

- लोकतंत्र में वोट का अधिकार हर नागरिक को
- वोट बचाओ, देश बचाओ एवं सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा सरदार पटेल संस्थान प्रयागराज में वोट बचाओ, देश बचाओ सामाजिक न्याय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें हजारों किसान, मजदूर और वँचित वर्ग के लोग शामिल हुए।

प्रयागराज की धरती ऐतिहासिक सम्मेलन की गवाह बनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल शामिल हुए। साथ ही उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिन्द, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना ' सीएलपी लीडर वीरेंद्र चौधरी-विधायक, सहप्रभारी वरुण चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, ओबीसी विभाग उप्र के अध्यक्ष मनोज यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लोकतंत्र में वोट का अधिकार हर नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी तमाम सुबूतों के साथ वोट चोरी को लगातार उजागर करते रहे हैं और अब वोट चोरी के आंकड़े देश के अलग अलग प्रदेश से लगातार आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस बीजेपी सरकार वोट चोरी में शामिल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सजा देने के बजाय उनको बचाने के लिए हर प्रयास कर रही है क्योंकि वोट चोरी का पूरा लाभ आरएसएस बीजेपी को ही मिलता है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के हर नागरिक के हक अधिकार के प्रति सचेत है और सड़क पर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के सभी वोटरों से सावधान रहते हुए दिल्ली के रामलीला मैदान में दिनांक 1 नवंबर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील किया। ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अनिल जयहिन्द ने वोट लूट, चुनाव लूट, सरकार लूट और ओबीसी आरक्षण -भागीदारी लूट पर आरएसएस बीजेपी सरकार को चेताया। उन्होंने कहा कि जब तक ओबीसी वर्ग की सही गिनती नहीं होती, उनको आबादी के अनुपात में आरक्षण, नौकरी और संसाधन नहीं मिल जाते तब तक देश में टिकाऊ विकास संभव नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी व्यस्क नागरिक से उसके वोट का अधिकार छीन लेना बिल्कुल ऐसा है जैसा शरीर से प्राण निकाल देना। इसलिए वोट का अधिकार बचाने के लिए उत्तर प्रदेश की जनता को सड़क पर उतरने की अपील किया।

सीएलपी लीडर वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए आजादी की पहली लड़ाई लड़ी और अब राहुल गाँधी जी के नेतृत्व में अब वोट चोरी की तानाशाही आरएसएस बीजेपी की सरकार को सत्ता से बदखल करने के लिए आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

नींबू की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए शोधकताओं ने खोजा प्राकृतिक उपाय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के शोधकर्ता पौधों से प्राप्त आवश्यक तेलों की मदद से नींबू को लंबे समय तक ताजा रखने और कटाई के बाद होने वाली बबार्दी को कम करने की संभावनाओं पर अध्ययन कर रहे हैं।

इस संयुक्त शोध में लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. प्रदीप कुमार और जैव रसायन विभाग की डॉ. मधु कमले के साथ शोधार्थी चिकांशी शर्मा, रितुराज बोरा और पूर्णश्री गोगोई ने भाग लिया। टीम ने नींबू में फफूंद के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए पौधों से प्राप्त तेलों की प्रभावशीलता का अध्ययन किया। नींबू का उपयोग घरों, रेस्तरां और खाद्य उद्योगों में बड़े पैमाने पर किया जाता है। हालांकि, भंडारण और परिवहन के दौरान इनमें हरे रंग की फफूंद लग सकती है।

लौंग और लेमनग्रास के तेल से मिले उत्साहजनक परिणाम : वर्ष 2026 में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, प्रयोगशाला परीक्षणों में दोनों तेलों ने फफूंद की वृद्धि को रोकने में प्रभावी परिणाम दिखाए। शोधकताओं ने इसके बाद प्रयोगशाला में फफूंद के संपर्क में लाए गए नींबुओं पर भी इन तेलों का परीक्षण किया।

परीक्षण के 14 दिनों बाद, लौंग के आवश्यक तेल की 1,500 पीपीएम सांद्रता और लेमनग्रास के आवश्यक तेल की 2,000 पीपीएम सांद्रता से उपचारित नींबुओं में कोई दिखाई देने वाला सड़न का लक्षण नहीं मिला। इस शोध से संकेत मिलता है कि लौंग और लेमनग्रास जैसे पौधों से प्राप्त तेल भविष्य में नींबू को फफूंद से बचाने का एक प्राकृतिक विकल्प बन सकते हैं। यदि व्यावसायिक भंडारण और परिवहन की परिस्थितियों में भी इनके प्रभाव की पुष्टि होती है, तो इनके उपयोग से कई संभावित लाभ मिल सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय का यह शोध वनस्पति विज्ञान, जैव रसायन और अनुप्रयुक्त सूक्ष्मजीव विज्ञान के संयुक्त प्रयास का उदाहरण है।

गो ग्रीन के संकल्प के साथ सड़कों पर उतरीं 110 से अधिक कारें

रोटरी डिस्ट्रिक्ट कार रैली ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली और सतत विकास का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ की ओर से रविवार को जनेश्वर मिश्र पार्क से रोटरी डिस्ट्रिक्ट कार रैली का भव्य आयोजन किया गया।

गो ग्रीन की थीम पर आयोजित इस रैली में 110 से अधिक कारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि 12 विंटेज कारों ने अपनी शानदार मौजूदगी से आयोजन को खास और यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स आलोक कुमार, आईएएस रहे। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पूनम गुलाटी और डिस्ट्रिक्ट रोटरी फाउंडेशन चेयर एवं पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सतपाल गुलाटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। रैली का मुख्य उद्देश्य कार्बन फुटप्रिंट कम करने, प्राकृतिक संस

कचहरी में बुलडोजर कार्रवाई पर बवाल, 100 अवैध चैंबर ढहाये

● जेसीबी के आगे लेटे अधिवक्ता, चैंबर टूटते देख रोई महिला वकील

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ। कैसरबाग स्थित सिविल कोर्ट के आसपास अधिवक्ताओं के चैंबरों और अतिक्रमण के खिलाफ रविवार को नगर निगम की ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ। अपने चैंबर टूटते देख कई महिला अधिवक्ता भावुक होकर रोने लगीं। कार्रवाई रोकने के लिए वकील सड़क पर बोरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। बाद में नारेबाजी करते हुए कुछ अधिवक्ता बुलडोजर के सामने लेट गए और एक मशीन पर चढ़कर विरोध जताया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन विरोध जारी रहा।

नगर निगम और पुलिस-प्रशासन की टीम सुबह करीब 10 बजे कार्रवाई के लिए पहुंची। जोनल अधिकारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि शाम पांच बजे तक चले अभियान में करीब 100 अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए हैं। हालांकि, मौके पर करीब 211 चैंबरों को तोड़ने की योजना के साथ टीम पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान चैंबरों के साथ नाले के किनारे बने कुछ निर्माण भी हटाए गए। मलबा हटाने के लिए जेसीबी, हाइवा और अन्य मशीनें लगाई गई थीं। नगर निगम ने चैंबरों को हटाने के लिए पहले नोटिस जारी किए थे। संबंधित लोगों की ओर से आईं 14 आपत्तियों के निस्तारण का दावा भी अधिकारियों ने किया।

यह कार्रवाई पहले 11 अक्टूबर को प्रस्तावित थी, लेकिन आपत्तियों के निस्तारण और अदालत में अपील लंबित होने के कारण इसे टाल दिया गया था। रविवार को अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट में नगर निगम की कार्रवाई के खिलाफ अपील की, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद ध्वस्तीकरण शुरू हुआ तो विरोध तेज हो गया। इससे पहले 17 मई को भी हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया था। उस दौरान चिह्नित 72 निमार्णों में से 14 हटाए जा सके थे, लेकिन विरोध के चलते कार्रवाई रोकनी पड़ी थी। मई से अगस्त के बीच दो चरणों में 72 अवैध चैंबर हटाए जाने की भी जानकारी दी गई है।

दुकानों पर कार्रवाई को लेकर उठाये सवाल : अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछऐसी संपत्तियों पर भी निशान लगाए गए, जहां निर्माण वैध है। कुछ लोगों ने लाल क्रॉस के निशान को सफेद रंग से मिटाकर संपत्ति का विवरण चस्पा कर दिया। वकीलों ने मांग की कि यदि उनके चैंबर हटाए जा रहे हैं तो सड़क किनारे बनी अन्य दुकानों पर भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर भी नारेबाजी हुई। वहीं, नगर निगम के जोनल अधिकारी ओपी सिंह ने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अदालत के आदेश के तहत की जा रही है। उनके मुताबिक, जिन दुकानों का नगर निगम के रेंट विभाग ने नियमानुसार आवंटन किया है, उन्हें नहीं तोड़ा जा रहा है। गलत नोटिस लगाए जाने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि संबंधित स्थानों पर लोगों ने हाउस टैक्स की रसीदें चस्पा कर रखी थीं। विरोध के दौरान पुलिस और वकीलों के बीच कई बार धक्कामुक्की भी हुई। तनावपूर्ण माहौल के बीच नगर निगम की टीम ने ध्वस्तीकरण और मलबा हटाने की कार्रवाई जारी रखी।

हाईकोर्ट पहुंचा मामला, याचिका लंबित पीआईएल से जुड़ी

● नगर निगम को निर्देश लेने की छूट, आज संबंधित जनहित याचिका के साथ होगी सुनवाई

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अधिवक्ता के चैंबर को ध्वस्त किए जाने के मामले में दाखिल याचिका को पहले से लंबित जनहित याचिका के साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को तय की है। राजेश कुमार दीक्षित ने याचिका दाखिल कर राज्य सरकार और अन्य संबंधित अधिकारियों से उनके चैंबर को ध्वस्त नहीं करने का आदेश देने की मांग की थी। मामले की तात्कालिकता को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर 25 अक्टूबर को विशेष पीठ गठित की गई और शाम 4:45 बजे सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से पेश अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह चौहान ने अदालत को बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत ध्वस्तीकरण दस्ता मौके पर पहुंचा था और कुछ हिस्सा ध्वस्त भी किया गया। हालांकि, बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के एकत्र होकर कार्रवाई का विरोध करने तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए ध्वस्तीकरण रोकना पड़ा।

अदालत को बताया गया कि इसी तरह का मामला पहले से एक जनहित याचिका में विचाराधीन है। इस मामले में 10 सितंबर 2026 के आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसी मुद्दे पर दाखिल एक अन्य याचिका भी 10 अक्टूबर को खारिज हो चुकी है। इस पर पीठ ने परस्पर विरोधी आदेशों से बचने के लिए वर्तमान याचिका को लंबित जनहित याचिका के साथ जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही नगर निगम को मामले में निर्देश प्राप्त करने की छूट दी।

पॉश इलाकों में भी डेंगू का डंक हुआ तेज, 24 में पुष्टि



लखनऊ। डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को 24 नये मरीजों में डेंगू की पुष्टि की गयी। अलीगंज, इंदिरानगर और आलमबाग समेत शहर के कई रिहायशी इलाकों में डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। पॉश कॉलोनियों में भी मच्छरों का प्रकोप लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। घरों के आसपास खाली प्लॉट, गमलों, कूलर और छतों पर जमा पानी मच्छरों के पनपने की वजह बन सकता है। केवल गंदे पानी से ही डेंगू फैलाने वाले मच्छर नहीं पनपते, बल्कि साफ पानी में भी इनके लार्वा विकसित हो सकते हैं। इसलिए घरों और आसपास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकियों और बर्तनों को ढककर रखें। नए मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। शहर के कई इलाकों में जलभराव और मच्छरों की मौजूदगी से संक्रमण का खतरा बना हुआ है। पॉश कॉलोनियों से लेकर दूसरे रिहायशी इलाकों तक लोग डेंगू की चपेट में आ रहे हैं।

गहोई वैश्य समाज का दशहरा मिलन आयोजित



लखनऊ। गहोई वैश्य सेवा समिति का गोमती नगर स्थित एफ्फिल क्लब में दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें मेधावी छात्र एवं वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गतिविधियों और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस दौरान हाईस्कूल व इंटर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों अथवा उनके माता-पिता को अति वरिष्ठ सम्मान से व सौ वर्ष की आयु पूर्ण करने पर शांति गुप्ता को विशिष्ट वरिष्ठ नागरिक सम्मान प्रदान कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गयी। कार्यक्रम में महिलाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया तथा बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और खेल आयोजित किए गए। अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा की सदस्यता के लिए नए पंजीकरण भी किए गए। समाज के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता भावुक ने सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। अर्चना गुप्ता और रश्मि ने मंच संचालन किया। महामंत्री ज्ञानेंद्र कठिल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर वरिष्ठ सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए नई पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

1.91 लाख भवन स्वामियों पर 625 करोड़ का गृहकर बकाया

लखनऊ। नगर निगम ने गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्ती की तैयारी कर ली है। शहर के आठ जोन में 1.91 लाख भवन स्वामियों को शुद्ध डिफॉल्टर घोषित किया गया है। इन पर कुल 625 करोड़ 23 लाख 11 हजार 316 रुपये का गृहकर बकाया है। नगर निगम प्रशासन ने वसूली में तेजी लाने के लिए जोनल अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, वसूली में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय होगी।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय राय ने 22 अक्टूबर को आदेश जारी कर सभी जोनल अधिकारियों को बकाया वसूली तेज करने को कहा है। अधिकारियों को कर अधीक्षकों, राजस्व निरीक्षकों और अन्य वसूलीकर्मियों का न्यूनतम लक्ष्य निर्धारित करने के साथ प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य हासिल करने में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव भी मांगा गया है। जोनवार आंकड़ों के मुताबिक, जोन तीन में 36,829 भवन स्वामियों पर सर्वाधिक 140 करोड़ 66 लाख 93 हजार 421 रुपये बकाया हैं। वहीं, जोन छह में 51,602 भवन स्वामी डिफॉल्टर हैं, जो सभी जोन में सबसे अधिक हैं। इन पर 113 करोड़ 4 लाख 84 हजार 414 रुपये का गृहकर बकाया है। जोन सात में 24,412 भवन स्वामियों पर 47 करोड़ 37 लाख 94 हजार 777 रुपये और जोन आठ में 18,902 भवन स्वामियों पर 61 करोड़ 63 लाख 6 हजार 280 रुपये बकाया हैं।

नगर निगम ने ओटीएस-2026 के तहत भी वसूली का लक्ष्य तय किया है। 15 दिसंबर 2026 तक इस योजना के माध्यम से कम से कम 500 करोड़ 18 लाख 49 हजार 52 रुपये जमा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों को बकायेदारों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने और नियमित समीक्षा के जरिए लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

जल संरक्षण के लिए समाज में अपनत्व जगाना होगा : सुनील

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने कहा कि जल संकट का समाधान केवल सरकारी योजनाओं और तकनीकी उपायों से नहीं, बल्कि समाज की सोच, संस्कार और जीवनशैली में बदलाव से संभव है। जल को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन और संस्कृति का आधार मानते हुए उसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। वह रविवार को लखनऊ स्थित भागीदारी भवन में राष्ट्रधर्म मासिक पत्रिका के विशेषांक जल है तो कल है के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नदियों को मां के समान पूजनीय माना गया है। इस सांस्कृतिक दृष्टि को व्यवहार में उतारकर जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा सकता है। उन्होंने बुंदेलखंड के जखनी और महाराष्ट्र के हिवरे बाजार का उदाहरण देते हुए सामुदायिक सहभागिता से जल संकट दूर करने की आवश्यकता बताई। आम्बेकर ने कहा कि अनियोजित शहरीकरण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से जल संकट बढ़ रहा है। विकास योजनाओं में प्रकृति, पशु-पक्षियों और भावी पीढ़ियों के हितों का ध्यान रखना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों को पुनर्जीवित करने और समाज की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। पद्मश्री डॉ. पोपटराव पवार ने हिवरे बाजार में जल प्रबंधन, फसल नियोजन और सामुदायिक अनुशासन से आए बदलावों की जानकारी दी। राष्ट्रधर्म के संपादक अशोक वाजपेयी ने कहा कि विशेषांक का उद्देश्य जल संरक्षण के पारंपरिक ज्ञान और सफल प्रयासों को व्यापक स्तर पर पहुंचाना है। कार्यक्रम में सुरेश सोनी की पुस्तक हमारी सांस्कृतिक विचारधारा के मूल सूत के सातवें संस्करण का भी विमोचन किया गया। संचालन डॉ. अनुज मिश्रा ने किया और आभार सर्वेशचंद्र द्विवेदी ने व्यक्त किया।

महात्मा फुले फाउंडेशन ने मनायी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। महात्मा फुले फाउंडेशन की ओर से शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर ऑडिटोरियम, लॉ कॉलेज में भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही सभी के लिए समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने की जरूरत है। उन्होंने डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के महान वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति का जीवन सादगी, ज्ञान और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।

मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. कलाम ने अग्नि और पृथ्वी जैसी स्वदेशी मिसाइलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान से रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की क्षमताओं को मजबूती मिली। उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जौनपुर के सांसद और जन अधिकार पार्टी के संस्थापक बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन संघर्ष, मेहनत, शिक्षा और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। उन्होंने वैज्ञानिक विकास में योगदान देने के साथ करोड़ों युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज में समानता, सम्मान और अधिकार होने चाहिए। गरीबों, वंचितों और महिलाओं को आगे बढ़ाना राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी है। उन्होंने लोगों से डॉ. कलाम के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षा के प्रति समर्पण के विचारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस मौके पर अजीत प्रताप कुशवाहा राष्ट्रीय महासचिव, ज्ञान प्रकाश मौर्य राष्ट्रीय महासचिव, प्रहलाद मौर्य जी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, इरफान इरशाद जी राष्ट्रीय महासचिव, डॉ. संतोष लोधी राष्ट्रीय महासचिव, चंद्रसेन पाल प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती राजकुमारी प्रदेश प्रभारी के अन्य लोग मौजूद थे।

आर्थोपेडिक सर्जन पर इलाज में लापरवाही का आरोप

लखनऊ। सरकारी अस्पताल में पुनर्नियुक्त आर्थोपेडिक सर्जन पर बुजुर्ग महिला के हाथ के ऑपरेशन में कोताही का आरोप लगा है। इलाज पर करीब 3 से 3.5 लाख रुपये खर्च होने के बावजूद राहत नहीं मिलने पर परिजनों ने जिलाधिकारी और सीएमओ से शिकायत की है। आलमबाग के सुजानपुरा निवासी प्रीति पांडेय का आरोप है कि 70 वर्षीय मां माधुरी के हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। परिजन उन्हें इलाज के लिए ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय ले गए थे। यहां आथोर्पेडिक सर्जन ने जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी। बेटी का आरोप है कि अप्रैल में डॉक्टर ने निजी अस्पताल में ऑपरेशन किया। इसके बाद सात महीने तक डॉक्टर के निर्देश पर दवाएं, ड्रेसिंग और अन्य इलाज कराया। लेकिन मां की हालत में सुधार नहीं हुआ। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच करायी जाएगी।

बच्चे का पैर अंदर की ओर मुड़ा हो तो घबराने की जरूरत: डा. अजय सिंह

लखनऊ। जन्म के समय बच्चे का पैर अंदर की ओर मुड़ा हो तो घबराने की जरूरत नहीं है। यह क्लबफुट नाम की जन्मजात विकृति हो सकती है। समय पर इलाज मिलने पर पैर को सीधा किया जा सकता है। यह जानकारी केजीएमयू के पीडियाट्रिक आथोर्पैडिक्स विभाग के पूर्व अध्यक्ष व सैफाई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजय सिंह ने दी। रविवार को पीडियाट्रिक आथोर्पैडिक्स विभाग में चौथी क्लबफुट पर कार्यशाला हुई। डॉ. अजय सिंह ने कहा कि टेढ़े पैरों का इलाज समय पर जरूरी है। इस समस्या में केवल पैर सीधा करना ही काफी नहीं है। इलाज के बाद भी नियमित निगरानी जरूरी है। केजीएमयू पीडियाट्रिक आथोर्पैडिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. विकास वर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में बच्चों की हड्डियों से जुड़ी बीमारियों के इलाज की सुविधाएं बढ़ानी चाहिए। आयोजन सचिव डॉ. सुरेश चंद व डॉ. सैयद फैसल अफाक ने कहा कि कुछ बच्चों में एड़ी के पास की कड़ी नस को छोटा-सा चीरा लगाकर ढीला करना पड़ सकता है।

चिकित्सा शिविर में मरीजों को मिला उपचार

लखनऊ। सुभाष मार्ग स्थित हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज में रविवार निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सौ से अधिक मरीजों को उपचार मिला। शिविर में केजीएमयू के पल्मोनरी विभाग से लेकर आयुर्वेद, होम्योपैथ और न्यूरोथैरेपी तक के विशेषज्ञ एक ही जगह पर मरीजों को बिना किसी फीस के परामर्श दिया। आयोजकों में हरी जीवन रस्तोगी, लोकेश रस्तोगी और सचिन रस्तोगी ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले शिविर में सौ से अधिक मरीज देखे गये। 13 मरीजों ने ईसीजी और 28 मरीजों की खून से संबंधित जांचें की गयीं। शिविर में हड्डी रोग के लिए प्रसिद्ध डॉ. देवर्षि रस्तोगी और स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. शशांक सिंह, श्वास, दमा और टीबी के लिए केजीएमयू के रेस्पिरेटरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्यकांत और उनकी पूरी टीम मौजूद रही तो हृदय रोग के लिए डॉ. राजीव रस्तोगी, घुटना और जोड़ों के दर्द के लिए आयुर्वेद से डॉ. संजीव रस्तोगी ने मरीजों को देखा।



युवक की पिटाई, चार के विरुद्ध मुकदमा

लखनऊ। नगराम कस्बे के भाटन टोला निवासी एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर नगराम पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम कस्बा के भाटन टोला निवासी अंकुल वर्मा ने नगराम थाने में की गई शिकायत में बताया कि 16 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे रामलीला मैदान में विपक्षियों ने उनके साथ गाली-गलौज की, विरोध करने पर लाठी-डंडों व कुर्सियों से मारपीट की गई। थानाध्यक्ष नगराम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा रविवार के दिन दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी शिवकुमार, छोटू, ज्ञानवती व सनी सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पत्नी व बेटी को बंधक बनाने का आरोप

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र में पत्नी व डेढ़ वर्षीय पुत्री को बंधक बनाए जाने कामामला प्रकाश में आया है। यह सब सोशल मीडिया पर वीडियो के माध्यम से थाना मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम कनार निवासी समीर द्वारा अपनी पत्नी एवं डेढ़ वर्षीय पुत्री के लापता होने तथा जनपद प्रतापगढ़ के चिलबिला में उन्हें बंधक बनाकर रखे जाने के संबंध में सूचना प्रसारित की गई, समीर की सास द्वारा वीडियो में बताया गया कि उनकी पुत्री ने शैलेन्द्र गौतम के मोबाइल फोन से संपर्क कर वापस आने की इच्छा व्यक्त की है। सूचना के क्रम में थाना मलिहाबाद पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच की गई।

होटल मालिक व उसके भाई ने की ग्राहक से गाली-गलौज

लखनऊ। चौक सब्जी मंडी स्थित इदरीस बिरयानी होटल के संचालक अबू हमजा व उसके भाई हमजा के खिलाफ ग्राहक से अभद्रता व गाली-गलौज का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित ने चौक कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि वह गाय के मांस की नहारी बनाकर बेचता है, जब उससे पूछा तो दोनों भाई भड़क गए और गाली-गलौज कर धमकी देने लगे। उनका कहना है कि हमारी पहुंच बहुत ऊपर तक है, जो करना हो कर लो।



पीड़ित जाहिद हुसैन नकवी निवासी ई-701 शालीमार गैलेंट विज्ञानपुरी रोड अलीगंज का कहना है कि उनका नया होटल क्षेत्र के लिए मुसीबत बन गया है, हर समय रास्ता जाम रहता है। होटल आने वाले लोगों के वाहन बाहर सड़क पर खड़े हो रहे हैं। होटल की यह अवैध बिल्डिंग एक हजार स्कवायर फिट पर बनी है। इसमें भूमिगत, भूतल व तीन मंजिल तक अवैध रूप से निर्माण कराया गया है। इलाके के लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां देर रात 2: 00 बजे तक भारी भीड़ रहती है। इमारत में आग लग जाए तो आग बुझाने का कोई इन्तजामन हीं किया गया है। ना उनके पास एलडीए से पास नक्शा है और ना ही फायर विभाग की एनओसी है।

श्रद्धा दुबे ने की जेल में भी वीआईपी ट्रीटमेंट शुगर फ्री ब्लैक कॉफी की मांग

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की हत्या के आरोप में बहन रश्मि व ड्राइवर दानिश के साथ जिला कारागार में निरुद्ध श्रद्धा दुबे जेल में भी वीआईपी ट्रीटमेंट मांग रही है। श्रद्धा दुबे ने रविवार को सुबह शूगर फ्री ब्लैक कॉफी की डिमांड की, जिसे पूरा नहीं किया गया।

मॉडल श्रद्धा दुबे ने 45-45 महिलाओं वाली बैरक में बहन रश्मि के साथ शिफ्ट की गई है। श्रद्धा ने लगातार सफर और थकान का हवाला देते हुए चाय की जगह जेल में ब्लैक कॉफी पीने की इच्छा जताई, जिसे जेल प्रशासन ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि जेल मेन्युअल के मुताबिक ही चीजें मिलेंगी। श्रद्धा और रश्मि को जेल में आम कैदियों की तरह ही जेल प्रशासन के नियमों और दिनचर्या के हिसाब से रहना पड़ेगा।

क्वारंटीन बैरक के बाद आम महिला कैदियों के साथ शिफ्ट की गईं दोनों बहनें श्रद्धा और रश्मि दुबे दूसरे दिन जेल में काफी बेचैन नजर आईं। दोनों आपस में काफी देर तक बातचीत करती रहीं, लेकिन उन्होंने किसी दूसरे कैदी से कोई बात नहीं की। लक्जरी कारों में घूमने और पांच सितारा होटल में खाने और सोने वाली श्रद्धा दुबे और उसकी बहन रश्मि दुबे के साथ ड्राइवर दानिश उर्फ तनवीर का ठिकाना अब गोसाईगंज का जिला कारागार



है। गुरुवार को जेल भेजे जाने और एक दिन क्वारंटाइन में बिताने के बाद शुक्रवार को दोनों बहनों को 45 महिला कैदियों वाली सामान्य बैरक में शिफ्ट किया गया है। जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी ने बताया कि श्रद्धा सामान्य बंदियों की तरह जेल में रह रही है। जेल में अब श्रद्धा, उसकी बहन व चालक को दूसरे बंदियों की तरह तय नियमों के अनुसार ही रहना होगा। तीनों को कड़ी निगरानी में रखा गया है।

पुलिस वेरिफिकेशन कराये बिना नहीं हो सकेगी श्रद्धा से मुलाकात : जिला जेल में बंद शिवा शर्मा की हत्या की मुख्य आरोपित श्रद्धा दुबे से मुलाकात आसान नहीं होगी। जेल प्रशासन ने नियम कड़े कर दिए हैं। अब बिना पुलिस वेरिफिकेशन के श्रद्धा से कोई भी मुलाकात नहीं कर सकेगा। जेल प्रशासन के अनुसार, श्रद्धा से मिलने आने वाले हर व्यक्ति का पहले पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा।

तालाब में डूबने से मासूम की मौत

लखनऊ। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के टंट का पुरवा मजरा गौरियाकला में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। सरकारी तालाब के गड्ढे में भरे पानी में डूबने से 9 साल के मासूम अंकुश की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों और बहन के साथ नहाने गया था। हादसे के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, टंट का पुरवा मजरा निवासी सतीश कुमार का 9 वर्षीय बेटा अंकुश रविवार सुबह अपने दोस्तों आर्यन (7), आलोक (8) और बहन अनुष्का (10) के साथ गांव के सरकारी तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे गड्ढे में चला गया। साथ रहे बच्चों ने बचाने की कोशिश की और शोर मचाया, लेकिन जब तक गांव वाले पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

हत्याभियुक्त चाचा गिरफ्तार

लखनऊ। महिगवां पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन पुत्र स्व. त्रियुगी नारायन मिश्रा निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा, थाना महिगवां को समय उसके घर ग्राम शुक्लनपुरवा से गिरफ्तार कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि 20 अक्टूबर को गरिमा मिश्रा पत्नी दिव्यांशु मिश्रा उर्फ शुभम निवासी प्रीतीनगर डुडौली, थाना मड़ियांव, जनपद लखनऊ द्वारा थाना महिगवां पर लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि 19 अक्टूबर को ग्राम शुक्लनपुरवा में उसके पति दिव्यांशु मिश्रा उर्फ शुभम के सगे चाचा अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन द्वारा गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार तबली से उनके सिर पर हमला कर दिया गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में शंकरखेड़ा निवासी अर्जुन (22) ने शनिवार देर शाम घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब 12 साल पहले पिता बब्लू की मृत्यु के बाद से वह दादी बाबा के पास रहता था। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम दादी जानवरों लिए भूसा लेने घर के बगल में बनी कोठरी में गई तो उसने अर्जुन को साड़ी के फंदे पर लटकता पाया, जिसके बाद उसने शोर मचाया। बाबा रामगुलाम मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पिता की मृत्यु के बाद अर्जुन दादा-दादी के साथ रह रहा था।

वेयरहाउस निर्माण की मंजूरी दिलाने के नाम पर ढाई करोड़ की ठगी, दंपती गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। केंद्रीय भंडारण निगम के चेयरमैन से अच्छी पहचान बताकर केंद्रीय भंडारण निगम से वेयरहाउस निर्माण की मंजूरी दिलाने के नाम पर ढाई करोड़ की ठगी करने वाले दंपती को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शशांक पांडेय ने खुद को दिल्ली में तैनात आईएएस अधिकारी का भाई बताकर विनोद सिंह को झांसे में लिया। उसने दावा किया कि उसके आईएएस भाई की उनकी मदद से वेयरहाउस की मंजूरी आसानी से मिल जाएगी। इसके बाद उसने मंजूरी दिलाने के नाम पर रुपए ले लिए। चार-पांच महीने तक मंजूरी नहीं मिली तो विनोद को शक हुआ। आरोपियों ने 2 जून 2026 को एफसीआई के लेटरपैड पर फर्जी एनओसी भी भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने शशांक पांडेय और सौम्या पांडेय को गिरफ्तार किया है। दोनों पैसे लेने के बाद से फरार हो गए थे।

बताते हैं कि जनपद सुल्तानपुर निवासी विनोद सिंह हजरतगंज स्थित हेरिटेज अपार्टमेंट में रहते हैं। इसी अपार्टमेंट के सातवें तल पर फ्लैट नंबर 7003 में शशांक पांडेय अपने परिवार के साथ किराए पर रहता था। दोनों के एक ही जिले का होने के कारण पारिवारिक संबंध बन गए थे।

ढाई करोड़ देने पर जल्द मंजूरी का दिया भरोसा : शशांक ने विनोद को बताया कि दिल्ली में उसका भाई आईएएस अधिकारी है और प्रधानमंत्री कार्यालय में तैनात है। उसने यह भी दावा किया कि उसके भाई ने अपनी पैरवी से केंद्रीय भंडारण निगम के चेयरमैन आशुतोष अग्निहोत्री को पद दिलवाया है।

फर्जी एनओसी से खुला जालसाजी का खेल : विनोद के अनुसार, चार-पांच महीने बीतने के बाद भी मंजूरी नहीं मिली। आरोप है कि 2 जून 2026 को शशांक ने उनके वॉट्सऐप पर सीडब्ल्यूसी के लेटरपैड पर एक एनओसी भेजा। पत्र की वैधता पर संदेह होने पर विनोद ने अपने मित्र अरविंद सिंह को सीडब्ल्यूसी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय भेजा। 3 जून को अरविंद ने निगम से मुलाकात कर पत्र दिखाया। आरोप है कि अधिकारी ने पत्र को फर्जी और कूटरचित बताते हुए कहा कि निगम इस तरह के पत्र जारी नहीं करता। इसके बाद विनोद ने शशांक व पत्नी को फर्जी एनओसी के बारे में बताया और दो दिन के भीतर पैसे लौटाने को कहा। उसके बाद विनोद ने शशांक और उसकी पत्नी पर धोखाधड़ी, विश्वासघात और रुपए हड़पने का आरोप लगाया।

मुकदमे की पैरवी कर रहे पिता को जान से मारने की धमकी

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार भदरुख में रहने वाले व्यक्ति ने बेटे की हत्या के मुकदमे की पैरवी बंद करने और हाईकोर्ट में दाखिल अपील वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी मिलने का आरोप लगा पुलिस के उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत दी। एसीपी कैंट के आदेश पर शनिवार मुकदमा दर्ज कर आशियाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार भदरुख में रहने वाले अशोक कुमार शुक्ला के अनुसार वर्ष 2016 में उनके बेटे की हत्या कर दी गई थी। मुकदमे में वह वादी हैं और मुकदमे की पैरवी कर रहे हैं। आरोप है कि 3 व 4 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक महिला का व्हाट्सऐप काल आया। महिला ने खुद को विपक्षी का अधिवक्ता बता अपना परिचय साक्षी शुक्ला के रूप में देते हुए अन्नू द्विवेदी उर्फ शिवम और सुजल सिंह के मुकदमे की पैरवी बंद करने के साथ ही नवीन चंद्र द्विवेदी की क्रिमिनल अपील वापस लेने के बदले रुपये देने की पेशकश की। पीड़ित के इनकार पर महिला अधिवक्ता ने बेटे की तरह ही उनकी भी हत्या होने की धमकी दी। घबराए पीड़ित ने 6 अ

खीर खाकर भक्तों ने पाया आशीर्वाद, मां लक्ष्मी को किया प्रसन्न

शरद पूर्णिमा पर गोमती आरती संग हुआ पंच मेल, खीर प्रसाद का वितरण, घरों व मंदिरों में हुए कई अनुष्ठान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शरद पूर्णिमा पर रविवार को लोगों ने घरों में चावल की खीर चांदनी के नीचे अमृत आशीर्वाद के लिए रखी। वहीं, बंगाली समाज में यह दिन लक्ष्मी पूजन के रूप में मनाया गया। राजधानी के बंगाली क्लब, रविन्द्रपल्ली, कैण्टोमेन्ट दुर्गापूजा, गोमती नगर, कालीबाड़ी जोगिन्दर पाठक रोड, विक्ट्री इलेवन रोड, चारबाग सेवा आश्रम, मॉडल हाउस, विद्यान्त कालेज, इंदिरानगर जहां दुर्गा पूजा के पंडाल लगे थे, वहां कोजागरी पूजन किया गया। इसके अलावा कैसरबाग कालीबाड़ी में कलश पूजन किया गया।

कालीबाड़ी में चढ़े नारियल के लड्डू: कैसरबाग स्थित कालीबाड़ी में नारियल के लड्डू बंगाली समाज में नारकोल नाडू चढ़ाए गए। पूर्णिमा पर कोजागरी मां लक्ष्मी का पूजन लोखी पूजो नाम से किया गया। घट पूजन के तहत मक्खन, केला, मिठाई संग मां को पुलाव, पनीर खीर, भाजा, चटनी पापड़ का भोग लगाया गया। रात 8 से 9 बजे तक हवन पूजन आदि अनुष्ठान हुए। इसके बाद भक्तों में प्रसाद बांटा गया।

श्री शनिदेव मंदिर में शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया: गोमतीनगर के विराट खण्ड स्थित श्री शनिदेव मंदिर में शरद पूर्णिमा का उत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा निवासी अरविंद शर्मा, दीपशिखा शर्मा, काव्या शर्मा, अर्चित शर्मा के सौजन्य से खीर प्रसाद के रूप में वितरित की गई। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी एवं ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति के महासचिव विवेक शर्मा, मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, आशा सिंह, डॉ. ज्ञानमती वर्मा व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शरद पूर्णिमा उत्सव में सहभागिता कर शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा खीर प्रसाद ग्रहण किया। श्री शनि मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक दिनेश शर्मा ने बताया कि शनि मंदिर के विकास का कार्य चल रहा है तथा शीघ्र ही शनिधाम अपने पूर्ण स्वरूप में श्रद्धालुओं के सम्मुख होगा।

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी ने की लक्ष्मी पूजा: श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी विकल्प खण्ड-2 गोमती नगर स्थित दुर्गापूजा स्थल पर आज शाम माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गयी पूजा मे नीरा सिन्हा वर्षा संस्थापक अध्यक्ष एवं संरक्षक, लीपिका उकील सहित कमेटी के सभी सदस्य एंव भक्त उपस्थित रहे। पूजा मे समस्त लखनऊ वसियो के कल्याण की मनोकामना भी की गयी, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी परिवार की तरफ से भोग वितरण भी किया गया जो देर रात तक चलता रहा तथा समस्त भक्तो ने भोग गर्हण भी किया।

गणेशगंज ग्रेन मार्केट में हुई पूजा: श्री महासरस्वती पूजा समिति की ओर से गणेशगंज ग्रेन मार्केट में पहली बार दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ। इसी क्रम में लक्ष्मी पूजा हुई। यहां पर पहली बार मां दुर्गा सपरिवार विराजीं। इसी क्रम में शरद पूर्णिमा पर लक्ष्मी पूजा कोजागिरि लक्ष्मी पूजा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देवी लक्ष्मी का आवाह्न करके उनकी शोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया। पूजन के बाद प्रसाद वितरण, भंडारा हुआ।

एक साल पुरानी प्रतिमा का होता है विसर्जन: बंगाली समाज में परंपरा है कि शरद पूर्णिमा पर एक साल पुरानी प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। एक साल तक प्रतिमा पूजा कमिटी के किसी सदस्य के यहां सुरक्षित रखी जाती है। सोमवार को पिछली साल की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं अगले साल के लिए यहां इको फ्रेंडली प्रतिमा का पूजन किया गया, जिसे अनिल पाल ने तैयार किया है। ढाई फुट की इस सुंदर प्रतिमा का पूजन दो शंखों से किया गया। मॉडल हाउस में मित्रों संघ की ओर से लक्ष्मी मां का फूलों से भव्य दरबार सजाया गया था। भक्तों ने मां को झूरी भाजा, पुलाव, मटर पनीर, टमाटर इमली की चटनी का भोग लगाया।

कोजागरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन



लखनऊ। कैण्टोमेन्ट पूजा एवं सेवा समति के तत्वाधान में रविवार कोजागरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। दुर्गा पूजा के बाद के बाद पहली शरद पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। पूजा कोलकाता से आये पूरोहित नयन चक्रवर्ती द्वारा की गयी एवं फल प्रसाद के साथ भोग प्रसाद व भण्डारे का आयोजन हुआ, जिसमे खिचोरि, चचूड़ी, लाबरा, चोटनी, पायस (खीर) का वितरण किया गया। लक्ष्मी माँ को नारियल के लडडू खील ,लावा ,चूरा और गुड़ के लड्डुओं भोग लगाया गया। रात में खुले आसमां के नीचे खीर रखते हैं क्योंकि रात में अमृत की वर्षा होती है। जिसमे लगभग 250 भक्त लक्ष्मी माँ का भोग ग्रहण करेगे। जिसमे फौजी भाइयो तथा सिविलियन एवं हर वर्ग की महिलाओ, बच्चों एवं पुरुष उपस्थित होगे।

दीयों की रोशनी से जगमग हुआ गोमती घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। श्रीमहंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में डालीगंज के गोमती तट के उपवन घाट पर आश्विन मास की पूर्णिमा पर आज यानि रविवार को माता गोमती की आरती की गई। साथ ही शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में चंद्रमा को खीर का भोग लगाया गया और बाद में खीर का ही प्रसाद बाटा गया। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर देव्यागिरी जी महाराज ने माल्यार्पण भी किया।

श्रीमनकामेश्वर मठ- मंदिर के तत्वावधान में होने वाली हर महीने पूर्णिमा आरती के क्रम में रविवार की शाम पूर्णिमा पर आरती हुई। श्रीमहंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में उपवन घाट पर बनी 11 वेदियों से आरती की गई। मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पाण्डेय के नेतृत्व में सेवादार मुकेश गुप्ता, दुवार्सा, शिखा, आरती और बासु सहित अन्य भक्तों ने घाट की सफाई की। इसके अलावा फूलों दीयों की रंगोली बनाई। आरती पर काफी संख्या मे भक्त मौजूद रहे। बाद में खीर का प्रसाद वितरित किया गया। आरती से पहले कथा वाचिका कल्याणकारी गिरी ने श्री भागवत महापुराण के पहले अध्याय की कथा सुनाई। इसमें भागवत श्रवण के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर श्रीमहंत महंत देव्यागिरी महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने पहली बार गोपियों के साथ महारास किया था।



गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

लखनऊ। श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन में बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के द्वारा संपूर्ण नगर कीर्तन पर पुष्प वर्षा की गई। नगर कीर्तन प्रातः गुरुद्वारा आर्य नगर से निकलकर मोती नगर ऐशबाग नाका हिंडोला होता हुआ गुरुद्वारा नाका हिंडोला पर संपन्न हुआ। बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के संस्थापक मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि नाका हिंडोला चौराहे पर फाउंडेशन द्वारा पुष्प वर्षा की गई इस अवसर पर विशेष रूप से हरजस पाल सिंह, सिमरजोत सिंह, कमलजीत सिंह, हरमिंदर सिंह मिंदी, तजिंदर सिंह, कुलदीप सिंह उपस्थित थे।

श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से मुक्ति का मार्ग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा (धार्मिक प्रकोष्ठ), लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा आज प्रातः स्कूल से प्रारंभ होकर कथा स्थल ज्ञान सरोवर विद्यालय, वृंदावन सेक्टर-11 पर संपन्न हुई।

कलश यात्रा में लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों ने पीले परिधान धारण कर सम्मिलित होकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। कलश यात्रा के समापन के उपरांत कथा स्थल पर श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव जी के सौजन्य से सभी भक्तों के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। आज प्रथम दिवस के यजमान सर्वश्री भवान सिंह रावत, श्रीमती पुष्पा रावत, श्री आर.पी. जुयाल, श्री अधिराज सिंह कठैत, श्री हरीश रौतेला, श्री पूरन सिंह बिष्ट एवं श्री किशन सिंह बिष्ट जी द्वारा विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। सायं 4 बजे से पंडाल में उपस्थित भक्तों ने काशी पीठ के प्रसिद्ध विद्वान परम पूज्य कथा व्यास स्वामी श्री सुधीरानंद जी महाराज के मुखारविंद से भजन-कीर्तन के साथ कथा का रसपान किया। महाराज जी ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि इस कलियुग में श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य के लिए मुक्ति का सबसे सरल साधन है। इसके श्रवण मात्र से मन के समस्त पाप, संताप और विकार दूर हो जाते हैं। यह कथा जीवन को सही दिशा देती है और घर में सुख-शांति का वास होता है। इसके श्रवण से न केवल मनुष्य का कल्याण होता है, बल्कि पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से आयोजित होगा तथा 1 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आज कथा स्थल पर सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से सर्वश्री जगदीश बिष्ट, डी.डी. नरियाल, हेमंत सिंह गढ़िया, हरेंद्र नेगी, आर.एस. पयाल, बहादुर सिंह बिष्ट, के.एस. रावत, राजेंद्र सिंह रावत, जगदीश बुटोला ,कमल सिंह रावत, धन सिंह रावत, विनोद खन्तवाल, विनय मिश्रा, हर्षपति जुयाल, महावीर खन्तवाल, नारायण सिंह रावत, डाक्टर अशोक तिवारी एवं श्रीमती संगीता रावत, लक्ष्मी पयाल, कमला कठैत, सुनंदा असवाल, नीलम जुयाल, बीना गड़िया ०बिमला बिष्ट, रजनी राणा, रेनू शर्मा, संगीता सिंह , सुशीला रौतेला, भारती बुटोला, रंजना, अम्बा बिष्ट, मालती रावत , सरला नेगी, शोभा रावत , चन्द्रा नरियाल, दया जोशी, सरिता तिवारी लता रावत, स्नेहा सिंह आदि उपस्थित रहे।

जम के रखना कदम मेरे साथिया...

गरवा एंड करवा नाइट में जमकर झूमी महिलाएं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। त्यौहार के इस सीजन में मौका था राजधानी लखनऊ के रेडिसन पार्क इन पांच सितारा होटल मे ए टच ऑफ आनंद द्वारा अयोजित करवा एंड गरबा नाइट का.केवल महिलाओं के लिये आयोजित इस संगीतमए संध्या पर शहर भर से प्रतिभागी महिलाओं ने रैंप वॉक के साथ साथ डांडिया क्वीन प्रतीयोगिता मे भी भाग लिया.कार्यक्रम की संयोजिका आकांक्षा आनंद ने बताया कि ऐसे अयोजन के पीछे हमारा मकसद होता है कि दफ़्तर मे काम करने वाली महिलाओं के साथ-साथ गृहस्थी संभालने वाली महिलाओं को एक स्वच्छंद वतावरण देकर उन्हें खुलकर जीने का मौका दिया जाए हर वर्ष की तरह इस बार भी ए टच ऑफ आनंद द्वारा शहर की महिलाओं के लिए एक खुशनुमा शाम का आयोजन किया गया है जिसमें कामकाजी महिलाओं के साथ साथ ग्रहणियों ने भी जमकर उत्साह और अपने कला का प्रदर्शन किया है करवा क्वीन रचना श्रीवास्तव, डांडिया क्वीन का ताज स्वामिता को पहनाया गया। बेस्ट ड्रेस रीतू मारवाह, बेस्ट डांसर रिशु राज सिंह रैंप वॉक मे सरिता सिंह पहले स्थान पर रही। .फिल्मी गानो की धुन पर सबने दिल खोलकर डांस किया और मन भर लजीज खाने का लुफ़्त उठाया।

हिन्दी संस्थान में राजेश अरोरा शलभ की 'शब्द शिल्पी शलभ' का लोकार्पण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उ.प्र. हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में वरिष्ठ हास्य कवि, गीतकार, गजलकार और गायक राजेश अरोरा शलभ की 6 दशकों की यात्रा पर प्रकाशित ग्रंथ 'शब्द शिल्पी शलभ' का लोकार्पण उ.प्र. हिन्दी संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह (सभाध्यक्ष) लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति गोपबंधु पटनायक (मुख्य अतिथि) एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी के द्वारा किया गया।

इस ग्रन्थ का सम्पादन मुरादाबाद के डॉ. महेश दिवाकर द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सर्वप्रथम बोलते हुए महेश दिवाकर ने बताया कि हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में राजेश अरोरा शलभ का अकूत योगदान है। वे बहुआयामी प्रतिभा से सम्पन्न व्यक्ति हैं। इस ग्रंथ में उनकी 60 वर्षीय सृजन यात्रा पर शताधिक साहित्यकारों, कलाकारों व समीक्षकों ने उनकी साहित्यिक उपलब्धियों की चर्चा की है। बिम्ब के मुख्य संरक्षक व हास्य कवि सूर्यकुमार पांडेय ने कहा कि कविवर राजेश अरोरा शलभ कलायित्री व भावयित्री दोनों प्रकार की काव्य-कला के धनी हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ.अनिल रस्तोगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शलभ न केवल खास साहित्यकार हैं, अपितु वे बहुत अच्छे गायक, एक्टर व आयोजक भी हैं। मुख्य अतिथि गोपबंधु पटनायक ने शलभ को एक शहर की नहीं, एक पूरी सांस्कृतिक परम्परा की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि शलभ जी ने हास्य रस में तो अपनी विशेष पहचान बनाई ही है ,इसके अतिरिक्त गीत व गजलें भी बहुत अच्छी लिखीं हैं। सभाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मैंने राजेश अरोरा शलभ की कई किताबें पूरी पढ़ीं हैं और पाया है कि उनकी किसी भी विधा की कविता हो, भाषा, भाव या छंद, हर दृष्टि से बहुत पुष्ट, सार्थक और संदेशवाहक होती हैं उनकी भाषा-शैली में सम्प्रेषणीयता है जो मन को छू जाती है। शास्त्रीय गायिका सुनीता झिंगरन ने शलभ की एक रूहानी गजल 'हरसू उसे तलाशा, उसे ढूंढता रहा 'तरन्नुम में प्रस्तुत करी। इस सत्र का संचालन राहुल दत्त व व्यंग्यकार श्याम मिश्र ने किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शलभ के गीतों व गजलों का गायन आकाशवाणी के अनुमोदित गायक- गायिकाओं द्वारा किया गया, जिसका संचालन रेडियो एंकर चेतना गिडवानी ने किया। संगीतकार केवल कुमार, लोक गायिका पद्मा गिडवानी सहित मदन गोपाल, नीलिमा दत्त, रज्जन लाल और पूजा गोपाल ने एक से बढ़कर एक गजलें गाकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। गायन सत्र के अंत में शलभ का लिखा गीत 'आओ मिलकर प्यार की गंगा बहाएँ, दोस्तो' समवेत स्वरों में प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया।

लखनऊ की संस्कृति और बोली में रची-बसी फिल्म लागी छूटे ना 13 को होगी रिलीज



लखनऊ। लखनवी तहजीब, बोलचाल और रिश्तों की मिठास अब बड़े पर्दे पर हिन्दी फीचर फिल्म लागी छूटे ना में दिखाई पड़ेगी, जो आगामी 13 नवम्बर 2026 को सिनेमाघरों में अखिल भारतीय स्तर पर रिलीज होगी। आनंद मोशन पिक्चर्स के बैनर तले आनंद कुमार तिवारी के लेखन और निर्देशन में बनी यह फिल्म लखनऊ के स्थानीय परिवेश और यहां की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म की खासियत इसकी कहानी के साथ-साथ शहर की संस्कृति, स्थानीय भाषा और यहां के जीवन की सहज झलक है, जो इसे एक अलग पहचान देती है। आशुतोष कुमार, दीप्रा मिश्रा और शालू सिंह की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म में प्रेम, रिश्तों, पारिवारिक अपेक्षाओं और जिंदगी के भावनात्मक उतार-चढ़ाव को उत्तर प्रदेश की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में पिरोया गया है। फिल्म की कहानी में लखनऊ का माहौल और यहां के लोगों की बोलचाल इसे स्थानीय रंग देते हैं। यही वजह है कि ह्यलागी छूटे ना केवल एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि शहर के रहन-सहन, संस्कृति और भावनाओं से जुड़ा एक प्रयास भी है। फिल्म की शूटिंग लखनऊ के अलग-अलग स्थानों पर की गई है। चंद्रिका देवी के पास स्थित अक्षय वट और सर्वोदय नगर सहित शहर की अन्य लोकेशनों पर फिल्म के महत्वपूर्ण दृश्य फिल्माए गए हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर बिरतिहा, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2026-2027 दिनांक-24.10.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामपुर बिरतिहा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राजवित्त/पंद्रहवां वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म आपूर्ति के लिए दिनांक-26.10.2026 से 02.11.2026 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत रामपुर बिरतिहा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-02.11.2026 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में)
1-	पी0पी0 स्कूल रामपुर बिरतिहा में डेस्क बेंच सप्लाई कार्य।	1,36,700 रुपये।	डेस्क बेंच आदि सामग्री।	100

नोट- निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रशासक ग्राम ग्रा0पं0- रामपुर बिरतिहा वि0खं0-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

पंचायत सचिव ग्रा0पं0- रामपुर बिरतिहा वि0खं0-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत खैरहा, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2026-2027 दिनांक-22.10.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरहा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भट्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-25.10.2026 से 02.11.2026 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत खैरहा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-02.11.2026 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में)
1-	पी0पी0 स्कूल यादव बस्ती में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। सोख्ता गढ्ढा निर्माण कार्य।	8,40,521 रुपये।	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईंट गिट्टी,सरिया, प्रथम श्रेणी ईंट, गिट्टी आदि सामग्री।	100

नोट- निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रशासक ग्राम ग्रा.पं.- खैरहा वि.खं.-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

पंचायत सचिव ग्रा.पं.- खैरहा वि.खं.-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत गौरा , वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2026-2027 दिनांक-24.10.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवां वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भट्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-26.10.2026 से 02.11.2026 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत गौरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-02.11.2026 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में)
1-	पी0पी0 स्कूल गौरा में शौचालय, पेशाब घर एवं सोख्ता गढ्ढा निर्माण कार्य।	2,94,614 रुपये।	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईंट गिट्टी,सरिया, प्रथम श्रेणी ईंट, गिट्टी आदि सामग्री।	100

नोट- निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रशासक ग्राम ग्रा0पं0- गौरा वि.खं.-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

पंचायत सचिव ग्रा0पं0- गौरा वि.खं.-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

आवश्यकता

डिवाइन गंगा लॉ डिग्री कॉलेज आमकोल कूरेभार सुल्तानपुर (उ. प्र.)-228125
आवश्यकता है-

प्राचार्य-01 पद एवं प्रवक्ता विधि 18 पद, अर्हता एवं वेतनमान-यूजीसी/बार काउंसिल/विश्व विद्यालय के परिनियमानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने अर्हता सम्बन्धी प्रपत्र, एक बायोडाटा एवं 03 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ विज्ञापन के 15 कार्य दिवस के अंदर महाविद्यालय में उपस्थित होकर अथवा डाक या ईमेल द्वारा प्रेषित करें।

साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर किसी भी प्रकार का टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।

प्रबंधक
मो. 9455244935

कार्यालय ग्राम पंचायत कटका खानपुर विकासखंड कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर
पत्रांक -02 मेमो /वित्तीय वर्ष 2026-2027 दिनांक 24.10.2026
निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत कटका खानपुर, विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में राज्य वित्त/ केंद्रित वित्त वर्ष 2026-2027 योजनांतर्गत निम्न कार्यों की सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक/,दुकानदार दिनांक 26.10.2026 से दिनांक 30.10.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत कटका खानपुर पर ग्राम प्रशासक /सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 31.10.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति दोपहर 2 बजे खोली जाएगी।

क्र. स.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	सामग्री
1	दिनेश शर्मा के घर से आशुतोष के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	6.40 लाख रुपये	ईंट प्रथम श्रेणी इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री
2	कल्लन के घर से कजरू के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	4.00 लाख रुपये	इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री

नोटः- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

सचिव/ग्राम प्रशासक
ग्राम पंचायत-कटकाखानपुर
विकासखंड कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर

संक्षेप

युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। संवाददाता। शहर के सर्वोदय नगर निवासी 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सर्वोदय नगर निवासी प्यारे लाल के बेटे अंकित कुमार की अचानक हालत बिगड़ गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सक उसे बचा नहीं सके।

मंदिर का ताला तोड़कर घंटे-घंटियां और दानपात्र चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नानक चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार रात चोरों ने त्रिलोक गिरी मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर को निशाना बनाया। मंदिर का ताला तोड़कर चोर घंटे-घंटियां और दानपात्र चोरी कर ले गए। हनुमान मंदिर के पुजारी प्रदीप कुमार पांडे के अनुसार, रविवार सुबह वह साफ-सफाई और पूजन के लिए मंदिर पहुंचे तो दरवाजा खोलने पर घंटे, बड़ा घंटा और दानपात्र गायब मिले। इसके अलावा परिसर में स्थित शिव मंदिर से भी छोटी घंटियां चोरी कर ली गईं। पुजारी ने बताया कि दानपात्र में करीब चार से पांच हजार रुपये होने का अनुमान है। पुजारी ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

यूके से नैमिषारण्य पहुंचे गौरव , प्रशासन ने पौराणिक धरोहरों से कराया रूबरू

सीतापुर। भारतीय संस्कृति, आस्था और पौराणिक विरासत की पहचान नैमिषारण्य की धरती पर यूनाइटेड किंगडम (यूके) से आए अतिथि गौरव शुक्ला ने भ्रमण किया। प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ नैमिषारण्य पहुंचने पर उनके भ्रमण को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। इस दौरान उन्हें तीर्थ क्षेत्र के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व से परिचित कराया गया। शासन और प्रशासन के निदेर्शों के क्रम में अतिथि के भ्रमण की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार अजय कुमार को नोडल एवं सहयोग अधिकारी के रूप में सौंपी गई थी। निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करते हुए नायब तहसीलदार ने गौरव शुक्ला को नैमिषारण्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया और इस पौराणिक तीर्थ की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता के बारे में जानकारी दी नैमिषारण्य देश के प्रमुख प्राचीन तीर्थस्थलों में गिना जाता है। धार्मिक मान्यताओं और पौराणिक आख्यानों में इस तीर्थ का विशेष स्थान है। यहां की आध्यात्मिक परंपराएं और धार्मिक विरासत इसे विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं। ऐसे में विदेश से आए अतिथि का यहां भ्रमण करना तीर्थ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान से परिचित होने का अवसर भी रहा। भ्रमण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं का ध्यान रखा गया, जिससे पूरा कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। तीर्थ दर्शन और भ्रमण कार्यक्रम पूरा होने के बाद गौरव शुक्ला को सम्मानपूर्वक एवं सुरक्षित उनके ठहरने के स्थान होटल तक पहुंचाया गया। प्रशासन की ओर से निर्धारित जिम्मेदारी के तहत भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया गया।

25 परीक्षा केंद्रों पर हुई नकलविहीन पीईटी परीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 के प्रथम दिवस दो पालियों में 25 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 14299 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5861 ने परीक्षा छोड़ी।

परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह स्वयं सुबह से ही सक्रिय रहे। डीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों से नामांकित व उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या जानी और कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने को कहा। नोडल अधिकारी/एडीएम (न्यायिक) बृजपाल सिंह ने बताया कि पहली पाली में 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7099 उपस्थित हुए, जबकि 2981 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7200 उपस्थित और 2880 अनुपस्थित रहे।

डीएम अंजनी कुमार सिंह के साथ ही एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ, डीआईओएस, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार भ्रमणशील रहे। एडीएम ने दिनभर परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को सतर्क रहते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

पीईटी में सख्ती, चूड़ियां-पायल उतरवाकर अभ्यर्थियों को दिया प्रवेश

सीतापुर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को लेकर रविवार को जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की तीन स्तरों पर सघन तलाशी ली गई। जांच के दौरान आभूषण, माला और धागे तक उतरवाए गए।

विवाहित महिला अभ्यर्थियों को अपनी पायल और चूड़ियां उतारकर परिजनों को सौंपनी पड़ीं। प्रतिबंधित सामग्री को परीक्षा कक्ष तक पहुंचने से रोकने के लिए अभ्यर्थियों की बारीकी से जांच की गई। जिले में पीईटी दो पालियों में आयोजित की जा रही है। दोनों पालियों में कुल 11,184 अभ्यर्थियों के शामिल होने की व्यवस्था है। प्रत्येक पाली में 5,592 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित है। निर्धारित समय के अनुसार जांच पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जा रहा है। सात सीओ समेत 512 पुलिसकर्मी तैनात परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सात क्षेत्राधिकारी (सीओ), 13 इंस्पेक्टर और 26 सब इंस्पेक्टर समेत कुल 512 पुलिसकर्मियों को सौंपी गई है। केंद्रों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ प्रवेश द्वारों पर सघन जांच की जा रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास भी पुलिस निगरानी बनाए हुए है, जिससे किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका को रोका जा सके। 200 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी की दुकानें बंदपरीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी तरह की अनियमितता रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से केंद्रों के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रवेश दिया जा रहा है। अधिकारियों का उद्देश्य परीक्षा को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराना है।

बंद मकान में लाखों का सामान चोरी

पसगवां खीरी। पसगवां में चोरों के हौसले बुलंद हैं। कोतवाली से महज 200 मीटर दूर स्थित एक बंद मकान को चोरों ने दोबारा निशाना बनाते हुए एक लाख रुपये से अधिक का सामान पार कर दिया। मुख्य दरवाजे की जाली काटकर घर में घुसे चोर बिजली के तार, पीतल व तांबे के बर्तन, कपड़े, मोबाइल फोन समेत अन्य घरेलू सामान समेट ले गए। एक ही मकान में दोबारा चोरी की घटना से परिवार परेशान है। कस्बा निवासी विपिन पांडेय पुत्र स्वर्गीय विकास चंद्र पांडेय अपने परिवार के साथ गुरुग्राम में रहकर नौकरी करते हैं। परिवार के बाहर रहने के कारण मकान अक्सर बंद रहता है। पीड़ित के मुताबिक, घर पहुंचने पर मुख्य दरवाजे की जाली कटी मिली और सामान गायब था। चोर उनकी मां का मोबाइल फोन भी ले गए, जो परिवार के गुरुग्राम जाने के दौरान घर पर ही छूट गया था। पीड़ित ने चोरी गए सामान की कीमत एक लाख रुपये से अधिक बताई है। इस मकान में पहले भी चोरी हो चुकी है। विपिन की पुरानी शिकायत के अनुसार, पिछली बार चोर पड़ोसी के जीने के सहारे घर में दाखिल हुए थे और तीन फरार्टा पंखे, एक सोलर प्लेट, ड्रिल मशीन तथा ग्राइंडर चोरी कर ले गए थे। पुरानी घटना की तारीख एक जुलाई 2026 बताई गई है। अब दोबारा वारदात होने से पीड़ित परिवार परेशान है। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर चोरी की घटना में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी पसगवां जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन की मासिक बैठक संपन्न

फतेहपुर । पूर्व सैनिक सयुंक्त संगठन जनपद की मासिक मीटिंग रविवार को आवास विकास कार्यालय में जनपद अध्यक्ष कैप्टन हरी शंकर सिंह चौहान की अध्यक्षता में की गयी जिसका संचालन महासचिव कैप्टन मेवालाल वर्मा ने किया सब से पहले अध्यक्ष के द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों को दशहरा एवं दीपावली की बधाई एवं शुभकामनायें दी तत्पश्चात कई संगठनात्मक अहम मुद्दों पर चर्चा एवं सभी ने अपने अपने बिचार संगठन के समक्ष ब्यक्त किये साथ हीमहासचिव ने स्थापना दिवस के आय और ब्यय का ब्यौरा संगठन के समक्ष रखा जनपद फतेहपुर के कोषाध्यक्ष नायब सूबेदार राम सिंह यादव के द्वारा दिनांक 26जुलाई 2026को कोषाध्यक्ष के पद से पदमुक्त होने के लिये अप्लीकेसन संगठन के समक्ष दिये थे जब की संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उनके पांच साल के कार्य की सराहना करते हुए पद नछोड़ने की सलाह दी लेकिन वह नहीं माने इस लिये आज की मीटिंग मे सर्व सम्मति से आज दिनांक 25अक्टूबर को नायब सूबेदार राम सिंह को पदमुक्त किया गया साथ ही नये कोषाध्यक्ष के लिये प्रस्ताव भी पेस किया गया जिसमे सभी की सहमती से सूबेदार अब्दुल महबूब साहब के नाम की नवनियुक्त कोषाध्यक्ष की घोसणा की गयी सभी ने नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनायें दी आज की मीटिंग मे संगठन के वरिष्ठ ६ङ्क इंद्रजीत सिंह यादव साहब की तरफ से सभी के लिये उत्तम जल पान की ब्यवस्था की गयी और कोटेश्वर शुक्ला ने आज की मीटिंग मे सभी के लिये फल का इंतजाम किया।आज की मीटिंग मे कैप्टन हरी शंकर सिंह चौहान कैप्टन रामप्रताप सिंह भदौरिया कैप्टन मेवालाल वर्मा कैप्टन ऊ शुक्ला सूबेदार नरेंद्र पाल सिंह चौहान ६ङ्क इन्द्रजीत सिंह यादव सूबेदार मेजर चतुर सिंह हवलदार राजबहादुर सिंह हवलदार अमर सिंह सूबेदार अब्दुल महबूब सूबेदार मेजर ऊ त्रिपाठी हवलदार फ गाइड नायब सूबेदार जवरील हवलदार प्रवीन कुमार कोटेश्वर शुक्ला सूबेदार मेजर गोरे लाल सूबेदार मेजर छत्र मिश्रा नायब सूबेदार अयोध्या प्रसाद नायब सूबेदार कुलदीप सिंह आदि मीटिंग मे सम्मलित रहे।

हर रविवार को अनुदेशकों ने अनशन शुरू किया

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में बरवर चौराहे पर बने अंबेडकर पार्क में प्रत्येक रविवार को अनुदेशक शांतिपूर्वक अपनी मांगों को मानने को लेकर प्रदर्शन की श्रृंखला में उच्च न्यायालय के आदेश अनुपालन राज्य सरकार द्वारा न करने पर प्रदर्शन किया है। परिषदीय अनुदेशक उत्थान समिति के बैनर तले रविवार को अंबेडकर पार्क पर प्रदेश महासचिव शचींद्र नारायण दीक्षित के अगुवाई में तहसील क्षेत्र के अनुदेशकों ने उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार एरियर भुगतान और नियमतीकरण को लेकर दिए आदेश का अनुपालन राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित न करने को लेकर, शिक्षकों के समान सुविधाएं और वर्ष 2017 से बकाया एरियर का भुगतान करने की मांग को सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर प्रदेश के लगभग 24 000 अनुदेशक अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

साधो बैंड की धुनों पर झूम सीतापुर



सीतापुर, । शनिवार की शाम सीतापुर में संगीत के सुरों ने ऐसा समां बांधा कि कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। साधो बैंड की शानदार संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मधुर धुनों और कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति के बीच दर्शक संगीत का आनंद लेते नजर आए। उत्साह और उमंग से भरे माहौल में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी और उपायुक्त उद्योग करुणा राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। साधो बैंड की प्रस्तुति शुरू होते ही कार्यक्रम स्थल पर संगीत का रंग चढ़ने लगा। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति और मधुर संगीत ने दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। संगीत की धुनों के बीच पूरे आयोजन में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कलाकारों की प्रस्तुति ने शाम को खास बना दिया और दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने साधो बैंड के सभी कलाकारों और सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। सम्मान पाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ा। संगीत, दर्शकों की भागीदारी और कलाकारों के सम्मान के साथ शनिवार शाम का यह आयोजन यादगार बन गया।

रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने मनाया स्थापना दिवस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर हुआ। इस अवसर पर सदस्यों ने समाजसेवा के कार्यों को और गति देने का संकल्प लिया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पंकज पुरवार ने सदस्यों को रोटरी इंटरनेशनल के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल की स्थापना वर्ष 1905 में अमेरिका के शिकागो शहर में पॉल हैरिस ने की थी। इसका उद्देश्य समाजसेवा, व्यावसायिक नैतिकता और विश्व मैत्री को बढ़ावा देना है। रोटरी क्लब गोला सेंट्रल को वर्ष 2009 में रोटरी इंटरनेशनल से चार्टर मिला था। आज रोटरी इंटरनेशनल 195 से अधिक देशों में सेवा कार्यों के जरिए समाज के उत्थान में योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज पुरवार और सचिव रोटेरियन कामरान खान ने क्लब



के चार्टर सदस्यों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। सदस्यों ने रोटरी के आदर्श वाक्य ह्लह्लद्यस्वयं से ऊपर सेवाह्लह्लह्ल को दोहराते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम आयोजक रोटेरियन आदर्श सोनी और रोटेरियन राजीव राजपूत ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन प्रमोद वर्मा ने किया।

इस अवसर पर जोनल सचिव रोटेरियन अभिषेक राजपूत, महेंद्र गिरी, अनिल जायसवाल, खालिद रियाज, विवेक गुप्ता, उमेश जायसवाल, नीरज वर्मा, अमित वर्मा, वरुण राजपूत, रविंद्र सिंह, शुभम अग्रवाल, मनीष पुरवार, संजय सैनी, नवीन जोशी आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक सुनील लाला पर मुकदमा दर्ज, सपा कार्यकर्ताओं में रोष

लखीमपुर खीरी। मितौली में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सुनील लाला व उनके साथियों पर फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि विगत दिवस मितौली ब्लाक में स्नातक व शिक्षक विधान परिषद सदस्य के लिए हुए मतदान में भारतीय जनता पार्टी के विधायक सौरभ सिंह सोनू व उनके साथियों द्वारा बूथ कैपचरिंग कराये जाने के इरादे से मतदान बूथ में प्रवेश किया। प्रवेश करने को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सुनील लाला ने आपत्ति की लेकिन उनकी आपत्ति पर कोई ध्यान नहीं दिया। तब उन्होंने थाना प्रभारी को तहरीर दी लेकिन बीजेपी विधायक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने बताया कि सपा के पूर्व विधायक ने थाना प्रभारी से शिकायत भी की और लिखित तहरीर भी दी लेकिन भाजपा विधायक सौरभ सोनू व उनके साथियो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई न ही उनके खिलाफ मुकदमा लिखा गया। बताया गया कि भाजपा विधायक का चुनाव में वोट भी नहीं था फिर जब उनका वोट भी नहीं था तब बूथ के अन्दर उनका प्रवेश निषेधित था, फिर भी अवैध रूप से प्रवेश किया जो निर्वाचन नियमों के विरुद्ध है, उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज निकलवाने पर पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सुनील लाला व उनके साथियों पर लिखे गए मुकदमे को वापस नहीं लिया जाता है तो समाजवादी पार्टी विरोध दर्ज करने के लिए अगला कदम उठाएगी।

क्रेता सम्मेलन में विशेषज्ञों ने बतायीं बाजार की नयी जरूरतें

सीतापुर। स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने की राह आसान बनाने के उद्देश्य से आयोजित क्रेता



सम्मेलन के दूसरे दिन उद्यमियों, बुनकरों और दरी निमार्ताओं का ध्यान कारोबार की बारीकियों पर केंद्रित रहा। विशेषज्ञों ने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने, आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग, प्रमाणन और निर्यात कीआवश्यकताओं को समझाते हुए कारोबार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उपाय बताए। दूसरे दिन के तकनीकी सत्रों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास, पूंजी जुटाने, टिकाऊ उत्पादन और आधुनिक व्यावसायिक प्रक्रियाओं पर जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि बदलते बाजार में केवल बेहतर उत्पाद बनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी पैकेजिंग, गुणवत्ता मानक और बाजार की मांग के अनुरूप प्रस्तुति भी महत्वपूर्ण है।

भारतीय पैकेजिंग संस्थान की ओर से उत्पादों की सुरक्षित पैकिंग, परिवहन और निर्यात संबंधी व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी दी गई। वहीं, ई-कॉमर्स के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने और नए व्यावसायिक अवसर तलाशने पर भी जोर दिया गया।

सीतापुर की पारंपरिक दरी और अन्य स्थानीय उत्पादों से जुड़े कारोबारियों के लिए इन सत्रों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों ने उत्पादों को बाजार की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने और व्यावसायिक साझेदारी बढ़ाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया। सम्मेलन का उद्देश्य स्थानीय हुनर को आधुनिक कारोबार से जोड़ना और उत्पादकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। दूसरे दिन की गतिविधियों में इसी लक्ष्य के तहत उद्यमियों को व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर रहा।

सीतापुर में आयोजित क्रेता सम्मेलन में आठ देशों के प्रमुख व्यावसायिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इनमें यूनाइटेड किंगडम से गौरव शुक्ला (डायरेक्टर), संयुक्त अरब अमीरात से शलभ बरनवाल (मैनेजिंग डायरेक्टर), पनामा से विक्रम मेहरा (डायरेक्टर) और सऊदी अरब से सलीम अहमद (डायरेक्टर) शामिल रहे। वहीं, फिनलैंड से एसा टाउनो अलेस्तालो (सीनियर एडवाइजर), जर्मनी से वेरेना मारेन शैट्जलाइन (सीईओ), जापान से सातो किमिको (चीफ एग्जीक्यूटिव डिजाइनर) और कोरिया से वूंग ही यून (सीईओ) ने भी सहभागिता की। विदेशी प्रतिनिधियों की मौजूदगी से सीतापुर की प्रसिद्ध दरी, हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की संभावनाओं को बल मिला। सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय बुनकरों, कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार की जरूरतों को समझने तथा नए व्यावसायिक संपर्क विकसित करने का अवसर मिला। इससे जनपद के पारंपरिक उद्योगों के कारोबार विस्तार और निर्यात की संभावनाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

98 कायस्थों का किया गया सम्मान

फतेहपुर।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में दिल्ली दरबार होटल में कायस्थ मेधा अलंकरण व सम्मान समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विभाकर शास्त्री वरिष्ठ भाजपा नेता, अतिविशिष्ट अतिथि सुधांशु श्रीवास्तव राष्ट्रीय महासचिव, विकास कुमार श्रीवास्तव , विशिष्ट अतिथि अन्नू श्रीवास्तव बीजेपी जिलाध्यक्ष, अनुराग श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव प्रांतीय महासचिव, राष्ट्रीय युवा मंत्री सत्यशील सहाय, शुभम श्रीवास्तव प्रदेश आईटी प्रभारी रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की आरती के साथ हुआ।तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को बैज अलंकरण, माल्यार्पण, शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट करने के साथ 51 किलो की माला पहनाकर सुशोभित किया गया।जिलाध्यक्ष डॉ अनुराग द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा व आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।फिर सम्मान के क्रम में सर्वप्रथम आनन्द स्वरूप श्रीवास्तव अनुरागी वरिष्ठ साहित्यकार, हृदयराम श्रीवास्तव एडवोकेट वरिष्ठ सदस्य, ऐश्वर्या श्रीवास्तव एडवोकेट कनिष्ठ सदस्य बार एसोसिएशन, अभिषेक श्रीवास्तव नामित सभासद, प्राची श्रीवास्तव सीपीएस डायरेक्टर, लालजी श्रीवास्तव सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट भारतीय नौ सेना, डॉ विवेक श्रीवास्तव उप सभापति रेडक्रास सोसाइटी, गौरव राजन डॉक्टर ऑफ फिलासफी रूड़की आईआईटी को व 40 मेधावी छात्र, छात्राओं को माल्यार्पण, शाल, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्तिऐ पत्र देकर सम्मानित किया गया।साथ ही कार्यक्रम में सहयोग करने वाले 50 बंधुओं व भगिनियों को भी मोतियों की माला व जय श्री राम अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवीण प्रसून द्वारा किया गया।सुधांशु श्रीवास्तव राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि हम कायस्थों को राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, सुभाष चंद्र बोस जैसे अनगिनत देशभक्तों को अपना आदर्श मानकर कायस्थ समाज के हितार्थ आगे आना होगा।प्रदेश अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने कहा हम कायस्थों को राजनीति के माध्यम से भी आगे आना होगा।मुख्य अतिथि विभाकर शास्त्री ने कहा कि हम सभी कायस्थों को एकजुट होकर राष्ट्र की सेवा करनी होगी।कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से हुई व अंत में प्रयागराज में सतीश चंद्र श्रीवास्तव की निर्मम हत्या व फतेहपुर में दिवंगत सुनील श्रीवास्तव एडवोकेट के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर संरक्षक हृदयेश श्रीवास्तव, महेंद्र कृष्ण श्रीवास्तव, सत्येंद्र श्रीवास्तव एड, गिरजाशंकर श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव संजय कुमार श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव महिला अध्यक्ष डॉ अरूणा श्रीवास्तव, महामंत्री वर्षा श्रीवास्तव, नूतन श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, नीरज, डॉ नवनीत, शरद, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार सहित सैकड़ों कायस्थ बन्धु उपस्थित रहे।

दवा छिड़काव से हैंडपंप मरम्मत तक, कागजों पर विकास

सीतापुर। गांव में न दवा का छिड़काव हुआ, न हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई, लेकिन सरकारी धनराशि निकलने का आरोप लग गया। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत भिठमनी में विकास कार्यों के नाम पर कथित अनियमित निकासी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने प्रधान पुष्पा देवी और सचिव पूजा शर्मा पर तीन माह के भीतर विभिन्न मदों में 1.83 लाख रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से जांच की मांग की है। ग्रामीणों की शिकायत के मुताबिक, दवा छिड़काव के नाम पर 28 अगस्त को 23,130 रुपये और 9 अक्टूबर को 24,650 रुपये निकाले गए। साफ-सफाई के नाम पर 26,950 रुपये, स्टील बेंच के नाम पर 37 हजार रुपये तथा हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 49,455 रुपये की निकासी 9 अक्टूबर को दर्शाई गई है। वहीं, फोटो कॉपी के नाम पर 14 जुलाई को 22,970 रुपये निकाले जाने का आरोप है। शिकायतकताओं का कहना है कि धनराशि निकालने के बावजूद मौके पर संबंधित कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब दवा का छिड़काव और हैंडपंपों की मरम्मत नहीं हुई, तो इन मदों में खर्च दिखाई गई रकम कहां खर्च हुई? उन्होंने पंचायत में अन्य विकास कार्यों के नाम पर भी लाखों रुपये की अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीण भारत, प्रमोद, सियाराम, रूपा देवी और सुशीला सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी श्रीकुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी। अब जांच में यह स्पष्ट होना बाकी है कि सरकारी धनराशि का उपयोग निर्धारित कार्यों में हुआ या नहीं और शिकायत में लगाए गए आरोप कितने सही हैं।

मासिक बैठक में पत्रकारों की समस्याओं पर मंथन



टूंडला। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील टूंडला इकाई की मासिक बैठक स्टेशन रोड स्थित होटल जे.एस. में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पिछले कार्यों की समीक्षा करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विवेक शर्मा ने की, जबकि संचालन महामंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया तथा तहसील इकाई के संरक्षक अरुण रावत की उपस्थिति में संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकार जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाकर शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। संगठन का दायित्व है कि पत्रकारों के हितों की रक्षा के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर प्रयास किए जाएं। मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के सम्मान सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। तहसील इकाई के संरक्षक अरुण रावत ने कहा कि संगठन की मजबूती एकता और आपसी सहयोग पर निर्भर करती है। सभी पत्रकारों को संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक पहल करने की बात कही। तहसील अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि मासिक बैठकों का उद्देश्य संगठन के कार्यों की समीक्षा करना, आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाना और पत्रकारों की समस्याओं पर सामूहिक रूप से विचार करना है। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर उच्च पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया। इस दौरान संगठन की भावी गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा पत्रकारों के हित में मिलकर कार्य करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में देवेंद्र प्रताप सिंह, सुनील गर्ग, संजय शर्मा उपेंद्र यादव, महेश ठैनुआ संतोष शर्मा, योगेंद्र सिंह, धीरज बघेल, दिनेश कुमार, अर्जुन सिंह, रिंकू यादव, पुष्पेंद्र सिंह, संतोष कुमार, कुलदीप उपाध्याय ताहिर सिद्दीकी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

गोला की इशानी ने शूटिंग में जीता कांस्य पदक

संक्षेप

पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी,

बांसी, सिद्धार्थनगर। दीपावली के मद्देनजर बांसी थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र में पटाखों की दुकानों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान दुकानदारों के लाइसेंस एवं रजिस्टरों की जांच की गई तथा पटाखों के भंडारण और विस्फोटक क्षमता का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान आग से बचाव के लिए रेत, पानी एवं अग्निशमन यंत्रों सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को भी परखा गया। प्रभारी निरीक्षक ने दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में 25 अक्टूबर 2026 को की गई।प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी की इस सक्रियता से पटाखा दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आमजन की सुरक्षा के प्रति पुलिस की सतर्कता का संदेश गया।

पत्रकार समाज का होता है दर्पण : यशोदानंद

चौरीचौरा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन उप्र0 की तहसील ईकाई चौरीचौरा की मासिक बैठक योगेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में झगहा स्थित एक कोचिंग सेंटर पर आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन विस्तार पर वृहद रूप से चर्चा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य यशोदानंद सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है।

डीएम और एसएसपी ने पीईटी के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जा रही प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पंचायत राज बालिका महाविद्यालय, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, शिव नारायण इंटर कॉलेज तथा थियोसोफिकल इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा के सुचारु संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। परीक्षा के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ करें, ताकि परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हो सके वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए।

पीईटी परीक्षा के चलते बाजार में लगा जाम, हलाकान हुए राहगीर



प्रतापगढ़। रविवार को पीईटी परीक्षा को लेकर स्थानीय बाजार में भीड़ के चलते घंटो जाम को लेकर हलाकान दिखे। विद्यालयों के गेट पर भी परीक्षार्थियों और अभिवावकों का सुबह से ही भारी जमावड़ा देखा गया। पुलिस प्रशासन परीक्षा केन्द्रों पर शांति व्यवस्था के लिए मुस्तैद दिखा। परीक्षा को लेकर चौक से लेकर स्टेट बैंक तक रायबरेली प्रतापगढ़ नेशनल हाईवे पर वाहनों का लम्बा जाम देखा गया। इसके चलते राहगीरों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। बाजार में पिकेट पुलिस भी जाम को लेकर मशक्कत में दिखी। वहीं पीईटी परीक्षा को लेकर एसडीएम वाचस्पति सिंह तथा सीओ राजीव द्विवेदी भी प्रशासनिक प्रबन्धों को लेकर मुस्तैद दिखे। शाम को परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद यातायात सामान्य हो सका।

शरद पूर्णिमा पर गंगा आरती का आयोजन

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के मां चण्डिका-अंबिका देवी धाम, बक्सर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुरेश मिश्रा ने शिक्षाविद् एवं समाजसेवी अनुराग त्रिवेदी के सामाजिक कार्यों, सनातन संस्कृति के संरक्षण, शिक्षा के प्रसार और युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल पर प्रकाश डाला।सुरेश मिश्रा ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक दायित्वों से जोड़ना जरूरी है।

गंगा आरती जैसे आयोजन सनातन परंपराओं के संरक्षण के साथ सामाजिक एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।उन्होंने अनुराग त्रिवेदी की ओर से डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना, रोजगार मेलों के आयोजन और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के प्रयासों का उल्लेख किया। कहा कि शिक्षा और रोजगार के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल ग्रामीण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।अनुराग त्रिवेदी का संकल्प भगवंतनगर विधानसभा के युवाओं को शिक्षा, संस्कार और रोजगार के अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें।कार्यक्रम के माध्यम से सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता, युवा सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

पहले दिन 11,900 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीईटी, दोनों पालियों में 34,516 ने दी परीक्षा

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के पहले दिन रविवार को गोरखपुर के 52 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों में कुल 46,416 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन 34,516 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। कुल 11,900 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अभ्यर्थियों के आवागमन पर विशेष ध्यान दिया गया।पहली पाली में 23,208 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें से 17,203 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 6,005 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में भी 23,208 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था थी। इस पाली में 17,313 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 5,895 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह पहली पाली में 74.12 प्रतिशत और दूसरी पाली में 74.60 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दोनों पालियों को मिलाकर उपस्थिति 74.36 प्रतिशत रही।जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में परीक्षा को व्यवस्थित और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने व्यवस्थाओं की निगरानी की। सभी 52 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंधों के साथ परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा गया, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा देने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।एसएसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस सतर्क रही।

- गोरखपुर के 52 केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई परीक्षा, पहली पाली में 6,005 और दूसरी में 5,895 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश और परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया गया। साथ ही, परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने और परीक्षा समाप्त होने के बाद वापस लौटने वाले अभ्यर्थियों के आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए जरूरी प्रबंध किए गए।बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के पहुंचने को देखते हुए बस स्टैंड और प्रमुख आवागमन स्थलों पर भी व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने और परीक्षा के बाद वापस जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के साथ ही अभ्यर्थियों की सुविधा का ध्यान रखा गया।

परीक्षा के दौरान प्रशासन और पुलिस की प्राथमिकता केंद्रों पर सुरक्षा बनाए रखने, परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और अभ्यर्थियों को सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराने की रही। सभी 52 केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।गोरखपुर में पीईटी-2026 की परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा एक नवंबर को आयोजित होनी है। तीन दिनों में छह पालियों में कुल 1,39,248 अभ्यर्थियों के शामिल होने का कार्यक्रम निर्धारित है।

पहले दिन की परीक्षा संपन्न होने के बाद आगामी परीक्षा तिथियों पर भी केंद्रों की सुरक्षा, यातायात और अभ्यर्थियों के आवागमन से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखना प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के प्रथम चरण के तहत खेसरहा थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को ग्राम सेमरा मुस्तहकम में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम एवं जन चौपाल का आयोजन किया। प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र के निर्देशन में तथा मिशन शक्ति टीम प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

शांतिपूर्वक संपन्न हुआ शिक्षक एमएलसी निर्वाचन

बांसी, सिद्धार्थनगर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत बांसी तहसील के खेसरहा परिक्षेत्र में मतदान प्रक्रिया सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इसमें तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कुमार श्रीवास्तव की सक्रियता, सतत निगरानी और कुशल प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में तहसीलदार श्री श्रीवास्तव ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक सतर्कता बनाए रखी।उनके निरंतर प्रयासों और प्रशासनिक समन्वय से मतदान व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में मदद मिली। तहसीलदार पीयूष कुमार की कार्यशैली और सक्रियता की शिक्षक अरुण शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद में घर में घुसकर गोली मारने का आरोप, घायल की हैलट अस्पताल में मौत

जिला संवाददाता

उन्नाव (वीओएल)। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चैपाई के मजरा ठकुराइन खेड़ा में शनिवार रात जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति को गोली मारने का मामला सामने आया है। घर के भीतर हुई फायरिंग में कन्हैया लाल रावत (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके गर्दन और चेहरे पर दो गोलियां लगने की बात सामने आई है। गंभीर हालत में उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह करीब नौ बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक और दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात करीब 11 30 बजे कन्हैया लाल अपने घर में थे। इसी दौरान आरोप है कि कुछ लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए उन पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। परिजन कुछ समझ पाते, इससे पहले ही हमलावर दीवार फांदकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस चैकी प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असोहा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया, जहां उपचार के दौरान उनकी जान नहीं बच सकी। मृतक की पुत्री अनामिका की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में नागेंद्र, मोनू और सरनाम पुत्र हरिप्रसाद तथा हरिप्रसाद पुत्र अज्ञात, निवासी मरुई, मोहनलालगंज, लखनऊ के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। तहरीर के मुताबिक, आरोपी रात में घर में घुसे, गाली-गलौज की और उनके पिता को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। हालांकि, घटना के संबंध में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। चैकी प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा के मुताबिक, नामजद आरोपी मृतक के रिश्ते में चचेरे साले बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले जमीन के एक मामले में आरोपित पक्ष की ओर से कन्हैया लाल को करीब एक लाख 98 हजार रुपये दिए गए थे।

श्रावस्ती में 69 प्रतिशत आभा आईडी बनीं प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल



श्रावस्ती। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 21 अक्टूबर को इकौना स्थित होटल ट्यूलिप इन में जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयनाथ की देखरेख में आयोजित कार्यशाला में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 69 प्रतिशत आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। इस उपलब्धि के साथ श्रावस्ती प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रगति बढ़ाने की अपील की।जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आभा आईडी बनवाने तथा आमजन को इसके लाभ बताकर डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नई तकनीक अपनाने से स्वास्थ्य सेवाएं सरल और व्यवस्थित होंगी।राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ. रीना वर्मा और सौम्य श्रीवास्तव ने मिशन के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। कार्यशाला में आभा, स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री (एचएफआर) और स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री (एचपीआर) के बारे में बताया गया। आभा 14 अंकों की विशिष्ट स्वास्थ्य पहचान है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने और जरूरत पर उपयोग करने में सुविधा मिलती है। आभा ऐप से रिपोर्ट देखने, ऑनलाइन पंजीकरण और उपचार के दौरान पुरानी जांच रिपोर्टों का उपयोग करने में मदद मिल सकती है। इससे अनावश्यक जांच दोहराने की जरूरत कम हो सकती है। स्वास्थ्य रिकॉर्ड की सुरक्षा और गोपनीयता पर भी जोर दिया गया।जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. डीके सिंह ने आभा आईडी की उपयोगिता बताई। कार्यशाला में डॉ. केके वर्मा, डॉ. ठाकुर दास, सभी विकासखंडों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सक, निजी अस्पतालों के संचालक तथा आयुष्मान टीम के डॉ. पंकज यादव, मानवेंद्र तिवारी और गोविंद शुक्ला उपस्थित रहे।

द्वारिकाधीश का अवतार सत्य - धर्म के पालन की है सीख. सर्वेशपति त्रिपाठी

प्रतापगढ़। खालसा सादात के पण्डित का पुरवा में हो रही श्रीमदभागवत कथा में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण के लोकावतार की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। व्यासपीठ के पूजन अर्चन के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए कथाव्यास राजगुरू सर्वेशपति त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जगत में हुई लीला नीति और धर्म के पालन की हमें सीख दिया करती है। उन्होने कहा कि द्वारिकाधीश ने जगत को सत्य के धर्म की रक्षा के कर्तव्य पालन का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होने कहा कि भगवान का प्रतिफल उसे ही मिला करता है जिसका जीवन सदाचरण में हुआ करता है। कथाव्यास ने कहा कि श्रीमदभागवतगीता मनुष्य के कर्म साधना का पथ प्रदर्शक ग्रन्थ है। कथा के दौरान भक्ति संगीत में भी श्रद्धालु भगवान के नाम के जाप में मगन दिखे। यजमान कमला देवी व त्रिलोचन प्रसाद ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर राकेश पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, दिनेश पाण्डेय, अनिल महेश,राजेश कुमार, बृजेश कुमार,अभिषेक, सरिताए रीता, रक्षा, सृष्टि आदि मौजूद रहे।

चोरी के दो मामलों में सात आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

श्रावस्ती। भिनगा।कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो मामलों में वांछित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 अक्टूबर की सुबह 3:55 बजे जनता इंटर कॉलेज के पास एक निमार्णाधीन मकान से आरोपियों को पकड़ा।पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर को उच्च प्राथमिक विद्यालय भलुहिया की खिड़की तोड़कर सामान चोरी करने और एक दुकान से सामान चोरी होने के मामले दर्ज किए गए थे।

नेत्र रोगियों के लिए ओपीडी निःशुल्क आज

इटावा। चौधरीशंकर दयाल दीक्षित संस्थान इटावा द्वारा पोषित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर इटावा की 15 विन वर्षगांठ, स्थापना दिवस पर 26 अक्टूबर को सभी नेत्र रोगियों के लिए ओपीडी निशुल्क रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विद्याकांत तिवारी ने बताया कि दिनांक 26 अक्टूबर 26 को नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में ओपीडी के साथ सभी जांचे भी निशुल्क रहेंगी। संस्थान अध्यक्ष डॉ. तिवारी जनपद के सभी नेत्र रोगियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर इस निःशुल्क नेत्र ओपीडी और जांच योजना का लाभ उठाएं। डॉ तिवारी ने बताया कि संस्थान की स्थापना 26 अक्टूबर 2013 में हुई थी। डॉ तिवारी चैधरी शंकर दयाल दीक्षित संस्थान और शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर इटावा से जुड़े सभी सदस्यों से भी अनुरोध किया है वह भी 26 अक्टूबर 26 को नेत्र चिकित्सालय राहतपुर इटावा में उपस्थित रहकर सहयोग करें।

अखिलेश को आजम से पहले मिलना चाहिए था

इटावा। पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह रविवार दोपहर इटावा पहुंचे। यहां उन्होंने आजम से अखिलेश यादव की मुलाकात पर तंज कसा। कहा- अखिलेश यादव को आजम खान से कुछ और पहले मिलना चाहिए था। सपा-कांग्रेस के सीट बंटवारे पर कहा कि अगर सीट बंटवारे का फैसला मेरे हाथ में होता तो कांग्रेस को 25 सीट से ज्यादा नहीं देता।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में राजनीति दल 2027 के विधानसभा की तैयारियों में जुटे है। आने वाले चुनाव में मुकाबला दिलदस्प होगा। बृजभूषण ने कहा कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुददीन उवैसी बढ़िया नेता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत खरवहिया नं01 विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष 2026-27 दिनांक 25.10.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी लखीमपुर-खीरी के पत्रांक 3791/पं0/डी0पी0एम0/2026-2027 दिनॉक 24.10.2026 पत्र के क्रम में जिला अधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खरवहिया नं01 में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 26.10.2026 से 01.11.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्रा म पंचायत के कार्यालय में दिनांक 01.11.2026 को 04 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम व मात्रा
		इण्टरलॉकिंग टाइल्स 80 एम0एम0
04	अनिल के घर से मनीष के घर तक इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य	11550 नग

नियम शर्तें:-

1. निविदा फर्म व उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत खरवहिया नं01 के कार्यालय में 26.10.2026 से 01.11.2026 तक रुपये मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत खरवहिया नं01 के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 26.10.2026 से 01.11.2026 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर ग्राम पंचायत खरवहिया नं01 के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 01.11.2026 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रुप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरुप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

रामरानी, ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत-खरवहिया नं01
निधि देवी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-खरवहिया नं01

कार्यालय ग्राम पंचायत जुगनूपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष 2026-27 दिनांक 25.10.2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी लखीमपुर-खीरी के पत्रांक 3791/पं0/डी0पी0एम0/2026-2027 दिनॉक 24.10.2026 पत्र के क्रम में जिला अधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जुगनूपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 26.10.2026 से 02.11.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 02.11.2026 को 04 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम व मात्रा	
		इण्टरलॉकिंग टाइल्स 80 एम0एम0	रोडा 40 एम0एम0
04	यूसुफ के घर से सरफुद्दीन के घर तक इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य।	12687 नग	31.50 घनमी0

नियम शर्तें:-

1. निविदा फर्म व उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में 26.10.2026 से 02.11.2026 तक रुपये मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 26.10.2026 से 02.11.2026 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर ग्राम पंचायत जुगनूपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 02.11.2026 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रुप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरुप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

सहाबुद्दीन, ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत-जुगनूपुर
निधि देवी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-जुगनूपुर

प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर रामपुरखास में स्वागत के नये रिकॉर्ड की चमक

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ प्रथम क्षेत्र आगमन पर हुए स्वागत से गदगद है कांग्रेसीगढ़

प्रतापगढ़। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद शनिवार को रामपुरखास में सांसद प्रमोद तिवारी के साथ आराधना मिश्रा मोना के स्वागत का एक नया रिकार्ड नजर आया है। रविवार को स्थानीय कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं की हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मोना के ऐतिहासिक स्वागत को लेकर क्षेत्रीय जनता के प्रति आभार जताया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रथम बार क्षेत्र पहुंचने पर रामपुरखास की जनता तथा कार्यकताओं के जोरदार समर्थन व स्वागत को सेवा एवं विकास के लिए सशक्त पूंजी कहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार भी जताया है। वहीं बैठक में प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल,केडी मिश्र, लालजी यादव,दगपाल यादव, रघुनाथ सरोज,लल्लन सिंह,अरविंद सिंह,भुवनेश्वर शुक्ल, महमूद आलम,



डाण चन्द्रेश सिंहए डॉ. अमिताभ शुक्ल, छोटे लाल सरोज, रामकृपाल पासी,रामनेवाज रजक, दयाराम वर्मा आदि ने भी लालगंज में हुई जनसभा की सफलता को लेकर व्यापारियों तथा अधिवक्ताओं व शिक्षकों एवं क्षेत्रीय लोगों के प्रति आभार जताया। स्वागत कार्यक्रमों में ग्रामीणों खासकर महिलाओं की जोरदार उपस्थिति को लेकर कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को भी कांग्रेसियों का उत्साह जोश में देखा गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना का खास अवसरों पर परम्परागत स्वागत भी अभी तक बढ़ चढ़कर दिखता था। शनिवार को कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद रामपुरखास में अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुंची आराधना मिश्रा मोना के स्वागत में जिस तरह से कार्यकताओं का हौंसला दिखा और ग्रामीणों की बढ़ चढ़कर भागीदारी दिखी वह एक नए रिकार्ड की सियासी चमक दे गया है। रायबरेली.प्रतापगढ़ की अगई सीमा पर वाहनों का लम्बा कारवां और कार्यकताओं का जो

संक्षेप

हत्या में पूर्व मंत्री का पुत्र गिरफ्तार

बांदा। नरैनी क्षेत्र के ग्राम नंदवारा में बीते दिनों हुई दो मासूम बच्चों के हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस व एसओजी टीम ने शहर कोतवाली के पास स्थित पूर्व मंत्री के घर में छापा डाला। घर में मौजूद हत्यारोपी महेंद्रपाल सिंह वर्मा उर्फ राजू पुत्र सुरेंद्र पाल वर्मा व ओमकार उर्फ शेरा पुत्र अच्छेलाल निवासी ग्राम नंदवारा को बाहर निकालने का प्रयास किया।

लेकिन दरवाजा न खोलने पर एसओजी टीम ने सख्ती दिखाते हुए गेट व अंदर के दरवाजे तोड़कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। क्षेत्राधिकारी नरैनी प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनो को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। बताते चले कि दो मासूम भाईयों की हत्या कर शव को गड्ढे में छिपाने के मामले में आरोपी रहे पांच अन्य लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। काफी दिनों से फरार चल रहे दोनो आरोपियों को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

नौ परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में हुई पीईटी परीक्षा



जिला संवाददाता

बांदा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी-2026 के पहले दिन जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक के साथ परीक्षा केंद्र इंटरमीडिएट कालेज, तिंदवारा, विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बांदा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग (फ्रिस्किंग) व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीय परीक्षा सामग्री के रख-रखाव को देखा। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी निर्देश पुस्तिका का अनुपालन करते हुए परीक्षा को पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में कराया जाये। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहकर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। जनपद यह परीक्षा 25, 30 अक्टूबर, 1 नवंबर को प्रतिदिन दो पालियों पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक एवं अपरान्ह 3 से 5 बजे तक कुल नौ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की सतत लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है।

पीईटी परीक्षा केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



बहराइच। परीक्षा नियंत्रक, उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा 25 व 30 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर को जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी.ई.टी.) की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से परीक्षा के प्रथम दिवस की प्रथम पाली में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक सम्पन्न होने वाली परीक्षा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्र महिला पीजी कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज तथा पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज बहराइच का निरीक्षण कर नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापकों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि 30 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर को भी जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर दो-दो पालियों प्रथम पाली में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पॉली की परीक्षा अपरान्ह 03:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी.ई.टी.) की लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी।

ट्रेन से अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद

भटनी (देवरिया)। जीआरपी थाना भटनी की पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन भटपाररानी के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी मौर्य एक्सप्रेस से 48 पीस अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। शराब एक लावारिस पिट्ठू बैग में रखी गई थी। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेनों में अपराध नियंत्रण और अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ट्रेन संख्या 15028 मौर्य एक्सप्रेस की जांच के दौरान एक बैग से 180 मिलीलीटर के 48 पीस ब्लेंडर प्राइड शराब बरामद हुई। इसकी कुल मात्रा 8.64 लीटर है। यह कार्रवाई रेलवे पुलिस के उच्चधिकारियों के निर्देश पर तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बलिया रवि रत्न गौतम के निकट पर्यवेक्षण में की गई। बरामदगी करने वाली टीम में जीआरपी थाना भटनी के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार यादव और कांस्टेबल पंकज मिश्रा शामिल रहे। पुलिस बरामद शराब को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

थाना प्रभारी व वरिष्ठ उपनिरीक्षक को किया सम्मानित



बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में समिति की बहराइच जिला इकाई की ओर से थान प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजीत प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने दोनों पुलिस अधिकारियों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और समिति की वार्षिक पत्रिका सेवा पथ भेंट की। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने बीते त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही क्षेत्र की वर्तमान स्थिति एवं विभिन्न परिस्थितियों पर चर्चा कर आपसी समन्वय और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, तेज प्रसाद वर्मा, रमेश सिंह, इरशाद हुसैन और रमेश कुमार मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ की जिला कार्यकारिणी ने ली शपथ

देवरिया। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ, देवरिया के तत्वावधान में आयोजित प्रबंधक सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह में जिला, तहसील एवं ब्लॉक कार्यकारिणी सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। जिला अध्यक्ष श्रीप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में 37 पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता और विद्यालय प्रबंधकों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। जिला कार्यकारिणी में श्रीप्रकाश पांडेय अध्यक्ष, सुभाष यादव संयोजक, अनिल गुप्ता एवं हेमंत सिंह सहसंयोजक, मनोज यादव एवं डीएन सिंह संरक्षक, ई. फखरुद्दीन अंसारी एवं तानसेन सिंह संरक्षक, मनीष कुमार श्रीवास्तव सलाहकार, ओमप्रकाश सिंह एवं श्यामसुंदर यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मयंक श्रीवास्तव, डॉ. जावेद अहमद खान एवं हृदय कुमार पाठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विकास चौरसिया एवं सुनील यादव उपाध्यक्ष, अविनाश गुप्ता एवं प्रमोद यादव महामंत्री तथा परवेज खान कोषाध्यक्ष बनाए गए।

पिछड़ा वर्ग आयोग ने परखी ग्रामीण निकायों में अति पिछड़ों की स्थिति



महोबा। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की एक बैठक रविवार के दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य सेवानिवृत्त अपर जिला जज संतोष कुमार विश्वकर्मा और सेवानिवृत आईएएस डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयोग के सदस्यों ने जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत ग्रामीण जनसंख्या के आंकड़ों की पुष्टि की। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुखों, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों से संवाद कर ग्रामीण निकायों में अति पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधित्व तथा उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति की जानकारी ली। बैठक में इन जातियों के आर्थिक पिछड़ेपन और वर्तमान हालातों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। आयोग द्वारा तैयार यह विस्तृत रिपोर्ट माननीय उच्च न्यायालय और राज्य सरकार को भेजी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा, मां-बेटे और मौसी की मौत

महोबा। जनपद के खरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रविवार शाम को बांस-बल्लियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान हमीरपुर निवासी कपिल उम्र लगभग 18 वर्ष, उनकी मां विमला उम्र लगभग 45 वर्ष और मध्य प्रदेश के छतरपुर की रहने वाली मौसी कमला उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई है। यह परिवार चरखारी क्षेत्र के रिवई गांव में आयोजित एक पारिवारिक मुंडन संस्कार में शामिल होने आया था। कार्यक्रम के बाद जब तीनों बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल महोबा जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया गया है और पुलिस आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

त्याग, तपस्या और मेहनत से संवरेगा विद्यार्थियों का भविष्यः हरि गोविन्द उपाध्याय



जौराबाजार, कुशीनगर। जौरा बाजार स्थित पंडित मंगल उपाध्याय पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर के दूसरे दिन रविवार को विद्यार्थियों को अनुशासन, शारीरिक स्वास्थ्य और जीवनोपयोगी कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक जेपी रावत ने सुबह योग और पीटी का अभ्यास कराया। इसके बाद प्राथमिक सहायता और ध्वज शिष्टाचार की जानकारी दी गई। शिविर में सभी ग्रुपों का निरीक्षण भी हुआ। कार्यक्रम में अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता उप्र सरकार हरि गोविन्द उपाध्याय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में त्याग और तपस्या को अपनाएं तथा अधिक से अधिक अध्ययन करें। मेहनत ही सफलता की कुंजी है। जो जितना परिश्रम करेगा, वह जीवन में उतना ही आगे बढ़ेगा। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर प्रयास करना चाहिए। देसही देवरिया के पूर्व प्रमुख अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों को माता-पिता और पुस्तकों से प्रेम करना चाहिए। माता-पिता का मार्गदर्शन और पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान जीवन में आगे बढ़ने तथा सफलता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर आलोक चंद्र उपाध्याय ने स्वागत एवं आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त शिक्षक श्रीकांत मिश्र, योगेन्द्र उपाध्याय, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित संगठन के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र उर्फ इंदू उपाध्याय, नवीन मिश्र, अशोक उपाध्याय, सुनील गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ई रिक्शा चालक से मारपीट, राज्यमंत्री और कार्यकर्ता धरने पर बैठे



बांदा। ई रिक्शा चालक से विवाद को लेकर रविवार की दोपहर राज्यमंत्री रामकेश निषाद कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली के सामने दुकान में धरने पर बैठ गए। जबकि कार्यकर्ता बीच सड़क में बैठकर नारेबाजी करते रहे। शनिवार को ई रिक्शा चालक का चार लोगों से विवाद हो गया था। चालक का आरोप है कि शिकायत करने पर चैकी इंचार्ज व थाने के दरोगा ने उससे मारपीट की। कहा कि शिकायत की तो जेल भेज देंगे। मुझसे नौ हजार महीने का गुंडा टैक्स मांगते हैं। भाजपा कार्यकताओं के धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर राज्यमंत्री समर्थकों के साथ कोतवाली नगर पहुंच गए और सामने एक दुकान में धरने पर बैठ गए। जानकारी मिलते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। कार्यवाही का आश्वासन दिया। ई रिक्शा चालक से मारपीट करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज की गई। करीब दो बजे मंत्री धरने से उठकर चले गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि चैकी प्रभारी कृषि विश्वविद्यालय के पास शिकायत करने गया तो दरोगा दीपक कुमार सैनी ने उसे ही पीटा। कान पकड़कर उठक बैठक करायी। शिकायत करने पर जेल भेजने की धमकी दी। अगले दिन वह आरोपियों व चैकी इंचार्ज की शिकायत लेकर कोतवाली गया लेकिन वहां भी दरोगा प्रभुनाथ यादव ने उससे मारपीट की। कोतवाली से भगा दिया। पीड़ित ने लिखित तहरीर में गवाह के रूप में शिवसागर व शुवेंद्र के नाम दिए हैं। लगभग 12:45 बजे सीओ सौरभ सिंह पहुंचे और जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद से बात की। धरने पर बैठने का कारण पूछा। कार्यवाही के आश्वासन पर अपरान्ह दो बजे मंत्री व भाजपा कार्यकर्ता ने धरना समाप्त कर दिया। बताते चलें कि इस मामले को लेकर पुलिस कार्यवाही न होने के विरोध में राज्य मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल व कार्यकताओं के धरने पर बैठने को लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

किसानों को दी खाद व बीज की जानकारी

बांदा। नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत ब्लाक ओरिएंटेशन प्रोग्राम विकासखंड नरैनी में कृषि सखियों व किसानों की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक डा.अभय कुमार सिंह यादव ने कृषि विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग के तहत प्रयोग होने वाले इनपुटस जैसे जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र, अग्निास्त्र एवं दशपर्णी अर्क बनाने के बारे में किसानों को बताया। किसानों से कहा कि अपने खेतों में समय से बोआई करें। संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। धान की फसल के बाद जीरोट्रिल सीडड्रिल के माध्यम से गेहूं, चना, मटर, मसूर, सरसों की बोआई समय से कर सकते हैं।

इसके बाद उप कृषि निदेशक ने नरैनी व बड़ोखर ब्लाक के बीज गोदाम का निरीक्षण किया। बीज भंडार केंद्रों में बीजों की रेट लिस्ट चस्पा करायी। किसानों से समस्याओं के बारे में जाना। किसानों को बीज एवं बीज मिनीकिट के वितरण की जानकारी दी।

शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर दिया जोर



देवरिया। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ के तत्वावधान में रविवार को टाउन हॉल स्थित ऑडिटोरियम हॉल में प्रबंधक सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी और राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में विद्यालय प्रबंधकों के योगदान को रेखांकित करते हुए शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, संगठन की एकजुटता और शैक्षिक संस्थानों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की बुनियाद है। निजी विद्यालय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विद्यालय प्रबंधक केवल संस्थान का संचालन ही नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण और समाज को शिक्षित बनाने की जिम्मेदारी भी निभाते हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक सोच, बेहतर प्रबंधन और सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों का समन्वय जरूरी है। शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केंद्र हैं। विद्यालय प्रबंधकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रबंधकों से आपसी समन्वय के साथ शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने शिक्षा के प्रसार और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने विद्यालय प्रबंधकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा के विकास में सहयोग की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी गौरव भारती उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन विजय पटेल ने किया। जिला अध्यक्ष श्रीप्रकाश पांडेय ने अध्यक्षता की, जबकि संचालन अंजली यादव ने किया। समारोह में अनिल गुप्ता, प्रमोद यादव, ओम प्रकाश, हेमंत सिंह, मनोज यादव, तानसेन सिंह, परवेज आलम, अभिजीत श्रीवास्तव, श्याम सुंदर यादव आदि उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आज होंगे आयोजितः सीडीओ

जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। शासन के निर्देश पर 26 अक्टूबर आज सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर जनपद की 18 नगर पालिका व नगर पंचायतों में एक-एक स्थान पर एवं 11 विकास खंडों मे 36 अलग-अलग स्थानों पर कुल 54 स्थानों पर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों, विचारों एवं सामाजिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करते हुए आमजन को रामायण में निहित मानवीय मूल्यों, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रीय आदर्शों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रमों के अंतर्गत चयनित 29 मंदिरों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन तथा अन्य भक्तिमय सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। प्रमुख स्थलों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 8, 12 अथवा 24 घंटे के अखंड वाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन भी कराया जाएगा।

इसके अतिरिक्त श्रीराम, श्रीहनुमान एवं रामायण से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों तथा स्थलों पर भी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि संबंधित विभागों एवं आयोजकों को कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महर्षि वाल्मीकि के जीवन, विचारों और आदर्शों से लोगों को परिचित कराया जाएगा।

वर्षावास के समापन अवसर पर भिक्षुओं ने की बुद्ध वंदना



कसया, कुशीनगर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध स्थली कुशीनगर में भिक्षुओं ने मुख्य मंदिर सहित बुद्ध विहारों में तथागत बुद्ध का पूजन अर्चन कर विश्व कल्याण की कामना की। इसी के साथ भिक्षुओं के तीन मास के वर्षावास का समापन हो गया। रविवार को विभिन्न बौद्ध बिहारों के भिक्षुओं ने भिक्षु संघ के निर्देशन में मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में तथागत की लेटी प्रतिमा का धम्म पाठ के साथ दर्शन पूजन किया और चीवर चढ़ाया।

इसी के साथ नब्बे दिन का वर्षावास समाप्त हो गया। थाई भंते अचान सोम पोंग ने कहा कि बौद्ध धर्म में शरद पूर्णिमा का काफी महत्व है। इसी दिन तथागत बुद्ध को बोध गया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसके पश्चात पिंड पात्र लेकर भिक्षु नंदका, भिक्षु सों क्रान, भिक्षु अशोक, भिक्षु उपाली, भंते समिट, कुलदीप सही भिक्षु भिक्षाटन को निकले। बुद्ध मार्ग पर यामा कैफे के संचालक और उपासक तरित किशोर राय उर्फ टीके राय ने पत्नी मोरिन राय सहित मल्लिका, अभी सिंह, अजय सिंह, राजन, राजेंद्र शर्मा, प्रेम, ओमप्रकाश कुशवाहा ने सहित भिक्षुओं को खाद्यान्न, फल, पानी भेंट किया। भिक्षुओं ने सभी उपासकों को आशीर्वाद दिया और कहा कि बुद्ध की करुणा से ही विश्व में शांति और कल्याण होगा।

डीएम और एसपी ने निर्माणाधीन फायर स्टेशन का किया निरीक्षण



बहराइच। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया तथा संबंधित कार्यों की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर निमार्णाधीन फायर स्टेशन से संबंधित व्यवस्थाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जा सके। फायर स्टेशन के निर्माण से क्षेत्र में अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा आगजनी की घटनाओं के दौरान त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। इससे क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने एवं जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सौरभ दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा एवं क्षेत्राधिकारी अग्निशमन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अंकपत्र वितरण के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक संपन्न

भटनी (देवरिया)। नगर स्थित के.के पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी, स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा के अंकपत्र वितरण के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अभिभावकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, अनुशासन और प्रगति के संबंध में चर्चा की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम साझा करते हुए उनकी कमजोरियों को दूर करने और शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही नियमित उपस्थिति, स्वच्छता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया।

कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। अभिभावक बच्चों की नियमित पढ़ाई, गृहकार्य और अनुशासन पर विशेष ध्यान दें। शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों की कमियों को दूर कर उनकी प्रतिभा निखार सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी निरंतर संवाद बनाए रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

मिशन टीम ने बहू- बेटी सम्मेलन और जागरूकता अभियान चलाया

बहराइच। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई गई महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

रामराज्याभिषेक में शामिल हुए समाजसेवी



बांदा। शहर के अलीगंज रामलीला समिति में श्रीराम राज्याभिषेक एवं आरती व पूजा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रामलीला समिति अलीगंज के अध्यक्ष कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, समिति के प्रबंधक महेशकरण मेहता, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप चैरसिया, उप प्रबंधक बब्बू द्विवेदी, प्रेम गुप्ता, राम जी दीक्षित, कांग्रेस महासचिव शोएब रिजवी, संतोष कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित सहयोगियों एवं भक्तजनों को सफलता पूर्वक कार्यक्रम की समिति के अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने शुभकामनाएं दी।

अपराधी देवराज उर्फ सोनू पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई, नोटिस जारी

बिजनौर। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बिजनौर ने धामपुर पुलिस की रिपोर्ट एंव पुलिस अधीक्षक बिजनौर की संस्तुति के आधार पर धामपुर क्षेत्र की शांति के लिए खतरा बने देवराज उर्फ सोनू के खिलाफ उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया है।

जानकारी के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामठेरा निवासी देवराज उर्फ सोनू पुत्र हरि सिंह पिछले कई वर्षों से अपने पद का रसूख दिखाकर आय दिन लोगो से मारपीट, धमकी व गुण्डागर्दी के कारण पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ था, जिसके चलते धामपुर पुलिस ने क्षेत्र की शांति व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए जुलाई 2026 में देवराज उर्फ सोनू द्वारा लगातार किए गए अपराधिक इतिहास की जन्म कुडली तैयार की और अक्टूबर 2026 को अपराधी देवराज उर्फ सोनू के खिलाफ गुण्डा एक्ट की रिपार्ट बनाकर कार्रवाही के लिए जिलाधिकारी बिजनौर को भेजी। धामपुर पुलिस की रिपोर्ट एंव पुलिस अधीक्षक बिजनौर की संस्तुति के आधार पर अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बिजनौर ने 09 अक्टूबर 2026 को गांव की शांति के लिए खतरा व पुलिस के लिए सिरदर्द बने अपराधी देवराज उर्फ सोनू पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम रामठेरा थाना धामपुर के खिलाफ उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया है।

विद्यालय की बदहाली और नियमों की अनदेखी उजागर, सीएम से की कार्रवाई की मांग

जिला संवाददाता (वीओएल)



बिजनौर। संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय, जहानाबाद खोबड़ा में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और नियमों की अनदेखी उजागर हुई है। ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एंटी करप्शन एंड सोशल डेवलपमेंट काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष ने विद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया।

एंटी करप्शन एंड सोशल डेवलपमेंट काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरपेज सिंह ने विकास खंड कोतवाली के अंतर्गत संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय, जहानाबाद खोबड़ा के निरीक्षण के दौरान देखा कि भोजन ग्रहण करने के उपरांत छोटे-छोटे बच्चे हैंडपंप पर स्वयं अपनी भोजन की थालियां धो रहे थे। शासन के स्पष्टीकरण निर्देशों के बावजूद रसोइयों की जगह मासूम विद्यार्थियों से बर्तन धुलवाना व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। विद्यालय में बच्चों के लिए पेयजल के लिए गिलास तक की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। बच्चे हैंडपंप से सीधे झुककर और फिर उसी भोजन की थाली में पानी भरकर पीने को मजबूर दिखे, जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत चिंताजनक है। निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाध्यापक भी अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए। साथ ही विद्यालय परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे मिले, जिससे परिसर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्व

ट्रेड डील की अड़चनें

अमरीका की तरफ से बार-बार यह बात दोहरायी जा रही है कि भारत के साथ कभी भी उसका लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो सकता है। हालिया भारत यात्रा के दौरान अमरीकी विदेश मंत्री रुबियों ने इसे फिर से दोहराया। लेकिन एक साल से अधिक हो गया हो गया है, अभी तक दोनों देश किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। अब तो ऐसा लगता है कि ट्रेड डील को लेकर अमरीका खुद ही भ्रमित है। ट्रंप ने पूर्व में भारत पर रूस से तेल लेने के कारण 50 फीसदी टैरिफ लगाया था। बाद में इस टैरिफ को 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने का निर्णय अमरीका ने अचानक किया। ट्रंप प्रशासन तब से विमर्श कर रहा था, जब से भारत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ 'मुक्त व्यापार समझौता' करने में सफल हुआ। राष्ट्रपति ट्रंप अपने कुछ नीतिगत फैसलों और 'दादागीरी' के कारण घरेलू स्तर पर और वैश्विक संदर्भों में विरोध झेल रहे थे, लिहाजा अकेले पड़ते जा रहे हैं। वैसे भारत-अमरीका के रणनीतिक संबंध किसी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के मोहताज नहीं हैं। वे निरंतर और स्वाभाविक हैं, क्योंकि वैश्विक समीकरण ही ऐसे हैं। भारत को अमरीका के साथ व्यापार में सबसे अधिक फायदा होता है। इसलिए यह जरूरी भी है कि हमारा अमरीका के साथ निर्बाध व्यापार



चलता रहे। इससे हमारी अर्थव्यवस्था और निर्यात दोनों को बल मिलता है। अगर अमरीका के साथ व्यापार समझौता होता है, तो जाहिर है कि 30 ट्रिलियन डॉलर वाली दुनिया की सबसे बड़ी, ताकतवर अर्थव्यवस्था के बाजार में 'मेड इन इंडिया' सामान और उत्पादों के निर्बाध बिकने का रास्ता साफ हो जायेगा। भारत को वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, रसायन, ऑटो, कालीन, आईटी हार्डवेयर, फार्मा, रत्न-आभूषण, पेट्रो उत्पाद, लोहा-इस्पात, प्लास्टिक, एल्यूमीनियम, तांबा, चमड़ा-जूते और फर्नीचर आदि के क्षेत्र में फायदा होगा। व्यापार समझौता कितना सकारात्मक और फलदायक होगा वह इसी से स्पष्ट है कि जब अमरीका ने 50 फीसद से 18 फीसद टैरिफ करने का निर्णय किया था तो 8 सालों में 'रुपया' पहली बार 122 पैसे चढ़ा और एक डॉलर 90 रुपये के पासपास आ गया था। लेकिन जैसे-जैसे अमरीका की तरफ से टैरिफ धमकियां बढ़ती गयीं, ट्रेड डील लटकता गया और ईरान के साथ टकराव लंबा होता गया, तो रुपया एक बार फिर गिरने लगा। ट्रंप ने दावा किया था कि भारत ने 500 अरब डॉलर (करीब 45.15 लाख करोड़ रुपये) के अमरीकी उत्पादों की खरीद की बात कही है। इनमें ऊर्जा, अत्याधुनिक तकनीक-प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद शामिल हैं। लेकिन भारत का कुल वैश्विक आयात 721 अरब डॉलर का है। भारत का आम बजट भी 53.47 लाख करोड़ रुपए का है। उसमें से 45 लाख करोड़ रुपये अकेले अमरीकी उत्पादों पर कैसे खर्च किए जा सकते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया था कि भारत टैरिफ, नॉन टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए अमरीकी उत्पादों पर 'शून्य' टैरिफ को भी सहमत हो गया है। यदि भारत 'शून्य' टैरिफ लगाएगा, तो उसकी कंपनियों का क्या होगा। हकीकत यह है कि भारत ने 'शून्य' टैरिफ पर सहमति कभी नहीं जतायी है। सबसे संवेदनशील यह है कि भारत ने गेहूं, मक्का, सोयाबीन और डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार नहीं खोला है। बहरहाल ट्रंप काल में अमरीका से किसी को छूट की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसलिए जो भी समझौता हो उसमें भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र की रक्षा के साथ अमरीकी बाजार में प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले एडवांटेज मिले। अमरीका के साथ अगर ट्रेड डील होती है, तो यह भारत के लिए बहुत फायदे का होगा लेकिन इसके लिए अमरीका को भी धमकी देने से बाज आना होगा और भारत की चिंताओं को गंभीरता से समझना होगा। बहरहाल रुबियो ने जल्द डील की बात कही है, तो हमें इसका इंतजार करना होगा।

विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।
-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।
-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।
-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।
-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

एलएसी पर चीन की हरकतों का मुंहतोड़ जवाब



मनोज बाजपेयी

जहां तक अरुणाचल में चीन के साथ भारतीय बलों का आमना-सामना होने की बात है, तो हम अपनी सेना और सुरक्षा बलों पर पूरा भरोसा कर सकते हैं कि जब भी चीनी सेना कोई हरकत करेगी, तो हमारे जवान इतना मारेंगे कि दर्द लंबे समय तक महसूस होगा। चीन को यह बात अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि भारत अब 1962 वाला नहीं है। नया भारत अपने पराक्रम से दुश्मन को सबक सिखाना जानता है।



विमर्श

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन की सीमा अर्थात एलएसी को लेकर जो कुछ कहा, उससे एक बात स्पष्ट हो गयी है कि चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और यह भी कि हमारे जवान चीनी सेना की हर हरकत मुंहतोड़ भी जवाब दे रहे हैं। आईटीबीपी देश की सेना के साथ मिलकर एलएसी अर्थात (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) की सुरक्षा करती है। ऐसे में आईटीबीपी के महानिदेशक का यह बयान कि सीमा पर कई बार दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच टकराव की स्थिति बनी और अभी भी आमना-सामना (फेस-ऑफ) जारी है, बहुत ही गंभीर सामरिक चिंतन का विषय है। बाद में इस बयान की पुष्टि करते हुए विदेश मंत्रालय ने भी कहाकि जब चीन की सेना पेट्रोलिंग पैटर्न का उल्लंघन करती है, तो टकराव की स्थिति बनती है। आईटीबीपी के महानिदेशक के बयान और विदेश मंत्रालय की पुष्टि से स्पष्ट है कि चीन के साथ सीमा पर टकराव बना हुआ, लेकिन हमारे सुरक्षा बल भी चीन को उसी की भाषा में जवाब दे रहे हैं। जैसे गलवान में चीनी घुसपैठ के समय देश के जवानों ने अपने जान की बाजी लगाकर मुंहतोड़ जवाब दिया था।

आईटीबीपी ने एलएसी पर चीनी हरकतों का जवाब देने के लिए स्पेशल फोर्स 'शौर्य कमांडो' का गठन किया है जिसे दुर्गम पहाड़ों के वातावरण में ट्रेंड किया गया है। देश की यह एलीट फोर्स चीनी सेना को न सिर्फ माकूल जवाब दे रही है बल्कि उन पर भारी भी पड़ती है। देश के लिए यह बहुत संतोष का विषय है कि हमारे सैनिक सीमा की रक्षा के लिए हमेशा सर्वोच्च बलिदान देने के लिए तैयार रहते हैं और जब भी मौका आया है, तो उन्होंने ऐसा करके दिखाया भी है, जैसे गलवान टकराव के समय। लेकिन शत्रुजीत सिंह कपूर ने चीनी सेना की उन्नत तकनीकों का जिक्र करते हुए यह भी कहाकि आधुनिक युद्धक साजो-सामान के बिना चीनी सेना का मुकाबला करने में कठिनाई भी पेश आ रही है। उन्होंने इसके लिए आधुनिक ड्रोन और एंट्री ड्रोन हथियारों, उन्नत तकनीकों की जरूरत बतायी। इस बात को भी देश के सामने रखा की हमारे जवान कई ऐसे परंपरागत हथियारों का उपयोग करते हैं, जो 50 साल या इससे भी अधिक पुराने हैं। जाहिर है जब दुनिया युद्ध में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर रही है, तो परंपरागत हथियारों के सहारे चीन जैसे शातिर दुश्मन का मुकाबला करने में चुनौतियां तो पेश आयेंगी ही। इसलिए आईटीबीपी के महानिदेशक के बयान को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। आज रक्षा प्रौद्योगिकी और युद्ध कौशल में आमूल-चूल बदलाव आया है। युद्ध की अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग तकनीकों की महती भूमिका होती है। मसलन यूक्रेन उन्नत ड्रोन और एंटी ड्रोन के सहारे चार साल से अधिक समय से रूस जैसे देश से लड़ रहा है। इसी तरह ईरान ने मिसाइल और ड्रोन के सहारे जिस तरह मध्य पूर्व को दहलाया और अमरीका के नाक में दम किया उसको सबने देखा है। ऐसे में विविध भौगोलिक परिस्थितियों में प्रभावी युद्ध तकनीक और उन्नत प्रणाली सैनिकों को उपलब्ध कराना जरूरी है क्योंकि दुश्मन के पास ये सब मौजूद है।

जहां तक उन्नत ड्रोन और एंटी ड्रोन प्रणाली की बात है, तो यह आज हर युद्ध में जरूरी हो गया है। बिना ड्रोन, सर्विलांस और एंटी ड्रोन के सहारे किसी भी युद्ध में बढ़त हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। युद्ध में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका के कारण ही हमारी सरकार देश की सेनाओं को आधुनिक युद्ध सामग्री और प्रौद्योगिकी से लैस करने की दिशा में बहुत ही सकारात्मक प्रयास कर भी रही है। चूंकि ड्रोन भविष्य के नये सूरमा हैं सो वायु सेना कई तरह के अलग अलग क्षमता वाले ड्रोन विकसित करने और खरीदने जा रही है। वह आठ हजार फीट पर उड़ने वाला लाइटरिंग एरियल इंटरसेप्टर, तीन तरह से दुश्मन को चकमा देने, घेरने, मारने वाले स्वार्म एंटी ड्रोन, एयरलांच स्वार्म ड्रोन, एलास्ट्कॉप्टर और दुश्मन के राडार को जाम करने वाले एमुलेटर ड्रोंस, एंटी-राडार डिकॉय स्वार्म, 500 किमी या उससे अधिक की रेंज वाला हाई-स्पीड ड्रोन, टेथर्ड ड्रोन प्रणाली जैसे कई ड्रोन और ड्रोन प्रणालियां अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। वायु सेना चारों दिशाओं से 200 ड्रोन की आमद को एक साथ भांप लेने वाला स्थिर राडार, हवा में एक ऐसा एयर-माइन सेंसर सिस्टम भी स्थापित करने जा रही है जो 2 हजार मीटर की ऊंचाई तक और एक किमी के दायरे में किसी भी तरह के ड्रोन द्वारा हवा में पैदा की गयी हलचल को सेंस कर लेगा।

भारत ने अपनी ड्रोन शक्ति का परिचय भी पाकिस्तान के साथ स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन में दिया है। इसी तरह ऑपरेशन सिंदूर के बाद संसार में सबसे सक्षम, इजराइल के आयरन और अमेरिकी गोल्डन डोम से बेहतर आंके गए अपनी वायु रक्षा प्रणाली एस 400 से भी आधुनिक तकनीक वाला स्मार्ट एयर डिफेंस सिस्टम विकसित करने जा रही है। इन तैयारियों का सबब क्या है? यही न कि अगर चीन जैसे शातिर दुश्मन किसी भी तरह का एडवेंचर करने का दुस्साहस करते हैं, तो उनको ऐसा सबक दिया जाये जिसे वह लंबे समय तक याद र खें। बेशक भविष्य के युद्धों के मद्देनजर भारतीय सेना को तकनीकी रूप से उन्नत हथियार, साइबर युद्ध और हाइब्रिड युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए, आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता और नई तकनीकों से लैस रहना होगा मगर क्या यह सब इस अनिश्चितता और आशंका के चलते कि पाकिस्तान और चीन मिलकर सेना को ढाई मोर्चे पर फंसा सकते हैं, बांग्लादेश को भड़काकर उधर से भी दिक्कत पैदा कर सकते हैं?

दरअसल भारतीय सेना भविष्य के बहुआयामी चुनौतियों वाले युद्ध की तैयारियां तेजी से करती दिख रही है, जो जरूरी है, बदलते भू-राजनीतिक समीकरण, वैश्विक सामरिक परिदृश्य तथा तकनीक के दौर में भविष्य के युद्ध के लिए तैयार रहना लाजिमी है। ऐसे में सेना द्वारा मेजर से लेकर मेजर जनरल और उनके समकक्षों, सभी सैन्य शाखाओं के उच्चाधिकारियों हेतु फ्यूचर वॉर फेयर कोर्स या 'भविष्य के युद्ध' जैसे पाठ्ठक्रम चलाना ताकि सैन्य नेतृत्व को युद्ध की बदलती गतिशीलता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और साथ ही सेना के तीनों अंगों के जुड़ाव तथा एकीकरण को भी बल मिले, समझा जा सकता है। बंगलुरू में एआई इनक्यूबेशन सेंटर चलाया जा रहा है ताकि सेना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को कुशलता से इस्तेमाल करने के नए तरीके तलाशे जा सकें। इसके अलावा सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा के सवालों के व्यवहारिक उत्तर पाने के लिये रक्षा शोध एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ, सेंटर फॉर रिसर्च एंड एक्सीलेंस इन नेशनल सिक्योरिटी को जोड़कर स्पेशल टीम बनाये जाने से भी साफ होता है कि सरकार और सेना दोनों भविष्य के युद्ध के लिये बहुत गंभीर है। इस दल को इसरो, सेना के डिजाइन ब्यूरो जैसी महत्वपूर्ण एजेंसियों की मदद हासिल है, ये सब भविष्य की रक्षा तैयारियों से संबद्ध रक्षा संबंधी समस्याओं, सवालों और भविष्य की अनसुलझी चुनौतियों का जवाब तलाशेंगी। जहां तक अरुणाचल में चीन के साथ भारतीय बलों का आमना-सामना होने की बात है, तो हम अपनी सेना और सुरक्षा बलों पूरा भरोसा कर सकते हैं कि जब भी चीनी सेना कोई हरकत करेगी, तो हमारे जवान इतना मारेंगे कि दर्द लंबे समय तक महसूस होगा। चीन को यह बात अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि भारत अब 1962 वाला नहीं है। नया भारत अपने पराक्रम से दुश्मन को सबक सिखाना भी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया



राजनीति में अपशब्द का पर्याय बन चुकी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के दिवंगत पिता के प्रति की गयी अमर्यादित टिप्पणी अक्षम्य और घोर निंदनीय है। सीएम योगी.



उप्र. के म्युनिसिपल उच्चाधिकारियों को निलंबित कर देना चाहिए क्योंकि कुछ लोग बिना पैसा जमा किये सरेआम पोस्टर लगवा रहे हैं और कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अखिलेश यादव



भारतीय वायु सेना के योद्धाओं के आद्वितीय साहस और कौशल के प्रदर्शन की साक्षी बन रही है काशी की धरती, इस मौके पर वायुसैनिकों का हौसला बढ़ रहे हैं पीएम मोदी जी। राजनाथ सिंह.

लोक कल्याण का भाव

लोक कल्याण का भाव हर इंसान में होना चाहिए। उदार व्यक्ति को अपनी सुविधाओं में कमी करके लोक की भलाई के लिए कुछ प्रयास अवश्य करने चाहिए। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है।

अंतर्दृष्टि

आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

यह रिश्ता क्या कहलाता है...

व्यंग्यलोक

दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाश्नी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है। बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वांइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है।



डॉ. प्रदीप उपाध्याय

पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूंकि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो!

उल्टा नाम जपत जग जाना वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना



महार्षि वाल्मीकि जयंती आज

विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में सिरमौर रामायण जिसे आदि रामायण भी कहा जाता है और जिसमें भगवान श्रीराम के पवित्र एवं जनकल्याणकारी चरित्र का वर्णन है, के रचयिता महर्षि वाल्मीकि संसार के आदि कवि हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक ऐसा महाकाव्य है जो हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श और पावन जीवन के निकट लाता है। उनकी सत्यनिष्ठा, पितृ भक्ति और भ्रातृ प्रेम, कर्तव्यपालन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है। रामायण हिंदु स्मृति का वह अंग है जिसके माध्यम से रघुवंश के राजा राम की कथा कही गयी है। हिंदू कालगणना के अनुसार रामायण कार रचनाकाल त्रेतायुग माना जाता है। रामायण से प्रेरित होकर गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमान जैसे महान महाकाव्य की रचना की। उल्टा नाम जपत जग जाना, बाल्मीकि भए ब्रह्म समाना। बाल्मीकि जी राम नाम का उच्चारण नहीं कर पाते थे। तब नारद जी ने विचार करके उनसे मरा-मरा जपने के लिए कहा और मरा रटते ही यही राम हो गया। निरंतर जाप करते-करते हुए बाल्मीकि जी ऋषि बाल्मीकि बन गए। शास्त्रों में कहा गया है कि बाल्मीकि की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उन्हें रामायण की रचना करने की आज्ञा दी।

ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से उनको समय से पूर्व ही रामायण की सभी घटनाओं का ज्ञान हो गया और उन्होंने संस्कृत भाषा में महान ग्रंथ रामायाण की रचना की। चूंकि प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना बाल्मीकि ने की इस कारण इस ग्रंथ को आदि ग्रंथ और वाल्मीकि को आदि कवि कहा गया है। बाल्मीकि के जीवन चरित को लेकर समाज व साहित्य में कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं बाल्मीकि ने रामायण में श्लोक संख्या 7/93/16, 7/96/18 और 7/111/11 में स्वयं को प्रचेता का पुत्र कहा है। मनुस्मृति में प्रचेता को वशिष्ठ, नारद व पुलस्त्य का भाई बताया गया है। प्रचेता का एक नाम वरुण भी है और वरुण ब्रह्मा जी के पुत्र थे। यह भी माना जाता है कि बाल्मीकि वरुण अथवा प्रचेता के 10 वें पुत्र थे और उनके दो नाम-अग्निशर्मा और रत्नाकर थे। समाज में एक किवदंती यह भी है कि बाल्यावस्था में रत्नाकर यानी वाल्मीकि को एक निःसंतान भीलनी ने चुराकर उनका पालन-पोषण किया। भीलनी का समुदाय असभ्य और बर्बर था। वन्य जीवों का शिकार और दस्युकर्म उनके जीवनयापन का मुख्य साधन था। चूंकि रत्नाकर यानी वाल्मीकि इन्हीं असभ्य भीलों की संगति में रहते थे लिहाजा वे भी इन्हीं कर्मों में लिप्त हो गए। बड़े होकर वे भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए दस्यु कर्म करने लगे। एक बार जंगल में उनकी मुलाकात नारद मुनि से हुई। उन्होंने रत्नाकर को सत्य का ज्ञान कराया। रत्नाकर ने नारद जी से अपने किए गए पापों से उद्धार का मार्ग पूछा।

नारद जी ने उन्हें तमसा नदी के तट पर राम-राम का जाप करने का परामर्श दिया। रत्नाकर दस्युकर्म का परित्याग कर कठोर साधना में जुट गए। कहा जाता है कि वे राम-राम का जप करना भूल मरा-मरा का जप करने लगे। कई वर्षों तक कठोर तपस्या के उपरांत उनके पूरे शरीर पर चीटियों ने बांबी बना ली, जिसके कारण उनका नाम वाल्मीकि पड़ा। राम-राम की जगह मरा-मरा का जाप करने वाले वाल्मीकि के बारे में कहा जाता है कि एक बार वे क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े को प्रेमालाप करते हुए निहार रहे थे तभी उसी समय एक बहेलिए ने पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया और मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके इस विलाप से महर्षि वाल्मीकि की करुणामय हो गए और उनके मुख से स्वतः ही श्लोक फुट पड़ा-'मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकम् अवधीः काममोहितम।' इसका अर्थ यह हुआ कि 'अरे बहेलिए तूने काममोहित मैथुनरत क्रौंच पक्षी को मारा है। जा तुझे कभी भी प्रतिष्ठा की प्राप्ति नहीं होगी।' वाल्मीकि ने अपने रामायण में अनेक घटनाओं के घटने के समय सूर्य, चंद्र एवं अन्य नक्षत्र की स्थितियों का भी उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट जानकारी मिलती है कि वाल्मीकि ज्योतिष व खगोल विद्या के भी विद्वान थे। यही नहीं उन्होंने अपने महाकाव्य में अद्वितीय शैली में प्रकृति का चित्रण, संवाद-संयोजन और विषय का प्रतिपादन किया है। वाल्मीकि रामायण में दर्शन, राजनीति, नैतिकता, शासन कुशलता व मनोविज्ञान का भी विशद् वर्णन है। इसका तात्पर्य यह है कि महर्षि वाल्मीकि विविध विषयों के ज्ञाता थे। शास्त्रों में वर्णित है कि अपने वनवास के मध्य में भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में गए थे। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है कि 'देखत बन सर सैल सुहाए, बालमीक प्रभु आश्रम आए।' इस उद्धरण से स्पष्ट है कि बाल्मीकि भगवान श्रीराम के समकालीन थे। तुलसीकृत रामचरित मानस के अनुसार जब भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी सीता का परित्याग कर दिया तब बाल्मीकि ने ही सीता को प्रश्रय दिया। **अरविन्द जयतिलक.**

आपकी बात

कल्याणकारी योजनाओं से महिला के स्वास्थ्य में सुधार

महिलाओं को उज्ज्वला योजना काफी लाभ मिला है। धुएं से उनको आजादी मिली है जिससे उनका स्वास्थ्य भी सुधरा है। उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.

सड़कों में सुधार जरूरी

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन के बल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स

संक्षेप

साइबर फ्रॉड का तीन हजार कराया वापस

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली की पुलिस ने साइबर फ्राड का 3043 रुपये पीड़ित के बैंक खाता में वापस कराया है। फूलपुर कस्बा निवासी आकाश बिंद के मोबाइल पर 16 अक्तूबर को अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी रुपये भेजने का मैसेज भेज कर बैंक खात से 3043 रुपये का फ्राड कर लिया। पीड़ित ने तत्काल 1930 शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रुपये को होल्ड करा दिया था। थाना की साइबर सेल ने पीड़ित के बैंक खाता में रुपये को वापस करा दिया।

बीज का वितरण आज से

आजमगढ़। बिलरियागंज के राजकीय बीज गोदाम गौरीनरायनपुर से बीज का वितरण कर 26 अक्तूबर से होगा। जो किसान बीज की बुकिंग करा लिए है। वे किसान अपना आधार कार्ड लेकर स्वयं आंए। पीओएस मशीन पर अंगूठा लगने के बाद उन्हें बीज दिया जाएगा। जो किसान अभी तक अपना बिज बुकिंग नहीं किये हैं, वे किसान स्वयं अपने मोबाईल से कर सकते है या जनसेवा केंद्र से करा लें। कृषि तकनीकी सहायक रामअवतार कुशवाहा न बताया कि किसान अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के कर्मचारी से भी करवा सकते है, राजकीय कृषि बीज भंडार गौरी नरायनपुर पर भी आ कर करा सकते है।

वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम आज

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 26 अक्तूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जिले के सभी महर्षि वाल्मीकि मंदिरों में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान रामायण पाठ एवं भजन आदि कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

तीन बच्चों की मां ने दी जान

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के मवंई कलां गांव में तीन बच्चों की मां ने कच्चे मकान में साड़ी के सहारे फंदे पर लटक कर जान दे दी। रविवार को सुबह होने पर बच्चों ने यह देख शोर मचाया। मौके पर पहुंचे मृतका के ससुर सियाराम व ग्रामीणों ने महिला को फंदे से नीचे उतारते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मवंई कलां गांव निवासिनी 32 वर्षीया चंपा देवी पत्नी मनोज ने अपने कच्चे मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह तीन बच्चों क्रमशः 8, 6, 5 वर्ष की मां थी। बताया जा रहा है कि घटना के समय पति मनोज काम के सिलसिले में बाहर गया था। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बच्चों के सोने के बाद महिला क्यों फांसी पर लटकी इस पर तरह तरह की चर्चा है। परिजनों ने इसकी सूचना मृतिका के प्रयागराज स्थित जसरा माइके वालों को दे दी है। इस सम्बन्ध में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कच्चे मकान के बड़ेर में साड़ी के सहारे फंदे से झूलकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली है। मृत महिला का शव पीएम के लिए भेजते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

30 लाख के आभूषण ठगने वाला शातिर गिरफ्तार

मथुरा। थाना हाईवे पुलिस ने टप्पेबाजी और धोखाधड़ी कर महिलाओं को अपना शिकार बनाने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 30 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। इस आशय की जानकारी रविवार पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने दी है। इस संबंध में पुलिस लाईन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि 9 सितंबर 2026 को पीड़िता के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाईवे में मुकदमा अपराध संख्या 1044/2026, धारा 318(4) और 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार 25 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोपहर 1:44 बजे माल गोदाम रोड, मथुरा से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से संपर्क करता था। इसके बाद उनके पति और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति अविश्वास पैदा कर उन्हें डराने और गुमराह करने का प्रयास करता था। इसी तरीके से कथित तौर पर धोखाधड़ी कर महिलाओं से कीमती आभूषण ठग लेता था। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि आरोपी ने इस तरीके से अन्य महिलाओं को भी अपना शिकार बनाया है या नहीं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने सोने के आठ प्रकार के आभूषण बरामद किए हैं।

सख्त निगरानी में हुई 32 केंद्रों पर परीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पेट रविवार को 32 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हो गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गयी। अभ्यर्थियों को सुबह 8:30 बजे से केंद्रों में प्रवेश दिया गया। प्रवेश की प्रक्रिया सुबह 9:30 बजे तक चली। पहली पाली में कुल 16,696 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच हुई। महिला अभ्यर्थियों के बालों में लगे क्लेचर और हेयर पिन के साथ हाथों में बंधे कलावे और कंगन उतरवाए जा रहे हैं। वहीं, पुरुष अभ्यर्थियों की जांच के दौरान शर्ट के कॉलर और बाजू खुलवाकर तलाशी ली जा रही है। जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जा रहा है। एडीएम परमानंद झा ने बताया कि लिखित परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर को आयोजित की जा रही है। प्रत्येक निर्धारित तिथि पर परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। जिले में परीक्षा के लिए कुल 32 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक और एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। तीनों परीक्षा तिथियों में कुल 87,696 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली दोपहर 12 बजे खत्म हो गई। इस परीक्षा में 32 केंद्रों पर अभ्यर्थी शामिल हुए। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि मैथ और सामान्य ज्ञान (जीएस) के सवाल कठिन लगे। मिजार्पुर के योगेश गांधी ने कहा कि पेपर अच्छा था और जीएस के सवाल आसान थे, लेकिन डीआई (डेटा इंटरप्रिटेशन) कठिन लगा। उन्होंने पिछले साल के मुकाबले इस बार का पेपर बेहतर बताया। जीएस में करेंट अफेयर्स के सवाल आए थे, जो ज्यादा मुश्किल नहीं थे। आजमगढ़ की निधि यादव ने बताया कि पेपर ठीक था, लेकिन रीजनिंग और खासकर मैथ के सवाल ज्यादा कठिन थे। मिजार्पुर के सचिन त्रिपाठी ने कहा कि पेपर सामान्य था, पर मैथ के सवालों ने काफी समय लिया। करेंट अफेयर्स में उत्तर प्रदेश के राज्यसभा से जुड़ा एक सवाल भी आया था।

डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



जौनपुर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन ने रविवार को टीडी इंटर कॉलेज और जनक कुमारी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्र व्यवस्थापकों व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा शासन और आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता और परीक्षार्थियों की सुविधाओं की समीक्षा करते हुए परीक्षा को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

वृद्धा की निर्मम हत्या से फैली सनसनी

मथुरा। शहर कोतवाली क्षेत्र के बंगाली घाट चौकी अंतर्गत चूना कंकड़ गली में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब घर में अकेली रह रही वृद्ध महिला कुसुम चतुर्वेदी का खून से लथपथ शव मकान की सीढ़ियों पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 85 वर्षीय सुमन चतुर्वेदी अपने घर में अकेली रहती थीं। रविवार सुबह घर में काम करने वाली महिला आई तो उसने शव देखकर चीख पुकार मचाई। भागकर उसने पड़ोसियों को बुलाया सीढ़ियों पर वृद्ध महिला का खून से सना शव का दृश्य देखकर लोगों के होश उड़ गए। आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए, ताकि महिला की मौत के कारणों और घटना से जुड़े संभावित पहलुओं का पता लगाया जा सके।

आईआईटी दिल्ली की शैक्षणिक यात्रा पर सोनभद्र के 160 विद्यार्थी रवाना



सोनभद्र। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के चार पीएम श्री विद्यालयों के 160 छात्र-छात्राएं रविवार को पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर दिल्ली रवाना हुए। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ और मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। भ्रमण में राजकीय इंटर कॉलेज कोन, राजकीय इंटर कॉलेज दुद्धी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुद्धी और राजकीय इंटर कॉलेज चपकी के 40-40 विद्यार्थी शामिल हैं। 25 से 29 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विद्यार्थी आईआईटी दिल्ली, नेहरू प्लैनेटेरियम, राष्ट्रपति भवन और नेशनल साइंस सेंटर सहित अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उच्च शिक्षा एवं बेहतर करियर के प्रति प्रेरित करना है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक दुनिया को समझने का अवसर देते हैं। इससे उनकी जिज्ञासा बढ़ती है और सोच का दायरा व्यापक होता है। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने इसे विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा अरविंद सिंह चैहान को भ्रमण का जनपद नोडल अधिकारी नामित किया है। वह पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ रहेंगे। प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन यात्रा प्रभारी एवं सह-प्रभारी भी दल के साथ भेजे गए हैं।

प्रवचन में गया था परिवार, चोरों ने गहना उड़ाया

जफराबाद। लाइनबाजार क्षेत्र के गोधना गांव में शनिवार की शाम को एक घर मे घुसकर सोने चांदी के गहने पर हाथ साफ कर दिया। चोरी के समय परिवार के लोग शहर में आयोजित रामकथा सुनने गए थे। उक्त गांव निवासी सुशील सिंह (पहलवान) की पत्नी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सपरिवार शाम करीब तीन बजे शहर के बीआरपी मैदान में आयोजित रामकथा सुनने गए थे। उसी दौरान घर मे घुसकर दरवाजा का ताला तोड़कर चोर आलमारी खोलकर उसमे रखा सोने व चांदी का जेवर उठा के गया। पीड़ित के भतीजे नीलेश कुमार सिंह पुत्र शरद कुमार सिंह के मुताबिक शाम करीब 7रू45 बजे उनकी चाची श्रीमती नंदिनी सिंह जब घर की दूसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में पहुंचीं तो कमरे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर सोने की नौ अंगूठी, दो बाली, एक मंगलसूत्र, एक सिकड़ी, दो जोड़ी पायल आदि चोरी होने की जानकारी हुई। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित ने पुलिस को घटना की तहरीर दिया है। थानाप्रभारी विनीत राय ने बताया कि मामले की जानकारी हो गयी है। जांच करने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

साहित्यकार बृजदेव पांडेय के 88 वें जन्मवर्ष पर हुआ सम्मान

मीरजापुर। साहित्यकार बृजदेव पांडेय के 88वें जन्मवर्ष पूर्ण होने पर डॉ. भवदेव पांडेय फाउंडेशन की ओर से नगर के तिवरानी टोला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विंध्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का सजग प्रहरी बताया। वक्ताओं ने कहा कि बृजदेव पांडेय ने अपने अध्ययन, लेखन और चिंतन से क्षेत्र की साहित्यिक परंपरा को समृद्ध किया है। इस दौरान उन्हें माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र और पुष्प भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रत्नाकर मिश्र और विशिष्ट अतिथि डॉ. योगानंद गिरि रहे। कुलपति डॉ. शिशिर पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया।

डॉ. योगानंद गिरि ने बृजदेव पांडेय की अध्ययनशीलता और जीवनचर्या की सराहना करते हुए कहा कि 88 वर्ष की उम्र में भी उनका प्रतिदिन पांच घंटे अध्ययन करना उनकी ज्ञान-साधना का प्रमाण है। उन्होंने उनके लेखों और विचारों को लिपिबद्ध कर सुरक्षित रखने पर जोर दिया। कहा कि प्राचीन काल से ही गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय ज्ञान परंपरा की आधारशिला रही है। नालंदा विश्वविद्यालय के विनाश के बाद भी लोकस्मृतियों और जनश्रुतियों के सहारे ज्ञान की परंपरा जीवित रही। आज इसी विरासत के बल पर भारत फिर विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विंध्य क्षेत्र की सांस्कृतिक महिमा का बखान किया। मुख्य अतिथि पं. रत्नाकर मिश्र ने विंध्य क्षेत्र की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परंपरा विशिष्ट है। विंध्य क्षेत्र को उन्होंने मणिद्वीप की संज्ञा देते हुए कहा कि यहां की संस्कृति और ज्ञान परंपरा का व्यापक प्रसार होना चाहिए।

एसआईआर पर सपा का हमला, 4180 संदिग्ध नामों का दावा

- 51,386 मतदाताओं के नाम कटने का आरोप, जांच की मांग से गरमाई सियासत

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने मतदाता सूची में 4,180 दोहरे और संदिग्ध नाम दर्ज होने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के तहत राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र में करीब 51,386 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

पूर्व विधायक के इन आरोपों ने मतदाता सूची की शुद्धता और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में अविनाश कुशवाहा ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उनके मुताबिक, विधानसभा क्षेत्र में 4,180 ऐसी प्रविष्टियां हैं, जिनमें नाम, पता, जन्मतिथि और उम्र समान होने के बावजूद अलग-अलग ईपीआईसी नंबरों के माध्यम से एक ही व्यक्ति का नाम कई बार दर्ज होने की आशंका है। उन्होंने इन प्रविष्टियों की गहन जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की। पूर्व विधायक ने इस मामले में भाजपा और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। हालांकि, दोहरे नामों और कथित अनियमितताओं के संबंध में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष होना बेहद जरूरी है। किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं छूटना चाहिए और किसी भी अपात्र या दोहरी प्रविष्टि को नियमों के विरुद्ध बनाए नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला निर्वाचन अधिकारी मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराएंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

जौनपुर। पूर्वान्चल विश्वविद्यालय की पुरुष वालीबाल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आज अडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई। टीम को विदाई देते समय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने टीम को बेहतर प्रदर्शन एवं विजय की शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा, ह्लखेल केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, टीम भावना और चरित्र निर्माण का माध्यम है। हमारे खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करें और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें। ह्लपुरुष वालीबाल टीम के टीम मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा टीम कोच दिलीप कुमार हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद नियमित रूप से अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। राधेश्याम सिंह (मुन्ना), खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान में छाई दिव्य छटा, चन्द्रलोक सा सजा श्रीकेशवदेव मंदिर



मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत भव्यता, शास्त्रीय मयार्दा और ब्रज की समृद्ध परंपराओं के साथ मनाया गया। शरद पूर्णिमा महोत्सव समिति के विशिष्ट सहयोग और भावपूर्ण सेवा से आयोजित इस पावन उत्सव ने देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भगवान श्रीकेशवदेव मंदिर के गर्भगृह को इस बार अत्यंत अलौकिक रूप से चन्द्रलोक के स्वरूप में सजाया गया था। धवल विद्युत सज्जा और पुष्प बंगले में विराजमान ठाकुर श्री केशवदेव जी के अलौकिक दर्शन पाकर भक्त अभिभूत हो उठे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो चंद्रमा की शीतल चांदनी सीधे मंदिर प्रांगण में उतर आई हो। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर विराजमान श्रीगिरिराज जी महाराज का मंदिर भी विशेष रूप से सजाया गया। सफेद वस्त्रों, आकर्षक रोशनी और श्वेत श्रृंगार में विराजमान गिरिराज जी महाराज के अलौकिक दर्शन तथा भव्य छप्पनभोग श्रद्धालुओं के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। ब्रज की परंपरा के अनुसार शरद पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रविवार प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं को विशेष खीर महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसे भक्तों ने बड़े भाव और श्रद्धा से ग्रहण किया। रविवार पूर्वाह्न 11 बजे से लीलामंच प्रांगण में विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया।

रविवार सायंकाल 6 बजे से लीलामंच पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री सोनी सिस्टर और सुश्री अंजली साध्वी ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा से जुड़े मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या के पश्चात श्रीकृष्ण चबूतरा पर वृन्दावन के कलाकारों द्वारा श्रीराधा-कृष्ण की मनोहारी लीला और महारास का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से ब्रज की पारंपरिक रासलीला को सजीव कर दिया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि यह महोत्सव संस्थान की धार्मिक गरिमा और श्रद्धालुओं की आस्था के अनुरूप संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में शरद पूर्णिमा महोत्सव समिति के रसिक भक्तगणों गौरव अग्रवाल, गजानन साड़ी वाले, राहुल गोयल, प्रतीक शर्मा, अमित गुप्ता, अनिल भाई, पंकज अग्रवाल, बन्टी गोला, पारस अग्रवाल, माधव अग्रवाल, जीतू हरनौल, प्रवीण बंसल एवं बालमुकुंद अग्रवाल सहित समिति के तमाम सदस्यों का उल्लेखनीय एवं सराहनीय सहयोग रहा।

मन की बात कार्यक्रम : कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना

आजमगढ़। जनपद के अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र स्थित निरीक्षण भवन (डाक बंगला) में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 139वें संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस दौरान आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा लालगंज जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम देश के आम जनमानस को प्रेरित करने और सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के उत्साह और परिश्रम के बल पर भाजपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पुनः प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। वहीं, भाजयुमो लालगंज जिलाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद युवाओं में राष्ट्र निर्माण और स्वावलंबन के प्रति नई ऊर्जा का संचार करता है। युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देगा। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम के पश्चात युवाओं के साथ संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती और भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के संकल्प पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी हर्षित सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जयकिशन पांडेय, विपिन सिंह पालीवाल, संतराम निषाद, मंडल अध्यक्ष सुभाष निषाद, धर्मेंद्र निषाद, वरिष्ठ नेता हरिभान पांडेय, जिला कार्यसमिति सदस्य अभिषेक सिंह ह्यसोनूह्ल, धीरज मिश्रा, रमेश सिंह ह्यरामूह्ल, विक्रम बहादुर सिंह, श्याम बिहारी चतुर्वेदी और रिंकू मोदनवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पिछड़ा वर्ग के उत्थान और संगठन की मजबूती पर भाजपा की बैठक

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं सोनभद्र की प्रवासी प्रभारी पूजा बिंद के जनपद आगमन पर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में पिछड़ा वर्ग के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निशांत कुशवाहा ने की। इसमें पिछड़ा वर्ग के उत्थान, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, समाज के प्रबुद्धजनों से संवाद और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री पूजा बिंद ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के सम्मान, उत्थान और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछड़ा वर्ग देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और प्रबुद्धजनों के सुझावों से संगठन को मजबूत बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकताओं से समाज के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने और पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष निशांत कुशवाहा ने कहा कि पिछड़ा मोर्चा समाज के प्रबुद्धजनों और आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर पार्टी की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित लोगों के सुझावों को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से मिलकर कार्य करने की अपील की। बैठक में जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, मंजू गिरी, जिला मीडिया प्रभारी रजनीश रघुवंशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा विश्वकर्मा, शिवनाथ जायसवाल, संजय केशरी, रामकेश पाल, प्रेम पटेल, सुनीता पांडेय, जगदीश मौर्य, रामनिवास तोमर और विवेक तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर होंगे भक्तिमय कार्यक्रम

सोनभद्र। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार, 26 अक्टूबर को जनपद के विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले का मुख्य आयोजन रॉबर्ट्सगंज स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में होगा। पर्यटन अधिकारी राजेश भारती ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर महर्षि वाल्मीकि जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। आयोजन का उद्देश्य महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में निहित मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना और लोगों को भारतीय संस्कृति व परंपराओं से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर संबंधित मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान, रामायण पाठ, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से रामायण में वर्णित आदर्शों, मयार्दा, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों का जन-जन तक संदेश पहुंचाया जाएगा।

गांजा बरामद, 3 तस्कर गिरफ्तार



मथुरा। थाना रिफाइनरी क्षेत्र में रविवार को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स आगरा और रिफाइनरी पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने हाईवे पर चेकिंग के दौरान एक कंटेनर से 250 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत एक करोड़ 25 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने कंटेनर सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार रविवार को मुखबिर की सूचना पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट और थाना रिफाइनरी पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक कंटेनर को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में 250 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतीश कुमार पुत्र पदम सिंह, नासिर पुत्र वसीर और आशिफ अब्दुल करीम के रूप में हुई है। तीनों हरियाणा के नूंह मेवात जिले के पिनगवां थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर और शहजादपुर गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी सतीश कुमार ने बताया कि 17 अक्टूबर को वह अपने साथियों के साथ खाली कंटेनर लेकर ओडिशा के ब्रह्मपुर गया था। वहां जितेंद्र नामक परिचित से बातचीत के बाद गांजा खरीदा गया और रायपंखा, ओडिशा में कंटेनर में लोड कराया गया। इसके बाद वे गांजा लेकर आ रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के मुताबिक, गांजे की खेप उत्तर प्रदेश-हरियाणा सीमा के आसपास शमशेर नामक व्यक्ति को सौंपनी थी, जहां इसकी खपत की जानी थी।

खुलासाः रिश्ते में चाचा लगने वाले प्रेमी ने की थी हत्या

आरोपित पीछा छुड़ाने के लिए जिंदा कुएं में ढकेल हो गया था फरार

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के जयकर गांव में शुक्रवार को एक कुएं से मिली 19 वर्षीया युवती की शव के रहस्य का पुलिस ने तीसरे दिन सनसनीखेज पर्दाफाश कर दिया है।

शनिवार को जयकर कला निवासी युवती के पिता उमाकांत कोल ने नामजद तहरीर देकर पुत्री की हत्या कर शव को छिपाने की नियति से कुंए में फेंकने का आरोप लगाया था। लालगंज पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया। महज बारह घंटे के अंदर अभियुक्त अरुण कुमार निवासी जयकर कला को क्षेत्र के

संक्षेप

खेत में अजगर दिखने से मचा हड़कंप

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के गौरा गांव में रविवार सुबह धान की कटाई के दौरान खेत में अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। अजगर को देखकर खेत में काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। टीम के पहुंचने में देरी होने पर अपूर्व मंगलम तिवारी, विजय तिवारी, अमित शर्मा, नितेश तिवारी ने पहल करते हुए अजगर का रेस्क्यू कर उसे पकड़ लिया। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के वाचर धर्मेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद अजगर को सुरक्षित तरीके से सुरौली के जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया। अजगर को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत महसूस की।

तालाब में मिला महिला का शव

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के सबई बहवा गांव में रविवार सुबह एक महिला का शव तालाब में उतराता मिला। मृतका की पहचान 33 वर्षीय उर्मिला पाल के रूप में हुई है। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, उर्मिला लंबे समय से बीमार थीं और अक्सर बेहोश हो जाती थी। शनिवार शाम दवा खिलाकर उन्हें कमरे में सुलाया गया था। रात में रामलीला देखकर लौटे उनके 13 वर्षीय बेटी अंजली और 11 वर्षीय बेटे दीपांशु ने मां को सोता देख खुद भी सो गए। रविवार सुबह उर्मिला घर से गायब मिलीं। तलाश के दौरान तालाब में उनका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति दिनेश पाल मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। मां की मौत से दोनों बच्चों के भविष्य को लेकर परिजन चिंतित हैं। सेमरी चौकी प्रभारी प्रेम नारायण राजपूत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति और सास गिरफ्तार

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर जान देने के मामले में पुलिस ने उसके पति और सास को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ दहेज हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था । पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवाया है और चालान किया है। एसएसपी कार्यालय की ओर से बताया गया कि मामले में बस्ती जनपद के दुबौलिया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पूराकलंदर थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। तहरीर में आरोप लगाया गया कि दहेज की मांग को लेकर उसकी ननद को उसके पति और सास प्रताड़ित करते थे। कथित प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी ननद ने फांसी लगाकर जान दे दी। शिकायत के आधार पर पूराकलंदर थाना पुलिस ने समयक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था और दर्ज मामले की विवेचना में जुटी थी। दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज इस मामले की विवेचना में जुटी पुलिस ने रविवार दोपहर करीब 12रू45 बजे इटौरा-गंगौली मार्ग पर अकवारा तालाब के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान रामबाबू (27) पुत्र रामभवन और सुरजा (46) पत्नी रामभवन, निवासी ग्राम मिजार्पुर मोहित्समपुर, थाना पूराकलंदर के रूप में हुई है। रामबाबू मृतका का पति और सुरजा उसकी सास बताई गई हैं।

चोरी के आईफोन व नकदी के साथ आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या। कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के मामलों में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एप्पल आईफोन, तीन एलन की और 3,950 रुपये बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज मिले हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने रविवार की रात 2.39 बजे पोस्टमार्टम हाउस के पास से रवि गौड़ (26) पुत्र स्वर्गीय नंद कुमार गौड़ निवासी हैदरगंज कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के जामा तलाशी में एक एप्पल आईफोन, तीन एलन की तथा 3,950 रुपये बरामद हुए हैं। दर्ज मुकदमें में बरामदगी की धारा की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया गया है।उन्होंने बताया कि यह मुकदमा तारुन थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

24 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुई पीईटी परीक्षा



रायबरेली। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को सुचारु, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पीईटी-2026 की परीक्षा आज कुल 24 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पीईटी-2026 की प्रथम पाली में कुल 9,744 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6,930 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2,814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में भी कुल 9,744 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6,951 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 2,793 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 19,488 पंजीकरण के सापेक्ष 13,881 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 5,607 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



अयोध्या। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने पीईटी परीक्षा के दृष्टिगत मेथोडिस्ट इंटर कॉलेज एवं जीआईसी इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने एसएसबी इंटर कॉलेज, साहेबगंज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर भी उपस्थित रहे। उच्च अधिकारियों ने व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने भी परीक्षा के सुचारु संचालन के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट, एसपी चक्रपाणि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मूर्ति विसर्जन को लेकर बैठक

सुलतानपुर (वीओएल)। आगामी 26, 27 एवं 28 अक्टूबर को जिले में आयोजित होने वाले दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रमों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की संयुक्त अध्यक्षता में सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रत्न प्रिया, अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह सहित ड्यूटी में तैनात सभी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित यात्रा मार्गों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। चक्रवात की संभावित परिस्थितियों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतते हुए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रमों को यथासंभव 27 अक्टूबर की रात्रि तक सम्पन्न कराने का प्रयास किया जाए। सभी अधिकारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। ड्यूटी में लापरवाही अथवा अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी ड्यूटी स्थलों की सतत निगरानी, डीजे का संचालन निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप कराने तथा विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वे आज ही अपने-अपने ड्यूटी स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा निरीक्षण के फोटो आधिकारिक ग्रुप पर साझा करें।

विधि दर्शन पर विशेष व्याख्यान आयोजित



सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज के स्नातकोत्तर विभाग द्वारा विधि दर्शन का पुनरावलोकन कानून, न्याय एवं समाज पर समकालीन दृष्टिकोण विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में प्रोफेसर डॉ0 बी0पी सिंह, सिंह ने विधि एवं न्यायशास्त्र की अवधारणाओं और उनकी परिभाषाओं को स्पष्ट करते हुए दोनों के पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि विधि विद्यार्थियों के लिए केवल कानूनी प्रावधानों का ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनमें तार्किक चिंतन, आलोचनात्मक विश्लेषण और न्याय के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का विकास भी आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता, डॉ0 अविनाश मिश्रा, उपप्राचार्या डॉ0 दीपमाला श्रीवास्तव, सहायक आचार्य डॉ0 इंद्र दमन तिवारी, आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ0 वीर विक्रम सिंह, शिवम शर्मा मौजूद रहे।

सोने की लंका जलते ही गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

परशदेपुर, रायबरेली। कस्बे के रामलीला मैदान में चल रही 13 दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला में रविवार को हनुमान-सीता संवाद, अशोक वाटिका विध्वंस, राक्षसों के वध और लंका दहन का जीवंत मंचन किया गया। माता सीता की खोज में लंका पहुंचे हनुमान जी ने प्रभु श्रीराम की अंगूठी देकर उन्हें प्रभु राम का सेवक होने का विश्वास दिलाया। इसके बाद अशोक वाटिका में फल खाने के दौरान वृक्षों को उखाड़ने और राक्षसों से युद्ध का मंचन हुआ। मेघनाथ द्वारा ब्रह्मास्त्र चलाने और हनुमान जी को रावण की सभा में ले जाने के बाद उनकी पूंछ में आग लगाई गई। इसके बाद हनुमान जी ने लंका दहन कर दिया। मंचन देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे और जय श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। राम की भूमिका अनमोल मिश्रा, लक्ष्मण की प्रिंस, सीता की आयु पाण्डेय, रावण की आशीष मिश्रा, त्रिजटा का बैजनाथ सरोज और हनुमान की भूमिका आशीष ने निभाई इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा सहित रिंकू मिश्रा, अनूप पाण्डेय, आशीष पांडेय, अखिलेश मौर्य, भरत मिश्रा, आशीष सरोज, श्रीकान्त त्रिवेदी, श्रवण कुमार सोनकर और हरखू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मातृशक्ति का सम्मान हम सभी के लिए गौरव का क्षण: अदिति सिंह



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने बहुप्रतीक्षित अभयदाता जी महाराज बालापुर आईटीआई रोड का भव्य लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं भव्य मातृशक्ति सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि लंबे इंतजार के बाद वह ऐतिहासिक घड़ी आ गई है, जिसका लोग इंतजार कर रहे थे। विकास के मुद्दे पर जन-जन से जुड़ा मेरा परिवार आज जनता की बदौलत सच्चे सरोकारों से जुड़ा है। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि बालापुर आईटीआई रोड का लोकार्पण और मातृशक्ति का सम्मान हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बनें। कार्यक्रम में अनुराग सिंह गोलू क्षितिज सिंह नागेंद्र सिंह रुद्र नारायण पांडे शबिस्ता बृजेश मुकेश श्रीवास्तव सीबी शुक्ला घनश्याम सिंह अरविंद सिंह नागेंद्र सिंह अनिल सिंह आदि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महापौर ने लगायी झाड़ू, व्यवसायियों से मांगा सहयोग



अयोध्या। मां सरयू महास्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम ने रविवार को स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही होटल व्यवसायियों से सहयोग की अपील की। सुबह सात बजे रकाबगंज चैराहे पर मेगा क्लीनअप ड्राइव के तहत सफाई की गई। वहीं, शाम को अयोध्या धाम स्थित नगर निगम के जनरल कार्यालय में होटल व्यवसायियों के साथ बैठक कर 31 अक्टूबर को सरयू घाट पर प्रस्तावित विशेष सफाई अभियान में सहभागिता का आह्वान किया गया।

महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने होटल व्यवसायियों के साथ बैठक में कहा कि अयोध्या की स्वच्छता में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। होटल संचालक अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मां सरयू महास्वच्छता अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने सभी होटल व्यवसायियों से 31 अक्टूबर को सरयू घाट पहुंचकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव और जोनल अधिकारी ज्वाला प्रसाद मौजूद रहे। इससे पहले महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगुवाई में रिकाबगंज, हनुमानगढ़ी क्षेत्र और झारखंडी वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़कों और आसपास के क्षेत्रों से पॉलिथीन सहित अन्य कचरा हटाया गया। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कहीं भी जलभराव न होने दें, ताकि मच्छरों के प्रकोप को रोका जा सके। अभियान में पार्षद बृजेंद्र सिंह, अनीता द्विवेदी, पूर्व पार्षद बुद्धिपाल प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, आशीष श्रीवास्तव, आलोक द्विवेदी, सुबोध चतुर्वेदी, सतीश पांडेय, साहित्यकार डॉ. अनुजेंद्र तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रप्रीत सिंह बेदी, आशीष कौर, जोगेंद्र कौर, विनीत पांडेय तथा चिंतन संस्था के आलोक सिंह राणा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

कुकहा के कोटेदार पर शिकंजा जांच के बाद कार्रवाई की तैयारी

परशदेपुर, रायबरेली। गरीबों के निवाले में कथित सेंधमारी का मामला सामने आने के बाद छतोह क्षेत्र के कुकहा गांव के उचित दर विक्रेता पर विभागीय शिकंजा कसने लगा है। राशन कम देने और खाद्यान्न की कालाबाजारी के आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर सलोन के पूर्ति निरीक्षक ने गांव पहुंचकर कार्डधारकों के बयान दर्ज किए। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है। इस मामले से क्षेत्र के अन्य कोटेदारों में भी हलचल मची है।गांव के कार्डधारक फूलमती, मीनू राज, इंद्रपाल, अशोक कुमार, इंद्रभान, अमृत लाल, लाल मोहम्मद और बनवारी लाल समेत अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर उचित दर विक्रेता प्रकाश पर निर्धारित मात्रा से कम राशन देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनके हिस्से का पूरा खाद्यान्न नहीं मिलता, जबकि गरीब परिवारों को मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर राशन खरीदना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि राशन कम मिलने की शिकायत करने पर कोटेदार कथित तौर पर विवाद पर आमादा हो जाते हैं। इससे कार्डधारकों में नाराजगी है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। राशन वितरण में घटतौली की शिकायतें लंबे समय से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तौल के दौरान गड़बड़ी कर कार्डधारकों को उनके हक से वंचित किया जाता है। ऐसे में नियमित सत्यापन और प्रभावी निगरानी जरूरी है। पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि गांव में जांच की गई है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

मतदेय स्थलों के समायोजन पर डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

ललितपुर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के क्रम में आयोजित बैठक में मतदेय स्थलों के पुनर्गठन से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव और आपत्तियां भी आमंत्रित की गईं। बैठक के बाद डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों के सुझाव महत्वपूर्ण हैं। प्रतिनिधियों से प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों का परीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अफसरों (आरओ) को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए विशेष एवं गहन प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराएं। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग की नवीनतम गाइडलाइंस, तकनीकी एप्स के उपयोग, घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन करने की प्रक्रिया और मतदाता सूची के शुद्धिकरण से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए बीएलओ को उनके दायित्वों और निर्धारित प्रक्रियाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है। डीएम ने अधिकारियों और बीएलओ को निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण और मतदेय स्थलों के समायोजन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ग्राहकों की संतुष्टि ही डाक विभाग की प्राथमिकता : मनोज

अयोध्या। अयोध्या मण्डल के डाक अधीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज प्रधान डाकघर, अयोध्या के परिसर में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आम जनता को दी जाने वाली डाक सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाना और मण्डल में विभिन्न डाक उत्पादों के व्यवसाय में तेजी लाना था। बैठक में मुख्य रूप से पार्सल, स्पीड पोस्ट वितरण, बचत खाता खोलने और डाक जीवन बीमा के व्यवसाय को बढ़ाने की रणनीतियों पर गहन मंथन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए डाक अधीक्षक ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पार्सल और स्पीड पोस्ट का वितरण (डिलीवरी) हर हाल में शत-प्रतिशत समय पर सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि ग्राहकों की संतुष्टि ही डाक विभाग की प्राथमिकता है और वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

माइक्रो मैनेजमेंट से मजबूत होगी चुनावी रणनीति

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी विनोद तावड़े ने अयोध्या प्रवास के दौरान संघ कार्यालय साकेत निलयम में विचार परिवार के साथ बैठक की। वहीं, होटल रामायना में देर शाम जनप्रतिनिधियों के साथ रात्रिभोज के दौरान आयोजित बैठक में उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों और चुनावी प्रबंधन को लेकर फीडबैक लिया।

बैठक में बूथ स्तर पर पार्टी की स्थिति का आकलन करने और मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि चुनावी रणनीति को प्रभावी बनाने के लिए वर्ष 2014 से अब तक हुए चुनावों के परिणामों का बूथवार विश्लेषण किया जाना चाहिए। जिन बूथों पर वर्ष 2014 में पार्टी को जीत मिली थी, यदि बाद के चुनावों में वहां मत प्रतिशत में कमी आई है, तो इसके कारणों की पहचान की जानी चाहिए। यह समझना जरूरी है कि वर्ष 2014 में पार्टी के पक्ष में मतदान करने वाले किन मतदाताओं का रुझान बाद के चुनावों में बदला और इसके पीछे क्या कारण रहे। उन्होंने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों का विशेष रूप से विश्लेषण करने की आवश्यकता बताई। बूथवार आंकड़ों के आधार पर पार्टी की स्थिति, मतदाताओं के रुझान और चुनावी प्रदर्शन में आए बदलावों का आकलन करने से आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। प्रदेश प्रभारी ने चुनावी प्रबंधन में माइक्रो मैनेजमेंट की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए जनप्रतिनिधियों को सक्रियता बढ़ाने और जनता के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों को समय रहते गति देते हुए प्रत्येक क्षेत्र की परिस्थितियों के अनुरूप कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक सक्रियता, जनसंपर्क और बूथ स्तर पर प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से पार्टी की तैयारियों को मजबूत करने पर मथंन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी दिलीप पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अभय सिंह, चन्द्रभानु पासवान, अमित सिंह चैहान, जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, काशीराम, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, शिवेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्र मौजूद रहे।

आपदा प्रभावित 1.28 लाख किसानों के खातों में पहुंची 60.31 करोड़ की राहत राशि

ललितपुर। अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता राशि का वितरण किया गया है। शनिवार तक जनपद के 1,28,788 किसानों के बैंक खातों में कुल 60 करोड़ 31 लाख 78 हजार 128 रुपये की धनराशि अंतरित की जा चुकी है। इस सहायता का उद्देश्य फसल क्षति से प्रभावित किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में आपदा प्रभावित किसानों को समय से राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए जनपद की सभी तहसीलों में सर्वे कराया गया था। सर्वे के दौरान प्रभावित किसानों की स्थिति का आकलन करने के साथ उनके आवश्यक दस्तावेज प्राथमिकता के आधार पर संकलित किए गए। इसके बाद राहत राशि के भुगतान के लिए रिपोर्ट शासन को भेजी गई, जिसके क्रम में पात्र किसानों के खातों में धनराशि भेजने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। प्रशासन का प्रयास है कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित कोई भी पात्र किसान सहायता से वंचित न रहे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को नुकसान होने से किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में राहत राशि से प्रभावित किसानों को नुकसान की भरपाई करने और आगामी कृषि कार्यों की तैयारी में मदद मिलने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने कहा है कि किसानों के हितों का संरक्षण और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता में है। राहत वितरण की प्रक्रिया में पात्रता और निर्धारित नियमों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं ने मोहा मन

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। विकासखंड के ढेसरुआ गांव में पूर्व प्रधान एवं भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक आचार्य राकेश जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। भक्ति गीतों और मधुर भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजक राज कुँवर राजन सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर को आयोजित भंडारे में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मन की बात का बूथों पर हुआ सामूहिक श्रवण

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को भाजपा महानगर के सभी बूथों पर सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प पर जोर दिया। भाजपा कार्यालय सहादतगंज में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने देश की प्रगति, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर प्रधानमंत्री के विचारों को जाना। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मन की बात देश के नागरिकों को सकारात्मक कार्यों, सामाजिक दायित्वों और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का माध्यम है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के जरिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों के प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मन की बात समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और देशहित में किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने वाला कार्यक्रम है। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुनकर प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने और समाज के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का प्रयास करते हैं। इस दौरान तिलकराम मौर्या, ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अरविंद चौरसिया पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देवा मेला व प्रदर्शनी को लेकर डीएम ने की प्रेस वार्ता

बाराबंकी। जनपद की ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक विश्वविख्यात देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 को लेकर कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी ने मेले की तैयारियों, निर्धारित कार्यक्रमों तथा विभिन्न आकर्षणों के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि देवा मेला आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होगा। सूफी संत हाजी वारिस अली श

संक्षेप

रायबाकिना ने निंगबो ओपन खिताब बरकरार रखा

निंगबो। एलिना रायबाकिना ने रविवार को लेला फर्नांडीज को 6-2, 6-2 से हराकर निंगबो ओपन का खिताब बरकरार रखा। दुनिया की शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के बाद यह उनका पहला खिताब है। अमेरिकी ओपन के बाद रायबाकिना ने आर्यना सबालेंका को पीछे छोड़कर विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था। हालांकि इसके बाद चीन ओपन के अपने पहले ही मुकाबले में उन्हें 118वीं रैंकिंग वाली अलीना चराएवा के हाथों अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा था। यह इस साल रायबाकिना का टूर में चौथा खिताब है। इससे पहले वह ऑस्ट्रेलियन ओपन, स्टुटगार्ट ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीत चुकी हैं।

करण ने जीता आईटीएफ एम25 मुंबई खिताब, इस साल का चौथा खिताब

मुंबई। करण सिंह ने आईटीएफ सर्किट पर शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां 30,000 डॉलर इनामी राशि वाले आईटीएफ विश्व टेनिस टूर एम25 टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। तीसरी वरीयता प्राप्त करण को फाइनल में दिग्विजय प्रताप सिंह के मैच से हटने के कारण विजेता घोषित किया गया। करण जब मुकाबले में 7-5, 3-1 से आगे थे तब दिग्विजय ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। एक घंटे से अधिक समय तक चले इस सेट में करण ने आखिरकार 7-5 से जीत दर्ज की। करण ने दूसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखते हुए 3-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद एक घंटे 32 मिनट के खेल के बाद दिग्विजय को मुकाबले से हटना पड़ा।

कश्मीर मैराथन में सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

श्रीनगर। कश्मीर मैराथन के तीसरे सत्र में रविवार को यहां सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने हिस्सा लिया जिसे जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़े एथलेटिक्स आयोजनों में से एक माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी के दृढ़ संकल्प और जज्बे का भी उत्सव मनाया गया। सिन्हा ने पुरस्कार वितरित करने के बाद कहा, आज कश्मीर मैराथन के पदक विजेताओं को सम्मानित किया। मैं प्रत्येक प्रतिभागी को सलाम करता हूं जिनके दृढ़ संकल्प ने इस आयोजन को मानवीय भावना का सच्चा उत्सव बना दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर मैराथन ने जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नए अवसर खोले हैं और श्रीनगर को वैश्विक दौड़ मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में मदद की है।

एशियाई पैरा खेलों में भारत का प्रदर्शन शानदार : पीटी ऊषा

भारत ने कुल 114 पदक जीते जिनमें 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को हाल में संपन्न एशियाई पैरा खेलों में पैरा खिलाड़ियों के रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का अटूट जज्बा देशभर के लाखों लोगों को तमाम मुश्किलों के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगा।

भारत के पैरा खिलाड़ियों ने एशियाई पैरा खेलों में उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया और अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। भारत ने कुल 114 पदक जीते जिनमें 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत ने जापान में आयोजित इन खेलों के लिए 168 खिलाड़ियों का दल भेजा था। यह संख्या 2023 में हांगझोउ में हुए खेलों में भेजे गए भारतीय दल की तुलना में लगभग आधी थी। उस समय भारत ने कुल 108 पदक जीते थे जिनमें 27 स्वर्ण पदक शामिल थे।

पीटी उषा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एशियाई पैरा खेलों में हमारे पैरा खिलाड़ियों ने साहस, दृढ़ संकल्प और असाधारण प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। जीता गया हर

●भारत ने जापान में आयोजित इन खेलों के लिए 168 खिलाड़ियों का दल भेजा था

पदक आपके अटूट जज्बे और घंटों की अथक मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने लिखा, आपने न केवल देश को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे भारत के लाखों लोगों को तमाम मुश्किलों के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित भी किया है। हमारे सभी असाधारण चैंपियन, कोच और सहयोगी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई। इसी तरह चमकते रहें और नई उंचाइयों को छूते रहें।

भारत के कुल पदकों में आधे से अधिक पदक पैरा एथलेटिक्स से आए। इस स्पर्धा में भारत ने कुल 65 पदक जीते जिनमें 22 स्वर्ण, 19 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल थे। यह 2023 के मुकाबले 12 पदक अधिक थे। पैरा बैडमिंटन में भारत ने 16 पदक जीते जिनमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदक शामिल थे। वहीं, पैरा तैराकी में भारत को 11 पदक मिले। पैरा तीरंदाजी में भी भारतीय खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण पदक जीते। दूसरी ओर, एशियाई खेलों में भारत के सामान्य खिलाड़ियों ने कुल 85 पदक जीते थे जिनमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल थे। यह पिछले चरण की तुलना में भारत के कुल पदकों से 21 कम थे।

फ्रेंच ओपन : सिंधू ने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन प्रतिद्वंद्वी आन से यंग से हारकर उपविजेता रहीं



पेरिस। भारत की पीवी सिंधू ने रविवार को यहां 9.5 लाख अमेरिकी डॉलर के फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से तीन गेम में हारकर उपविजेता रहीं। इकतीस वर्षीय भारतीय खिलाड़ी को ओलंपिक चैंपियन आन से यंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ आन ने अपना चौथा फ्रेंच ओपन खिताब और इस सत्र का 11वां खिताब अपने नाम किया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने शानदार शुरुआत की और अपनी लंबाई तथा आक्रामक शॉट्स का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए 20 मिनट में पहला गेम जीत लिया। उनके करियर में यह केवल दूसरी बार था जब वह कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ कोई गेम जीतने में सफल रही थीं।

हालांकि आन के खिलाफ 11 मुकाबलों में वह अब तक उन्हें एक बार भी नहीं हरा पाई हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच नेट पर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एक समय स्कोर 4-4 से 7-7 तक पहुंच गया। ऐसे ही एक रैली के दौरान आन के शॉट पर शटल सिंधू के चेहरे पर जा लगी। ब्रेक तक सिंधू ने क्रॉस-कोर्ट स्मैश की मदद से दो अंक की बढ़त बना ली। उन्होंने अपनी लंबाई का अच्छा फायदा उठाया और जल्द ही स्कोर 15-11 कर दिया। इस दौरान आन से बैकलाइन पर कुछ गलतियां भी हुईं।

सिंधू का एक शॉट लंबा चला गया और उनका एक स्मैश नेट में उलझ गया जिससे आन ने अंतर घटाकर 13-15 कर दिया। सिंधू ने फिर एक स्मैश नेट में मारा जबकि आन ने साइडलाइन पर एक और गलती कर दी। इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी का एक शॉट लंबा चला गया और सिंधू ने 19-14 की बढ़त बना ली। सिंधू ने चतुराई से लगाए गए शॉट के साथ छह गेम प्वाइंट हासिल किए। आन ने इसके बाद दो गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन उनका अगला शॉट फिर लंबा चला गया। इस तरह सिंधू ने 20 मिनट में पहला गेम जीत लिया।

पर दूसरे गेम में आन ने दमदार वापसी करते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। सिंधू ने स्मैश से स्कोर 2-4 किया और फिर आन का एक शॉट नेट में चला गया। बॉडी स्मैश की मदद से सिंधू ने स्कोर 4-5 किया, लेकिन फिर आन 7-5 से आगे हो गईं। इसके बाद हवा के बहाव से उनका एक शॉट बाहर चला गया। 7-6 के स्कोर पर बेहतरीन नेट शॉट और 30 शॉट तक चली शानदार रैली ने आन को दो अंक की बढ़त बनाए रखने में मदद की। इसके बाद लगातार दो शानदार स्मैश लगाकर कोरियाई खिलाड़ी ने ब्रेक तक चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। आन ने अपनी बढ़त बढ़ाकर 13-7 कर दी।

यश मुलिक ने अंडर-18 की 110 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी



चेन्नई। महाराष्ट्र के यश मुलिक ने रविवार को यहां राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-18 वर्ग की 110 मीटर बाधा दौड़ में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता।

मुलिक ने 13.29 सेकेंड का समय निकालकर नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने हाल में पंजाब के लुधियाना में बनाया 13.40 सेकेंड का अपना पिछला अंडर-18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किया।

पुरुषों की अंडर-20 वर्ग की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में भी शीर्ष चार खिलाड़ियों ने पिछले साल सैफ छाफेकर द्वारा बनाए गए 13.92 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

केरल के फसलुल हक ने 13.69 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु के सूर्या पी ने 13.84 सेकेंड में दौड़ पूरी करके रजत पदक हासिल किया जबकि केरल के किरण के ने 13.85 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारत ने जिम्बाब्वे को 121 रन से हराया

एजेंसी

वडोदरा। भारतीय महिला टीम ने वडोदरा में खेले गए दूसरे वनडे मैच में जिम्बाब्वे को 121 रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारत ने पहली वनडे सीरीज जीती है। हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने शतकीय पारी खेली।

रविवार को भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के दो विकेट जल्दी गिर जाने के बाद हरमनप्रीत कौर और प्रतिका रावल ने पारी को संभाला औकर 124 रनों की साझेदारी की। 148 पर चौथा विकेट आउट होने के बाद दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर हरमनप्रीत कौर ने 153 रनों की साझेदारी की और भारत के स्कोर को 300 के पार पहुंचा दिया। भारत ने जिम्बाब्वे को 329 रनों का विशाल



लक्ष्य दिया। दीप्ति शर्मा और हरमनप्रीत कौर ने शतकीय पारी खेली। भारत ने पहला वनडे मैच 9 विकेट से जीता था, हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ने के बाद पहला शतक जड़ा।

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान स्मृति मंधाना (00) और शेफाली वर्मा (08) सस्ते में पवेलियन लौट गईं। नवनियुक्त कप्तान स्मृति मैच के पहले ओवर में पुल शॉट खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठीं जबकि शेफाली ने मिडविकेट पर नयाशा ग्वानजुरा को कैच थमाया। दोनों विकेट नोमवेलो सिबांडा (38 रन पर दो विकेट) के खाते में गए।

इसके बाद सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (67 गेंद में 61 रन) और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। शानदार फॉर्म में चल रहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रतिका 23वें ओवर में दीप मिडविकेट पर कैच दे बैठीं। ग्वानजुरा की गेंद पर बिलव्ड बिजा ने उनका कैच लपका। तेजल हसबनीस भी सिर्फ तीन रन बनाने के बाद ओलिंडर चेयर की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में मिशेल नावुंगा के हाथों लपकी गईं। इसके बाद हरमनप्रीत ने अपनी बेहतरीन और संतुलित पारी से मैच पर नियंत्रण बना लिया। हालांकि उन्हें किस्मत का भी साथ मिला और तीन बार उनके कैच छूटे। यह हरमनप्रीत का आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक था।

युकी को अल्माटी ओपन में पुरुष युगल का खिताब

एजेंसी



अल्माटी (कजाखस्तान)। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी ने अमेरिका के अपने जोड़ीदार रयान सेगरमैन के साथ मिलकर रविवार को यहां अल्माटी ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

भारत और अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और नील ओबरलीट्नर की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को एक रोमांचक फाइनल में 7-6(3), 6-7(1), 10-2 से हराया। भांबरी का यह वर्ष 2026 का पहला एटीपी टूर खिताब है। यह एटीपी टूर पर उनका करियर का कुल पांचवा युगल खिताब है। भांबरी ने इससे पहले 2023 में मालोर्का में, 2024 में गस्टाड और म्यूनिख में और 2025 में एटीपी 500 दुबई टूर्नामेंट में एटीपी 250 खिताब जीते थे। न्यूजीलैंड के अपने साथी माइकल वीनस के साथ एटीपी 250 जिनेवा ओपन में उपविजेता रहने के बाद 34 वर्षीय भांबरी का एटीपी टूर्नामेंट में यह इस सत्र का दूसरा फाइनल था। युकी ने पीटीआई से कहा, मैं इस साल लगातार अपने खेल में सुधार कर रहा हूं। हालांकि, नतीजे उतने अच्छे नहीं रहे, जितनी मुझे उम्मीद थी। पिछले कुछ महीनों में भी मैं कई करीबी मुकाबले हार गया। इस सप्ताह यही अंतर रहा। उन्होंने कहा, मेरे जोड़ीदार रयान और मैंने इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छी सर्विस की और अंक जीतने के कई मौके बनाए। टूर्नामेंट जीतने के लिए अहम पलों में और दबाव की स्थिति में अच्छा खेलना जरूरी होता है और इस सप्ताह हम ऐसा करने में सफल रहे। यह इस सत्र में युकी का दूसरा एटीपी फाइनल था। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी माइकल वीनस के साथ जोड़ी बनाकर एटीपी 250 जिनेवा ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा था। भांबरी फरवरी में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 18 पर पहुंचे थे लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अनुकूल नहीं रहा जिससे वह शीर्ष 40 से बाहर हो गए।

कैटरीना सिनियाकोवा को जापान ओपन का खिताब

ओसाका (जापान)। चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने रविवार को यहां सीधे सेटों में जीत हासिल करने जापान ओपन के रूप में तीन साल में अपना पहला एकल खिताब जीता। सिनियाकोवा ने फाइनल में एशलीन क्रूगर को आसानी से 6-1 6-0 से हराया। यह मैच 64 मिनट तक चला। तीस वर्षीय सिनियाकोवा ने अमेरिका की 22 वर्षीय खिलाड़ी क्रूगर की सर्विस को छह बार तोड़कर अपने करियर का छठा एकल खिताब जीता। यह 2023 में चीन के नानचांग में जियांग्शी ओपन जीतने के बाद उनका पहला एकल खिताब है। सिनियाकोवा युगल विशेषज्ञ हैं जिसमें उन्होंने अब तक 39 खिताब जीते हैं। उन्होंने पिछले महीने टेलर टाउनसेंड के साथ मिलकर अमेरिकी ओपन का महिला युगल खिताब भी जीता था।

वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2029 की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

नयी दिल्ली। गुजरात का अहमदाबाद शहर 2029 में सीनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था (आईडब्ल्यूएफ) ने रविवार को चीन के निंग्बो में हुई अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। इस तरह भारत में पहली बार सीनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। आईडब्ल्यूएफ ने अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में 2029 और 2030 की सीनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए मेजबान शहरों का चयन किया। वर्ष 2030 की प्रतियोगिता रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित की जाएगी। आईडब्ल्यूएफ के कार्यकारी बोर्ड ने 2028 की विश्व युवा चैंपियनशिप की मेजबानी कोसोवो के प्रिश्टिना और विश्व जूनियर चैंपियनशिप



की मेजबानी वेनेजुएला की राजधानी काराकास को सौंपने का भी फैसला किया। आईडब्ल्यूएफ के महासचिव जोस क्रिनोनेस ने कार्यकारी बोर्ड के मतदान के बाद कहा, हमें जो भी मेजबानी के प्रस्ताव मिले, वे सभी उत्कृष्ट थे। हमें पूरा विश्वास है कि आपके संबंधित देशों में होने वाली चैंपियनशिप बेहद सफल रहेंगी। उन्होंने कहा, यह भी उल्लेखनीय है कि इन चार में से तीन देश कोसोवो, वेनेजुएला और भारत पहली बार आईडब्ल्यूएफ की किसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे। यह दर्शाता है कि हमारा खेल दुनियाभर में विस्तार कर रहा है और कई देशों के लिए हमारी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना बेहद आकर्षक है।

आईडब्ल्यूएफ ने कहा कि उसने आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के कैलेंडर को व्यवस्थित और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक साथ चार विश्व चैंपियनशिप के मेजबान देशों को चुनने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अहमदाबाद 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की भी मेजबानी करेगा। इसके अलावा भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी दावेदारी कर रहा है।

पेज एक का शेष

दुनिया ने

विमानों ने हिस्सा लिया। सूर्य किरण हवाई करतब दल ने आसमान में सटीक आकृतियां बनाकर और समन्वित उड़ान का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया जबकि सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन दल ने अपने हवाई करतबों से लोगों का मन मोह लिया। एयर शो में शामिल होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के मिर्जामुराद क्षेत्र में अरविंद लिमिटेड की नयी परिधान विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना और भारत के वस्त्र एवं परिधान निर्माण क्षेत्र को मजबूती देना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 300 महिलाओं से संवाद भी किया। अधिकारियों के अनुसार, नयी इकाई से विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। वैश्विक बाजारों से जुड़ाव के माध्यम से वाराणसी में निर्मित परिधानों को अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों तक पहुंचाने की दिशा में भी इस पहल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री रविवार सुबह वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। वहां से हेलीकॉप्टर से मिर्जामुराद जाकर उन्होंने परिधान विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से नमो घाट गए। भारतीय जनता पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस लाइन से नमो घाट जाते समय प्रधानमंत्री का मार्ग में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और काशीवासियों ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर, पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उनका अभिनंदन किया। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने हर हर महादेव और जय श्री राम के जयकारे लगाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी ने भी इस दौरान वाहन के पायदान पर खड़े होकर हाथ हिलाते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस लाइन के मुख्य द्वार, पुलिस लाइन चौराहे, खजूरी-मकबूल आलम रोड पर यस बैंक के सामने, हुकुलगंज तिराहे, चौकाघाट लकड़ी मंडी, सिटी स्टेशन के सामने, गोलगड्डा चौराहा रेल अंडरपास और नमो घाट मोड़ स्थित सीएनजी केंद्र के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं तथा काशीवासियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। एयर शो देखने पहुंचे दिवाकर सिंह ने कहा कि आज काशी के लिए बहुत गर्व का दिन है। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में नमो घाट पर भारतीय वायुसेना का यह हवाई प्रदर्शन देखना हमारे लिए यादगार अनुभव है। उन्होंने कहा कि एक ओर बाबा विश्वनाथ की नगरी की आध्यात्मिकता और दूसरी ओर आसमान में राफेल तथा अन्य लड़ाकू विमानों का शौर्य देखकर सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। इस आयोजन से बच्चों और युवाओं में देश के प्रति सम्मान तथा राष्ट्रसेवा की भावना जागेगी। एक अन्य दर्शक गोविंद पांडे ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इस तरह का एयर शो देखा है। काशीवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि उन्हें ऐसा आयोजन देखने का अवसर मिला।

आर्थिक मोर्चे

होगा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए विकास का मतलब भारत की संतुलित वृद्धि और गांवों तथा छोटे शहरों के लिए अवसर उपलब्ध कराना है। मोदी ने कहा कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र अब दुनिया के सबसे दक्ष क्षेत्रों में शामिल है और लोगों को चौबीसों घंटे बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमियों, पारंपरिक कारीगरों, रेहड़ी-पटरी वालों और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को पहली बार बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बैंकिंग सुविधाएं केवल कुछ अमीर और प्रभावशाली लोगों तक सीमित थीं। उन्हें आसानी से कर्ज मिल जाता था, जबकि गरीबों, मध्यम वर्ग और महिलाओं को ऐसी सुविधाओं से वंचित रखा जाता था। हालांकि, 2014 के बाद संतुलित दृष्टिकोण अपनाने से स्थिति बदली। पहले आम लोगों के लिए डेबिट और क्रेडिट कार्ड विलासिता की वस्तुएं थे, लेकिन अब ये सभी के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पिछला दशक उन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के लिए समर्पित था, जो इनसे वंचित थे। आने वाला दशक बैंकिंग सेवाओं को अधिक दक्ष और भरोसेमंद बनाने का होगा। मोदी ने कहा कि ओडिशा खनन से लेकर 'माइक्रोचिप' तक के क्षेत्रों में अपना भविष्य गढ़ेगा और युवाओं के लिए अवसरों के कई द्वार खुलेंगे।

गारमेंट फैक्ट्री

अंडर गारमेंट आदि बनाए जाएंगे। यहां जॉकी, यूएस पोलो और एरो जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के लिए मैन्युफैक्चरिंग की जाएगी। अरविंद मिल्स सिर्फ कपड़ा बनाने वाली कंपनी नहीं है। यह धागे और कपड़े से लेकर तैयार परिधानों तथा औद्योगिक इस्तेमाल वाले विशेष वस्त्रों तक का कारोबार करती है। इसकी शुरूआत 1931 में हुई थी और इसका मुख्यालय अहमदाबाद, गुजरात में है। यह डेनिम के साथ सूती व लिनेन के कपड़े, सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक, स्पोर्ट्सवियर बनाने के साथ घरेलू और विदेशी परिधान ब्रांडों को भी कपड़ा उपलब्ध कराती है। इससे पहले मिजामुर्राद के खोचवां पहुंचने पर हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

वाल्मीकि जयंती पर

चित्रकूट इसका जीता-जागता उदाहरण है। वाल्मीकि समुदाय उनकी जयंती को 'प्रकट दिवस' के रूप में मनाता है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग महर्षि वाल्मीकि से जुड़े स्थलों को संवारकर धार्मिक पर्यटन को विस्तार दे रहा है। चित्रकूट के लालापुर स्थित वाल्मीकि आश्रम पर विशेष फोकस है। यहां 19.95 लाख रुपये से 12.5 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है, जबकि आश्रम के विकास पर 184.95 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। आश्रम के निकट 1120.79 लाख रुपये से पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण भी लगभग पूरा है। वित्त वर्ष 2025-26 में लालापुर के प्राचीन हनुमान मंदिर के विकास, तमसा गंगा नदी पर वाल्मीकि घाट निर्माण और आश्रम में परिक्रमा पथ व आरती स्थल के विकास के लिए क्रमशः 166.24 लाख, 905.08 लाख और 525.77 लाख रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इसके अलावा अयोध्या स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 107.48 लाख रुपये और इटावा के बेला गांव स्थित प्राचीन वाल्मीकि मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 83.17 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं से महर्षि वाल्मीकि की विरासत के संरक्षण के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा। योजनाओं के पूरा होने के बाद आगंतुकों को बेहतर आवागमन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के योगदान को वैश्विक पहचान देने के लिए नवनिर्मित हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' रखा गया है। शहर का वाल्मीकि भवन (रामायण भवन) भी उनकी साहित्यिक विरासत का विशिष्ट केंद्र है। पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि की विरासत भारतीय संस्कृति और रामायण परंपरा की अमूल्य धरोहर है। उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य उनसे जुड़े स्थलों का संरक्षण, विकास और सौंदर्यीकरण कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से इन पावन स्थलों तक श्रद्धालुओं की पहुंच सुगम होगी और भावी पीढ़ियां आदिकवि के जीवन, साहित्य एवं आदर्शों से प्रेरणा ले सकेंगी।

देश को अलगाववाद

भारत अपने विकास के लक्ष्य के प्रति अडिग संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय यात्रा में उत्तर प्रदेश अपनी विशाल कृषि क्षमता, विस्तृत होते औद्योगिक आधार, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और युवा शक्ति के सामर्थ्य के बल पर कृषि से विनिर्माण, निवेश से रोजगार सृजन तक, हर क्षेत्र में प्रगति को गति दे रहा है और 'विकसित भारत' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार का संकल्प भी बताया, कहा कि हमारा संकल्प अटल है- राष्ट्रहित सर्वोपरि, राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण और विकास की गति अविराम। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारत की प्रगति का यह महायज्ञ अनवरत जारी रहेगा।

आदि कैलाश

परिवहन, खानपान, स्थानीय गाइड और पारंपरिक उत्पादों से जुड़े कारोबार को प्रोत्साहन मिल सकता है। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर विकसित होंगे। मुख्यमंत्री ने आदि कैलाश परिक्रमा रन के आयोजन में भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में विषम परिस्थितियों के बीच देश की सुरक्षा करने वाले जवान ऐसे आयोजनों को सफल बनाने में भी महत्वपूर्ण सहयोग देते हैं। कार्यक्रम में दर्जा राज्यमंत्री एवं उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष अशोक सिंह नबियाल, पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी सहित भारतीय सेना, आईटीबीपी और एसएसबी के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य लोगों ने भी प्रतिभाग किया।

एशियन पैरा

में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने पेरिस पैरालंपिक गेम्स-2024 में कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया था। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2024 और 2025 में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी उन्होंने स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल किए। वह वर्ष 2020 के पैरालंपिक गेम्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। निदेशक पंचायती राज धीरेंद्र सिंह सचान जो कि ओलंपिक एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट एवं उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन भी हैं, उन्होंने कहा कि सिमरन की उपलब्धियां प्रदेश के लिए गौरव का विषय हैं। एक ओर वह प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर खेल के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों से देश का नाम रोशन कर रही हैं। उनका संघर्ष, समर्पण और सफलता समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संचार करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिमरन भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश को गौरवान्वित करती रहेंगी।

बंगाल की

यलो अलर्ट है। बिहार में 26 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 2 दिन बाद मौसम का मिजाज बदल सकता है। 27 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। बिहार में 26 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 2 दिन बाद मौसम का मिजाज बदल सकता है। 27 अक्टूबर से 1 नवंबर के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। आकाशीय बिजली भी गिरने की आशंका है। इस दौरान करीब 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। इसके बाद तापमान में गिरावट होगा। इस कारण ठंड भी बढ़ेगी। बारिश की वजह से फसलों को नुकसान भी हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। 24 अक्टूबर की सुबह 8:30 बजे तक बंगाल की खाड़ी के मध्य और आसपास के इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ था। इसके

सुखोई, राफेल और तेजस ने बढ़ाया काशी का रोमांच






संक्षेप

पिरामल फाइनेंस का शुद्ध लाभ 67% बढ़ा

मुंबई। पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने 30 सितंबर 2026 को समाप्त हुई वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में 545 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में कंपनी के लाभ में 67% की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में कंपनी का कुल शुद्ध लाभ बढ़कर 1,006 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 67% अधिक है।

कैच का नया प्रोडक्ट लॉन्च

मुंबई। कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने कैच जिंजर गार्लिक पेस्ट के लिए एक नया कैंपेन जारी किया है, जिसके साथ भारत में इस कैटेगरी की पहली स्क्वीजी बोतल पेश की गई है। पैकेज्ड जिंजर गार्लिक पेस्ट रसोई की सबसे तेजी से बढ़ती कैटेगरी में से एक है और आज के उपभोक्ता स्वाद से समझौता किए बिना सुविधा चाहते हैं। कैच हमेशा से असली स्वाद का पर्याय रहा है।

लाइमलाइट ने किया अपना विस्तार

नयी दिल्ली। लाइमलाइट लैब ग्रोन डायमंड्स ने गोरखपुर के मेडिकल रोड पर अपना दूसरा एक्सक्लूसिव स्टोर खोला है। इस नए स्टोर के साथ उत्तर प्रदेश में ब्रांड की रिटेल मौजूदगी और मजबूत हुई है। यह लॉन्च ब्रांड के तेजी से बढ़ते मजबूत रिटेल नेटवर्क को दर्शाता है ग्राहकों की बदलती पसंद को स्ट्रेटेजिक तरीके से पूरा करने की दिशा में ब्रांड के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करता है।

कहीं भी युद्ध होना, हर जगह शांति के लिए खतरा



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि आतंकवाद का इस्तेमाल किसी देश की नीतियों को आगे बढ़ाने के साधन के रूप में करना पूरी तरह अस्वीकार्य है तथा इसे कभी उचित नहीं ठहराया जा सकता और न ही इसके पक्ष में कोई तर्क दिया जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद का खतरा इसलिए बना हुआ है, क्योंकि सभी देश इसे बिल्कुल न बर्दाश्त करने की नीति वास्तव में नहीं अपनाते हैं।

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में किसी देश का नाम लिए बगैर कहा कि इतिहास में आतंकवाद से जुड़े कई सबक मिलने के बावजूद कुछ देश अब भी राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देते हैं। चिन्मय मिशन की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने शांति के महत्व पर जोर दिया, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष जारी है। कहीं भी युद्ध होना, हर जगह शांति के लिए खतरा है। उन्होंने दुनिया में हो रहे दो बड़े संघर्षों --यूक्रेन और पश्चिम एशिया का जिक्र करते हुए कहा कि दूर-दराज के समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और ऐसे लोगों को, जिनका इन मामलों से बहुत कम लेना-देना है, असल में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। हम मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। जब हम यह कहते हैं कि बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र समाधान है, तो भारत वैश्विक भावनाओं को ही व्यक्त कर रहा होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत शांति स्थापना की दिशा में प्रयास कर रहा है और इस उद्देश्य के लिए अन्य साझेदारों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। आतंकवाद शांति के लिए एक और घातक खतरा है। आतंकवाद का इस्तेमाल किसी देश की नीतियों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के साधन के रूप में करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। इसे कभी उचित नहीं ठहराया जा सकता और न ही इसके पक्ष में कोई तर्क दिया जा सकता है। इसके बावजूद आतंकवाद जारी है, क्योंकि सभी देश इसे बिल्कुल न बर्दाश्त करने का रुख वास्तव में नहीं अपनाते। इतिहास में इतने सबक मिलने के बावजूद कुछ देश अब भी राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देते हैं।

एफपीआई ने 48056 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 48,056 करोड़ रुपये निकाले हैं। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, महंगाई की चिंता और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है।

हालांकि, पिछले सप्ताह के दौरान उनकी बिकवाली की रफ्तार में उल्लेखनीय कमी आई और दो कारोबारी सत्रों में वे शुद्ध खरीदार भी रहे। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में भारतीय शेयरों से 35,861 करोड़ रुपये निकाले थे। इससे पहले जुलाई में उन्होंने 20,200 करोड़ रुपये और अगस्त में



29,631 करोड़ रुपये का निवेश किया था। अक्टूबर की निकासी के साथ ही वर्ष 2026 में भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 3.08 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह वर्ष 2025 के पूरे साल में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के पीछे कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, पश्चिम एशिया तनाव, कंपनियों के कमजोर नतीजे, महंगाई की आशंकाएं और घरेलू बाजार में नकदी की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता प्रमुख कारण हैं। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर करीब 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। 30,213 करोड़ रुपये के जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ने भी अस्थायी रूप से बाजार की नकदी को कम किया। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर निवेशकों द्वारा पोर्टफोलियो में बदलाव ने भारतीय शेयर बाजार पर दबाव बढ़ाया।

ओप्पो फाइंड एक्स10 सीरीज लॉन्च

नई दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने अपनी नई ओप्पो फाइंड एक्स10 सीरीज लॉन्च की है, जिसमें ओप्पो फाइंड एक्स10 और ओप्पो फाइंड एक्स10 प्रो मैक्स शामिल हैं। इसके साथ ही ओप्पो की इनोवेटिव और प्रीमियम फ्लैगशिप फाइंड एक्स सीरीज की 10वीं पीढ़ी की शुरूआत हो गई है। प्रीमियम स्मार्टफोन अनुभव का एक नया पैमाना तय करने के लिए तैयार की गई फाइंड एक्स10 सीरीज में शानदार टू-टू-लाइफ इमेजिंग, बेमिसाल परफॉर्मेंस, जबरदस्त बैटरी बैकअप और आकर्षक रिफाइंड डिजाइन का मेल है। इसके साथ ही, नया कलरओएस 17 यूजर्स को एक बेहतरीन और स्मूथ सॉफ्टवेयर अनुभव प्रदान करता है।

शॉपर्स स्टॉप गिफ्ट्स का नया कलेक्शन लॉन्च

मेरठ। शॉपर्स स्टॉप गिफ्ट्स ऑफ लव के साथ तोहफे देने की भावना को नया रंग दे रहा है। यह त्योहारी गिफ्टिंग का एक क्यूरेटेड कलेक्शन है, जो उन तमाम रिश्तों का जश्न मनाता है, जिनसे यह मौसम सार्थक बनता है। शॉपर्स स्टॉप के कस्टमर केयर एसोसिएट और सीएमओ जितेन महेंद्र ने कहा दिवाली रिश्तों का त्योहार है, और तोहफे देना प्यार और सराहना जताने के सबसे सार्थक तरीकों में से एक है। तीन स्तंभों के जरिए त्योहारी खरीदारी को महज लेनदेन से आगे ले जाना है।

आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.55 लाख करोड़ घटा



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया। इसमें एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

छुट्टियों के कारण छोटे रहे कारोबारी सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,605.44 अंक यानी 2.15 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 546.15 अंक यानी 2.36 प्रतिशत गिर गया। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण चार कारोबारी सत्रों में 20,78,774.28 करोड़ रुपये घटकर 4,51,83,393.14 करोड़ रुपये रह गया। 16 अक्टूबर को यह 4,72,62,167.42 करोड़ रुपये था। शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में कुल 1,55,671.9 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रमुख नुकसान वाली कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 55,506.95 करोड़ रुपये घटकर 10,67,121.12 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 34,180.51 करोड़ रुपये घटकर 5,77,146.21 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 27,065.08 करोड़ रुपये घटकर 16,10,372.11 करोड़ रुपये और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का 21,062.24 करोड़ रुपये घटकर 4,81,142.58 करोड़ रुपये रह गया।

कंपनियों के नतीजों तय करेंगे बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में सूचीबद्धता, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और वैश्विक बाजारों के रुझान भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। निवेशक 28 अक्टूबर को जारी होने वाले सितंबर के औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस सप्ताह टीवीएस मोटर,

पीएनजी ज्वेलर्स का सप्तम कलेक्शन लॉन्च

कानपुर। पीएनजी ज्वेलर्स ने दिवाली के अवसर पर अपने विशेष अभियान की घोषणा की है। इस अभियान का मुख्य आकर्षण सप्तम कलेक्शन है। दिवाली भारत में सोने की खरीदारी के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। विशेषकर त्योहारों और आगामी विवाह समारोहों के लिए। सप्तम कलेक्शन के माध्यम से हम दिवाली से जुड़ी भावनाओं को खूबसूरत आभूषण डिजाइनों में प्रस्तुत कर रहे हैं।

इंटरटेनमेंट...

गाड़ी पर फायरिंग के बाद टाइगर श्रॉफ ने बेचा करोड़ों का फ्लैट



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने मुंबई के खार वेस्ट स्थित अपना नौवीं मंजिल का अपार्टमेंट 9 करोड़ रुपये में बेच दिया है. प्रॉपर्टी की इस डील का रजिस्ट्रेशन 22 अक्टूबर को हुआ, जबकि 18 अक्टूबर को जुहू में टाइगर श्रॉफ की गाड़ी को निशाना बनाकर फायरिंग की घटना हुई थी।

यह अपार्टमेंट खार वेस्ट की 18वीं रोड स्थित रुस्तमजी पैरामाउंट को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के डी विंग में है. फ्लैट का कारपेट एरिया 1,291.14 वर्ग फुट है. इसके अलावा 95.80 वर्ग फुट का अतिरिक्त विशेष क्षेत्र भी शामिल है. इस सौदे में दो कवर्ड पार्किंग स्पेस भी दिए गए हैं. प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन के दौरान खरीदारों ने 54 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई। रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स फर्म उफए टं३१७ की तरफ से शेयर किए गए डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ का अपार्टमेंट मुंबई के खार वेस्ट स्थित रुस्तमजी पैरामाउंट डी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी की नौवीं मंजिल पर है। इस अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 1,291.14 वर्ग फुट है, जबकि एक्सक्लूसिव एरिया 95.80 वर्ग फुट है. संपत्ति की बिक्री करीब 64,891 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से हुई. इस सौदे में 54 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई गई. अपार्टमेंट के साथ दो कवर्ड कार पार्किंग की जगहें भी शामिल हैं। डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, टाइगर श्रॉफ ने 17 जुलाई 2018 को डेवलपर कीस्टोन रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड से यह अपार्टमेंट 7.61 करोड़ रुपये में खरीदा था. स्क्वायर याड्र्स द्वारा जांचे गए डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, लगभग एक साल पहले, टाइगर श्रॉफ ने इसी प्रोजेक्ट में एक और फ्लैट 15.6 करोड़ रुपये में बेचा था. इस सौदे में उन्हें लगभग 31% का मुनाफा हुआ।

जैपकी द्वारा हासिल किए गए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, 2026 में इससे पहले अभिनेता ने पुणे के हडपसर में एक रिहायशी प्रॉपर्टी 8.87 करोड़ रुपये में बेची थी. जैपकी के मुताबिक, उन्होंने इसे मार्च 2024 में 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिससे उन्हें निवेश पर 18.3% का कुल रिटर्न मिला।

रजनीकांत ने जेलर 2 से तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड



मुंबई। साउथ सुपरस्टार रजनीकांत का कोई सानी नहीं है. वे अगर कोई रिकॉर्ड तोड़ते भी हैं तो वो रिकॉर्ड उनका ही होता है. सिर्फ तमिल सिनेमा ही नहीं हिंदी फिल्मों में भी उन्हें पसंद किया जाता है. वहीं दूसरी तरफ विदेशों में भी उनकी फिल्में बंपर कमाई करती हैं. अब उनकी फिल्म जेलर 2 के साथ भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है. भारत में तो इसकी बंपर कमाई जारी है लेकिन विदेश में भी फिल्म अपनी कमाई से चौंकाती नजर आ रही है. फिल्म ने रिलीज के 10 दिन में ही तमिल सिनेमा का सबसे बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

उनकी फिल्म जेलर 2 अब तमिल सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी फिल्म बन गई है और 600 करोड़ का कलेक्शन पार करने वाली रजनीकांत की तीसरी फिल्म और तमिल सिनेमा की चौथी फिल्म बन गई है. जेलर 2 ने 10 दिन में कुल कितनी कमाई कर ली है आइए जानते हैं।

सैकनिल्क की रिपोर्ट्स की मानें तो जेलर 2 फिल्म ने रिलीज के 10वें दिन यानी शनिवार को धुआंधार कलेक्शन कर के दिखाया है. फिल्म ने 10वें दिन 24.15 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. ये कलेक्शन अपने आप में शानदार है. पिछले दिन के मुकाबले जेलर 2 की कमाई में 10 करोड़ के करीब का उछाल देखने को मिला है. अब देखने वाली बात होगी कि रविवार को ये मूवी कितना कलेक्शन कर के दिखाती है. उम्मीद है कि फिल्म 700 करोड़ पार कर सकती है। फिल्म का 10 दिनों का नेट कलेक्शन 334.35 करोड़ रुपये का हो चुका है. वहीं दूसरी तरफ इस फिल्म ने ग्रॉस कलेक्शन के मामले में 436.80 करोड़ की कमाई कर ली है. विदेश से इस फिल्म ने 10 करोड़ कमाए हैं जिससे इसका ओवरसीज कलेक्शन 229.50 करोड़ रुपये का हो चुका है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में 666.30 करोड़ रुपये की कमाई कर के दिखा दी है. इसकी के साथ फिल्म ने 2.0 फिल्म का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. 2.0 फिल्म ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में 660 करोड़ रुपये की कमाई कर ली थी. अब जेलर 2 इस फिल्म से आगे निकल गई है. देखना रोचक होगा कि फिल्म भविष्य में कितना कलेक्शन कर सकती है।


BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NAAC Accredited
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
150000+ Alumni
ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
Engineering
Management
Legal Studies
Pharmacy
Architecture
Dental Science
Computer Applications
Basic Sciences
Education
Hotel Management
Agricultural Sciences
Media & Communication
Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI | MBA- DS & AI | IMBA- DS & AI
BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in
BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity)
Student's Mall & Cafeteria
Transport & Health Services
Lord Siddhi Ganesha Temple
In Campus Bank and ATM
AC & Non-AC Hostels
BCCI Approved Cricket Stadium
BBD 90.8FM Channel
24x7 Security & Wifi
Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com